CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 24°C

देहरादून, बुधवार 13 अगस्त 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 6 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बीके सिंह यूपी के नए पुलिस महानिदेशक नियुक्त
पेज 2



कोहली का जलवा इंस्टाग्राम पर बरकरार
खेल टाइम्स



गायब होती नौकाएं और विमान का कारण बर्मूडा ट्रायंगल
सम्पादकीय



पाक ने भारतीय राजनयिकों के घरों की गैस सप्लाई रोकी
पेज 12

# अब फिर से नहीं बसेगा धराली, पूरा गांव नई जगह होगा शिफ्ट

चिरंजीव सेंमवाल



- धराली में आई आपदा के बाद सरकार का साहसिक कदम, संवेदनशील है धराली का इलाका, 42 लापता का अभी तक सुराग नहीं

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में 5 अगस्त को दिन के 1:15 बजे खीर गंगा गाड़ में आए सैलाब ने धराली को 34 सेकंड में पूरी तरह तबाह कर दिया। यहां के मकानों, कई भवनों, होटल, होमस्टे, सेब के बागानों सहित पूरे गांव को जमींदोज कर दिया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि आपदा में तबाह हुए धराली को अब उसी स्थान पर फिर से नहीं बसाया जाएगा, बल्कि सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। नदियों के किनारे और भूस्खलन-प्रवण क्षेत्रों में नए निर्माण पर भी रोक लगाई जाएगी। पिछले कई वर्षों में धराली तीन बार आपदाओं का सामना कर चुका है, लेकिन हर बार गांव दोबारा बसाया गया। इस बार प्रशासन ने स्थायी विस्थापन की दिशा में कदम उठाया है। अपर सचिव बंशीधर तिवारी के अनुसार, ग्रामीणों से नई बसावट को लेकर बातचीत शुरू हो गई है। लोग 8 से 12 किमी दूर लंका, कोपांग या जांगला में बसाए जाने की मांग कर रहे हैं। वहीं, हर्षिल में आई आपदा में सेना का कैंप भी बह गया था। इसलिए नया कैंप लगाने के लिए सेना श्रीखंड पर्वत और आसपास के ग्लेशियरों, झीलों की रेकी करेगी। सरकार ने अब तक 42 लोगों के लापता होने की पुष्टि की -शेष पृष्ठ दो पर

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव मंजूर

शाह टाइम्स ब्यूरो



- स्पीकर ने तीन सदस्यीय कमेटी बनाई
- कहा: आरोप गंभीर, पद से हटाने की कार्रवाई जरूरी

**नई दिल्ली।** कैश कांड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ मंगलवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

स्पीकर ने कहा कि मुझे रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता समेत कुल 146 सदस्यों के हस्ताक्षर से प्रस्ताव मिला है। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को पद से हटाने की मांग है। स्पीकर ने जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी का ऐलान किया। इसमें सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के एक-एक जज और एक कानूनविद शामिल हैं। जांच समिति की रिपोर्ट आने तक यह महाभियोग प्रस्ताव लंबित रहेगा। इस साल 14 मार्च को जस्टिस यशवंत वर्मा के घर का वीडिया वायरल हुआ था। इसमें 500-500 के अधजले नोटों की गड्डियां नजर आई थीं। स्पीकर बिरला ने कहा कि तथ्य करप्शन की तरफ इशारा कर रहे हैं, हमने न्यायाधीश जांच अधिनियम के प्रावधानों का अध्ययन किया है। हमने सुप्रीम कोर्ट के घोषित कानूनों के साथ-साथ कई अन्य फैसलों की जानकारी भी रखी है। सुप्रीम कोर्ट ने शिकायत को गंभीर प्रकृति का पाया है। इनहाउस प्रक्रिया का पालन किया।

## सजा पूरी कर चुके कैदियों को तुरंत रिहा करें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम निर्देश में कहा है कि जो भी कैदी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को निर्देश दिया है कि वे इस बात की पुष्टि करें कि सजा पूरी कर चुका कोई कैदी अभी भी जेल में तो बंद नहीं है। अदालत ने ये भी कहा कि अगर कोई ऐसा कैदी पाया जाता है, जिसकी सजा पूरी हो चुकी है और वह किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है, तो उसे तुरंत रिहा किया जाए।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की कोई योजना नहीं: केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सदन में कहा है कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की कोई योजना नहीं है। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने हरिद्वार से भाजपा सांसद त्रिवेंद्र के सवाल के जवाब में ये बात कही। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 246(3) के अनुसार, केंद्र और राज्यों के बीच बांटी गई विधाई शक्तियों के मुताबिक पशुओं का संरक्षण ऐसा मामला है जिस पर राज्य विधानमंडल को कानून बनाने का विशेष अधिकार है।

# आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## बिहार SIR को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा: आधार का सत्यापन जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सितम्बर के आखिर तक किसी भी स्तर पर अवैधता साबित हो जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि आधार कार्ड को नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं माना जा सकता।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ इस बात की जांच कर रही है कि क्या चुनाव आयोग के पास इस तरह का सत्यापन अभियान चलाने का कानूनी अधिकार है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अगर उनके पास यह शक्ति नहीं है, तो मामला यहीं खत्म हो जाएगा, लेकिन अगर है, तो कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आधार अधिनियम की धारा 9 का उल्लेख करते हुए कहा कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं है और इसका सत्यापन जरूरी है। राजद सांसद मनोज झा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि चुनाव आयोग की यह प्रक्रिया बड़ी संख्या में मतदाताओं के बहिष्कार का कारण बन सकती है, खासकर उन लोगों के लिए जो निर्धारित फार्म जमा नहीं कर पाते। उन्होंने आरोप लगाया कि 2003 से मतदाता सूची में शामिल लोगों को भी नए सिरे से फार्म भरने को कहा जा रहा है और फार्म न भरने पर, पते में कोई बदलाव न होने के बावजूद, नाम हटा दिए जा रहे हैं। कई मामलों में जीवित मतदाताओं को मृत घोषित कर दिया गया और मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने हुए हैं। पीठ ने कहा कि उच्च प्रतिक्रिया दर बड़े पैमाने पर नाम कटने के दावों को कमजोर करती है। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि मौजूदा वोटर लिस्ट में शामिल लोगों के खिलाफ नकारात्मक धारणा बनाना गलत है। यह मामला तत्काल हस्तक्षेप का हकदार है, वरना चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर असर पड़ सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर से दोहराया कि अगर सितम्बर के आखिर तक किसी भी स्तर पर अवैधता साबित हो जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है।

## योगेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग के उड़ाए तोते

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट में मामला सम्भाल ले गया था, मगर तभी योगेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट में बिहार के दो ऐसे लोगों को पेश किया, जिन्हें चुनाव आयोग ने मृत घोषित कर मतदाता सूची से नाम हटा दिया था,जबकि वे जीवित थे। उन्होंने इसे प्रक्रिया की गड़बड़ी का एक उदाहरण बताया। बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले की सुनवाई मंगलवार को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की बेंच ने की। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं और चुनाव आयोग की दलीलें सुनीं। याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल, प्रशांत भूषण, और अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया गैर-पारदर्शी और मनमानी है, जिससे लाखों मतदाताओं, खासकर गरीब और प्रवासी समुदायों का मताधिकार -शेष पृष्ठ दो पर

# वोटर वेरिफिकेशन पर राहुल ने कहा: पिक्चर अभी बाकी है

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है।

बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा कि हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं। पिक्चर अभी बाकी है। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग यह जानता है और हम भी जानते हैं। पहले कोई सबूत नहीं था, लेकिन अब हमारे पास सबूत हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। एक व्यक्ति एक वोट संविधान की नींव है। ईसी का कर्तव्य है कि वो एक -शेष पृष्ठ दो पर

## आवारा कुत्तों के साथ क्रूरता नहीं होनी चाहिए: राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से आवारा कुत्तों को हटाने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश को बेजुबानों के साथ क्रूरता और एक प्रतिगामी कदम बताते हुए कहा है कि यह हमारी दशकों पुरानी मानवीय और विज्ञान-आधारित पशु कल्याण नीति को कमजोर करता है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने का उच्चतम न्यायालय का निर्देश दशकों से चली आ रही मानवीय, -शेष पृष्ठ दो पर


















## संक्षिप्त समाचार

### फतेहपुर में धार्मिक स्थल के आसपास तनावपूर्ण शांति

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में मकबरा को लेकर दो संप्रदायों के बीच हुए विवाद के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में दस नामजद समेत 16 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है हालांकि अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाले भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष को नामजद नहीं किया गया है, जिससे छुटभैए भाजपा नेताओं में आक्रोश है। बीते सोमवार को शहर के आबू नगर मोहल्ले में 300 वर्ष पुराना मकबरा को एक संप्रदाय के लोगों ने शिव मंदिर घोषित किया था।

### मुंबई से दो नई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करेगी इंडिगो

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने सितंबर में मध्य एशियाई देशों के लिए मुंबई से दो नई उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने मंगलवार को बताया कि वह 01 सितंबर से उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद और 2 सितंबर से कजाकिस्तान के अल्माटी के लिए मुंबई से सीधी उड़ानें शुरू करेगी। दोनों उड़ानें सप्ताह में चार दिन होंगी।

### परिषद के बाहर गिर पड़े पूर्व मंत्री बलराम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विधानभवन में मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधान परिषद की कार्यवाही में हिस्सा लेने पहुंचे पूर्व मंत्री व विधान परिषद सदस्य बलराम यादव परिषद के बाहर गिर पड़े। अचानक उनके गिरने से मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें उठाकर सोफे पर बिठाया। तकरीबन 20 मिनट बाद यादव नार्मल हुए।

## आईपीएस बीके सिंह यूपी पुलिस के नए महानिदेशक नियुक्त किए गए



**लखनऊ।** सीनियर आईपीएस अधिकारी बीके सिंह को यूपी पुलिस का नया महानिद.ेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। उनका पूरा नाम बिनोद के सिंह है और वह 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। बीके सिंह मूल रूप से बिहार की राजधानी पटना के रहने वाले हैं, उनके पिता का नाम श्रीकृष्णा सिंह हैं। सिंह का जन्म नौ मई 1971 को हुआ था। बीके सिंह ने इतिहास विषय से एमए, एमफिल और एलएलबी किया है।

सीनियर आईपीएस बीके सिंह मौजूदा समय में अपर पुलिस महानिदेश साइबर क्राइम के पद पर तैनात हैं उन्हें अभी तक कई महत्वपूर्ण सम्मान से नवाजा जा चुका है। इस आशय की जानकारी राज्यपाल की आज्ञा से प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने दी है।

## यूपी में 67.50 लाख बुजुर्गों को मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में 67.50 लाख पात्र बुजुर्गों तक पेंशन की राशि पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे पहले बीते वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में ही योगी सरकार ने अपने लक्ष्य के अनुरूप 56 लाख गरीब बुजुर्गों के खाते में 1000 रुपए प्रतिमाह की दर से पेंशन की राशि देकर उनका आर्थिक सहायता कर चुकी है।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सरकार ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वर्ष 2025.26 में वृद्धावस्था पेंशन योजना में पेंशनरों का लक्ष्य 61 लाख निर्धारित किया था, जिसे पहले ही वित्तीय वर्ष में प्राप्त कर आगे का नया लक्ष्य तय किया है। इस महत्वपूर्ण फैसले से सरकार ने प्रदेश के बुजुर्गों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। साथ ही सिंगल नोडल एकाउंट प्रणाली ने पेंशन की प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया है, जहां पेंशन सीधे आधार, लिंक्ड खातों में जाती है, बिना किसी मध्यस्थ के। इससे सरकारी धन का



■ 2024-25 में 5599997 लाभार्थियों को मिल चुका पेंशन का लाभ

सदुपयोग सुनिश्चित होता है और लाभार्थी बिना देरी के लाभ पाते हैं। एसएनए प्रणाली का इस्तेमाल न केवल वितरण को तेज करता है, बल्कि ऑडिट और ट्रैकिंग को आसान बनाता है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगता है और हर पैसे का हिसाब रखा जाता है। वृद्धावस्था पेंशन योजना योगी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रमुख हिस्सा है, जो बुजुर्गों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने पर केंद्रित है। इस योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र के आर्थिक रूप से कमजोर वृद्धजनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए की पेंशन प्रदान की जाती है, जिससे उनके जीवन के अंतिम वर्षों में वित्तीय परेशानियां कम होती हैं। योगी सरकार ने इस योजना को शुरू से ही प्राथमिकता दी है। 2017 में जब योजना का विस्तार शुरू हुआ, तब लाभार्थियों की संख्या 37.47 लाख थी, जो आज 67.50 लाख के लक्ष्य तक पहुंच गई है। यह वृद्धि सरकार की सक्रियता का नतीजा है, जहां विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर पात्र बुजुर्गों को चिह्नित किया गया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर यदि तय लक्ष्य से अधिक पात्र मिलते हैं, तो उन्हें भी योजना में शामिल किया जाता है। इस योजना के तहत पिछले कुछ वर्षों में लाभार्थियों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2018.19 में 40,71,580 वृद्धजनों को इस योजना का लाभ मिला, जिसमें 187913.10 लाख रुपए की धनराशि खर्च की गई। 2019.20 में यह संख्या बढ़कर 47,99,480 हो गई और 269774.45 लाख रुपए का व्यय हुआ। 2020.21 में 51,24,155 लाभार्थियों को 369449.13 लाख रुपए की पेंशन मिली। 2021.22 में 51,92,779 वृद्धजनों को 427790.56 लाख रुपए की पेंशन दी गई। 2022.23 में यह संख्या 54,97,237 तक पहुंच गई, और इस पर कुल 608374.50 लाख रुपए खर्च हुए। 2023.24 में 55,68,590 वृद्धजनों को इस योजना का लाभ मिला है।

## फतेहपुर मामले में सरकार सख्त कदम उठाए: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को कहा कि फतेहपुर में मकबरा विवाद पर सरकार सख्त कदम उठाए जिससे सांप्रदायिक सदभाव खराब न हो सके। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा कि यूपी के जिला फतेहपुर में मक़बरा व मन्दिर होने को लेकर चल रहे विवाद/बवाल पर सरकार को किसी भी समुदाय को ऐसा कोई भी क़दम नहीं उठाने देना चाहिए, जिससे वहां साम्प्रदायिक तनाव पैदा हो जाए तथा आपसी भाईचारा व सद्भाव भी बिगड़े। सरकार इस मामले को ज़रूर गम्भीरता से ले तथा ज़रूरत पड़ने पर सख्त क़दम भी उठाए। गौरतलब है कि फतेहपुर जिले के आबू नगर में सोमवार को धार्मिक स्थल पर दावे को लेकर दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गए थे। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हिंसा फैलाने के आरोप में दस नामजद समेत 160 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही आज तक के लिए स्थगित

# फतेहपुर मामले पर हंगामे के बीच कई बिल पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को फतेहपुर मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने प्रश्नकाल के बाद लगभग घंटे भर तक हंगामा किया, जिसकी वजह से विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी।

सपा के सदस्य फतेहपुर के मामले को लेकर लगातार सदन के भीतर नारेबाजी कर सरकार से इस मामले पर चर्चा की मांग कर रहे थे। हंगामे को देखते हुए सरकार की तरफ़ से संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने फतेहपुर मामले पर जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने समय रहते



■ सपा सदस्यों ने प्रश्नकाल के बाद एक घंटे तक किया हंगामा सरकार ने दिया जवाब

कार्रवाई की है और एफआईआर भी दर्ज की गई है। दोषियों के खिलाफ़ विभिन्न धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया है। सरकार इस मामले में कठोर कार्रवाई करेगी। सुरेश खन्ना के जवाब देने के बाद भी समा. जवादी पार्टी के सदस्य नारेबाजी करते रहे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने अपना जवाब दिया है अब सपा के सदस्यों को शांत हो जाना चाहिए। लेकिन सपा की तरफ़ से नारेबाजी जारी रही। नारेबाजी बंद न होने पर हंगामे के बीच ही कैग की रिपोर्ट टेबल की गई। इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को भी सदन में रखा गया। हंगामे के बीच करीब 50 मिनट तक कार्यवाही जारी रही। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डे ने सदन के भीतर फतेहपुर का मामला उठाया और कार्य स्थगन प्रस्ताव के ज़रिए सदन में चर्चा कराने की बात कही।

### फतेहपुर में मकबरा विवाद में लिप्त पप्पू सिंह चौहान को सपा ने पार्टी से निकाला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में मकबरा विवाद में संलिप्तिता पाए जाने पर समाजवादी पार्टी ने अपने कार्यकर्ता पप्पू सिंह चौहान को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। हांलाकि पप्पू चौहान ने वीडियो जारी कर सपा को सनातन विरोधी बताते हुए पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान किया है। गौरतलब है कि फतेहपुर के आबूनगर में मकबरा को मंदिर बताते हुए हिन्दूवादी संगठनों ने सोमवार को विवादित स्थल पर पूजा अर्चना की थी। इस सिलसिले में पुलिस ने दस नामजद समेत 160 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर में पप्पू चौहान का भी नाम है। सपा आलाकमान ने मकबरा विवाद में पप्पू चौहान का नाम आते ही उसे पार्टी से बाहर करने का ऐलान किया। फतेहपुर में सपा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने एक पत्र जारी कर कहा कि हुसैनगंज तहसील के गांव रहिमालन के पुरवा निवासी पप्पू सिंह चौहान को पार्टी विरोधी गति. विधियों में शामिल होने के कारण तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया जाता है। इससे पहले पप्पू चौहान ने एक वीडियो जारी कर कहा कि मुस्लिमो की रहनुमा सपा वही काम करती है, जो मुस्लिमों को पसंद है। उन्हें अपने किए पर कोई अफसोस नहीं है और वह सनातनी है और सनातन के पक्ष में हमेशा खड़े रहेंगे।

## सपा के शासनकाल में था माफिया का बोलबाला: मौर्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में अपराधियों, माफिया का बोलबाला था। सपा के शासन में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती थी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त है। अपराध होता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी होती है।

विधान परिषद में कानून व्यवस्था का मसला सपा की तरफ से उठाए जाने पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पहले अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता था। मुख्यमंत्री आवास तक में अपरा. धियों की पैठ थी। सपा के समय में यूपी में भय का वातावरण था। 2017 के चुनाव से पहले समा.



जवादी पार्टी अहंकार के आक. ाश पर चढ़ गई थी। जनता को लगा कि सपा सरकार आएगी तो फिर से वही स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। उन्होने कहा कि सपा डूबती हुई नाव है। 2017 में सपा के साथ जो हुआ वहीं 2027 में होगा। भ्रष्टाचारी, अपराधियों को राजनीति में आगे लाने का काम सपा ने किया। सपा के शासनकाल में कोई भी पर्व त्यौहार सकुशल संपन्न नहीं होते थे। 2027 में गरीबों के उत्थान के लिए फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। इससे पूर्व नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि यूपी में रक्षक ही भक्षक बन गए हैं।



सेंसेक्स 80235.59
निफ्टी 24487.40



सोना रु. 99549
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113593
प्रति किलो





## बैंकिंग, एफएमसीजी शेयरों में बिकवाली से टूटे प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को एक बार फिर गिरावट देखी गई और बैंकिंग तथा एफएमसीजी शेयरों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 368.49 अंक (0.46 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,235.59 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 97.65 अंक यानी 0.40 प्रतिशत टूटकर 24,487.40 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को दोनों सूचकांक करीब एक प्रतिशत की बढ़त में बंद हुए थे। निजी बैंक, वित्तीय सेवा, रियलिटी और एफएमसीजी क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद क्षेत्र की कंपनियों में भी बिकवाली हुई। ऑटो, आईटी, धातु और फार्मा सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर टूट गए। बजाज फाइनेंस का शेयर 2.87 प्रतिशत, ट्रेंट का 1.36 प्रतिशत और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.35 प्रतिशत फिसल गया। एचडीएफसी बैंक, इटरनल और आईसीआईसीआई बैंक में भी गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टीसीएस, इंफोसिस और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। वहीं मारुति सुजुकी का शेयर 2.06 फीसदी चढ़ा। टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और टाटा स्टील के शेयर भी बढ़त में रहे। जहां बड़ी और मझौली कंपनियों में निवेशकों ने बिकवाली की, वहीं छोटी कंपनियों में विश्वास दिखाते हुए उनके शेयरों में पैसा लगाया। एनएसई में निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त में रहा, जबकि मिडकैप 50 सूचकांक 0.42 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। सौ शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 भी 0.34 प्रतिशत टूट गया। सुबह सेंसेक्स 95.57 अंक की गिरावट में 80,508.51 अंक पर खुला और कुछ ही देर में हरे निशान में चला गया। दोपहर बाद तक सूचकांक में सीमित उतार-चढ़ाव बना रहा लेकिन आखिरी डेढ़ घंटे में मुनाफा वसूली होने से यह अंत में 368 अंक टूट गया। इस दौरान सेंसेक्स ऊपर 80,997.67 अंक और नीचे 80,164.36 अंक तक गया जो 800 अंक से अधिक का उतार-चढ़ाव है।

### सोने के दाम में गिरावट चांदी महंगी हुई

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई है। जबकि चांदी महंगी हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 408 रुपए गिरकर 99,549 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,957 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 92 रुपए बढ़कर 1,13,593 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,501 रुपए पर थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,100 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,000 रही। 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,387 रुपए बढ़कर 99,549 रुपए पर पहुंच गया है।

## चावल महंगा, गेहूं सस्ता, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़, चीनी मजबूत

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत दाम बढ़ गए जबकि गेहूं में नरमी रही। खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख देखने को मिला। चीनी में मजबूती देखी गई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 16 रिंगिट चढ़कर 4,400 रिंगिट प्रति टन बोला गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.08 प्रतिशत फिसलकर 52.43 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब नौ रुपए बढ़कर 3,835.89 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं दो रुपए की मामूली गिरावट में 2,839.29 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 3,293.82 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। सरसों तेल औसतन छह रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। मूंगफली तेल में पांच रुपए की तेजी रही। वनस्पति 65 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। पाम ऑयल में नौ रुपए की तेजी रही।



सूरजमुखी तेल में दो रुपए की मामूली गिरावट देखी गई। सोया तेल 14 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत 15 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल सात रुपए नरम हुई जबकि तुअर दाल 14 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल में 15 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल मूंग भी सात रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव 18 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अब फिर...**

है, जबकि स्थानीय लोग यह संख्या 60 से अधिक बता रहे हैं। इनमें 29 नेपाली मजदूर भी शामिल हैं, जिनमें से 5 से संपर्क हो चुका है और 24 अब भी लापता हैं। फिलहाल केवल एक शव बरामद हुआ है, जबकि मलबे में दर्जनों लोगों के दबे होने की आशंका है। गंगनानी से आगे लिम्चागाड़ में टूटा पुल अब के स्थान पर वैली ब्रिज तैयार हो गया है, जिससे उत्तरकाशी और धराली का संपर्क फिर से जुड़ गया, लेकिन भूस्खलन से गंगोत्री हाईवे डबारानी और धराली से पहले 350 मीटर बंद है।

**वोटर वेरिफिकेशन...** व्यक्ति एक वोट को लागू करे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। हम ऐसा करते रहे हैं और करते रहेंगे। दरअसल संसद के दोनों सदनों में भी बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा चल नहीं पाई। सदन की कार्यवाही शुरू के होने के पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे। विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं। वहीं संसद के दोनों सदनों में बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने कागज फाड़कर स्पीकर की कुर्सी की ओर फेंके गए। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल सदन की कार्यवाही चला रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के उपनेता की ओर से इशारा किया गया। इसके बाद कागज फाड़कर चेयर की ओर फेंके गए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि आपने सदन की गरिमा गिराई है। देश आपको माफ नहीं करेगा। आपके क्षेत्र के लोग आपसे दुखी होंगे। इसके बाद लोकसभा सोमवार 18 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि चुनाव आयोग से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सीवान के दरौंदा विधानसभा की वोटर के रूप में रजिस्टर्ड मिंता देवी की उम्र 124 नहीं बल्कि 35 साल थी। उनके आवेदन में गलती के कारण उनकी उम्र में बदलाव किया गया।

**योगेंद्र यादव ने ...**

छिन सकता है। कपिल सिब्बल ने बताया कि एक निर्वाचन क्षेत्र में 12 जीवित लोगों को मृत दिखाकर उनकी वोटर लिस्ट से नाम हटाए गए। चुनाव आयोग ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना है और यह प्रक्रिया कानूनी है। आयोग ने दावा किया कि 65 लाख नाम हटाए गए, जिनमें 22 लाख मृतक और 36 लाख स्थानांतरित लोग शामिल हैं। हालांकि, आयोग ने इन नामों की सूची सार्वजनिक करने से इनकार किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि बड़े पैमाने पर नाम हटाए गए हैं, तो वह हस्तक्षेप करेगा। जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा कि क्या प्रक्रिया संवैधानिक है और क्या आयोग को नागरि. कता सत्यापन का अधिकार है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर सितम्बर 2025 तक अवैधता साबित होती है, तो पूरी प्रक्रिया रद्द की जा सकती है।

**आवारा कुत्तों...**

विज्ञान-समर्थित नीति से एक कदम पीछे है। ये बेजुबान हैं और इनसे ऐसी कोई 'समस्या' नहीं हैं जिनके कारण उनको खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि आश्रय स्थल, नसबंदी, टीकाकरण और साम. ुदायिक देखभाल के जरिये सड़कों को बिना किसी क्रूरता के सुरक्षित रखा जा सकता है। इनको क्रूरता से हटाना अदूरदर्शी है और हमारी करुणा को खत्म करता है। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जन सुरक्षा और पशु कल्याण साथ-साथ चलें। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि शहर के सभी आवारा कुत्तों को कुछ ही हफ्तों में आश्रय गृहों में भेजने का नतीजा उनके साथ बेहद अमानवीय व्यवहार होगा। उन्हें रखने के लिए पर्याप्त आश्रय गृह भी मौजूद नहीं हैं। शहरी परिवेश में जानवरों के साथ दुर्व्यवहार और क्रूरता होती है। निश्चित रूप से इस स्थिति से निपटने का एक बेहतर और मानवीय तरीका खोजा जा सकता है, जिससे इन मासूम जानवरों की देखभाल की जा सके और उन्हें सुरक्षित भी रखा जा सके। कुत्ते सबसे सुंदर और कोमल प्राणी होते हैं, वे इस तरह की क्रूरता के लायक नहीं हैं। उच्चतम न्यायालय ने कल दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) को राष्ट्रीय राजधानी के सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को तुरंत हटाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि हर इलाके को आवारा कुत्तों से मुक्त बनाने में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

### बिहार वोटर यात्रा के लिए कांग्रेस के जिला समन्वयक नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार को 25 जिला समन्वयक नियुक्त किए। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है। उनकी सूची में इस प्रकार है, रो. हतास में अजय राय तथा रामकिशन ओझा, औरंगाबाद में धीरज गुर्जर, गया में कमलेश्वर पटेल, नवादा के लिए दिनेश गुर्जर (विधायक), नालंदा में दिनेश गुर्जर (विधायक), शेखपुरा में संजय कपूर, जमुई में कुलदीप इंदोरा, लखीसराय में सत्य नारायण पटेल, मुंगेर के लिए नीलांशु चतुर्वेदी, भागलपुर में अशोक को नियुक्त किया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### एआईः कृत्रिम बुद्धिमता का भरपूर उपयोग करेगी सरकार

# उत्तराखंड में नेक्स्ट-जनरेशन डाटा सेंटर होगा स्थापित : धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड की पुष्कर धामी सरकार एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमता का भरपूर इस्तेमाल करने की रणनीति पर काम कर रही है। जिसके तहत मुख्यमंत्री ने कई घोषणाएं की हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं का शुभारंभ किया। इनमें डिजिटल उत्तराखण्ड एप का उद्घाटन, सुरक्षित, स्केलेबल और सुगम्य प्लेटफॉर्म आधारित 66 वेबसाइटों का उद्घाटन, नगरीय क्षेत्र में कूड़ा उठाने वाले वाहनों की रियल टाइम ट्रैकिंग के लिए विकसित की गई जीआईएस आधारित वेब एप का उद्घाटन, जन सुविधा के लिए संच. ालित 1905 सीएम हेल्पलाइन में एआई के अनुप्रयोग नवाचार का शुभारंभ और अतिक्रमण की निगरानी के लिए वेब आधारित एप्लीकेशन का शुभारंभ शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास



### 'हिल से हाइटेक' के मंत्र पर कार्य

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड सुंदर पहाड़ी राज्य होने के साथ ही तकनीकी रूप से दक्ष राज्य के रूप में आगे बढ़े, इसके लिए राज्य सरकार "हिल से हाइटेक" के मंत्र पर कार्य कर रही है। आज प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी 5 महत्वपूर्ण पहलों की शुरुआत की गई है। ये सभी नवाचार शासन व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के साथ ही विभिन्न सेवाओं में गति एवं पारदर्शिता भी लाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया अभियान के माध्यम से प्रौद्योगिकी और नवाचार का विस्तार हुआ है। उनके 'डिजिटल इंडिया' के सपने को साकार करने के लिए राज्य सरकार भी निरंतर प्रयास कर रही है।

### सीएम की घोषणाएं

भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए राज्य में नेक्स्ट-जनरेशन डेटा सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत डिजास्टर रिकवरी के लिए भी एक अलग से मैकेनिज्म बनाया जाएगा। राज्य में शीघ्र ही भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए "एआई मिशन" प्रारंभ किया जाएगा, जिसे "एक्सीलेंस सेंटर" के रूप में विकसित किया जाएगा। गुड गवर्नेंस की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए राज्य में नेक्स्ट-जनरेशन रिमोट सेंसिंग एवं ड्रोन एप्लीकेशन सेंटर का विकास किया जाएगा। राज्य में एक विशिष्ट आईटी कैडर स्थापित करने के लिए सरकार प्रयास करेगी।

प्लेटफॉर्म पर आधारित 66 नई सरकारी वेबसाइटें विभागीय जानकारी को सुरक्षित, त्वरित और पारदर्शी तरीके से जनता तक पहुंचाएंगी।

जीआईएस आधारित वेब ऐप शहरी क्षेत्रों में कूड़ा उठाने वाले वाहनों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग करेगा। इस अवसर पर विधायक खजानदास, प्रमुख सचिव एल. फैनई, सचिव नितेश झा, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, नीरज खेरवाल, डॉ. वी. षणमुगम, श्रीधर बाबू अदांकी, महानिदेशक यू-कॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, निदेशक आईटी गौरव कुमार (वर्चुअल माध्यम), नगर आयुक्त देहरादून नमामि बंसल, संबंधित विभागों के अपर सचिव एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।



## सीएम ने आईटीडीए निदेशक सहित 11 अफसरों को नवाजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्यड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को आईटी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 11 अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखंड के डिजिटल भविष्य को नई ऊंचाई देने के लिए कई महत्वाकांक्षी घोषणाएं कीं और 'हिल्स-टू-हाई-टेक' का नारा दिया।

इस मौके पर आईटीडीए निदेशक आईएएस गौरव कुमार, नगर आयुक्त देहरादून आईएएस नमामि बंसल, अतिरिक्त निदेशक आईटीडीए पीसीएस तीर्थ पाल सिंह, वित्त नियंत्रक आईटीडीए डॉ. तंजीम अली, प्रभारी महाप्रबंधक, आईटीडीए-यूसीसी पोर्टल राम स्वरूप उनियाल, एनआईसी संजय गुप्ता, संयुक्त निदेशक एनआईसी डिजिटल उत्तराखंड पोर्टल शिवानी गोथी व संयुक्त निदेशक एनआईसी एसउवॉस चंचल गोयल को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईटी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# पंचायत चुनाव मतगणना की हो वीडियो रिकॉर्डिंगः आर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी हो चुकी है, जिसमें 14 अगस्त 2025 को मतदान और मतगणना संपन्न होगी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने इस चरण में मतगणना की पारदर्शिता को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त को महत्वपूर्ण सुझाव दिया है।

उन्होंने कहा कि इस चरण में मतदाताओं की संख्या अपेक्षाकृत कम होती है, जिसके चलते जीत और हार का अंतर बेहद मामूली रह



**■ मतगणना में पारदर्शिता के लिए नेता प्रति पक्ष ने उठाई मांग**

जाता है। कई बार प्रत्याशियों को बराबर मत भी मिलते हैं, ऐसे में मतगणना की प्रक्रिया पूरी तरह त्रुटिहीन और पारदर्शी होनी चाहिए।

यशपाल आर्य ने प्रस्ताव रखा कि मतगणना की पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग करवाई जाए। उनके मुताबिक, इस कदम से न केवल परिणामों पर जनता का विश्वास बढ़ेगा, बल्कि किसी भी विवाद की स्थिति में सटीक प्रमाण भी उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयुक्त से जनहित में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को इस दिशा में आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया हैं।

# चेकडैम व बैराज निर्माण के लिए तैयार होगा वर्किंग प्लान

### मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने सिंचाई व लघु सिंचाई विभाग को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सिंचाई, लघु सिंचाई सहित जल स्रोत एवं नदी पुनर्जीवीकरण प्राधिकरण के साथ मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने प्रदेश में बैराज, चेकडैम एवं जलाशयों आदि के निर्माण एवं संतृप्तिकरण की प्रगति की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेशभर में चेक डैम और बैराज के लिए अगले 5 वर्षों का प्लान तैयार किया जाए। मंगलवार को सचिवालय में बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने ये भी कहा कि टाईमलाईन के साथ कार्ययोजना प्रस्तुत की



जाए। मुख्य सचिव ने सिंचाई, लघु सिंचाई एवं जल स्रोत एवं नदी पुनर्जीवीकरण प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चेकडैम और बैराज से प्रदेशभर को संतृप्त किया जाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि नदियों में बैराज बनाकर प्रदेशभर को संतृप्त किया जाए। कहा कि पेयजल की कम उपलब्धता वाले स्थानों को प्राथमिकता पर लेते हुए बैराज बनाए जाएं। इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर, युगल किशोर पंत एवं अपर सचिव हिमांशु खुराना सहित सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### धराली जैसी घटनाओं को रोकने में कारगर

मुख्य सचिव ने कहा कि चेक डैम बनाए जाने के लिए विभागों द्वारा जल स्रोत एवं नदी पुनर्जीवीकरण प्राधिकरण की गाइडलाइन्स का अनुपालन अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने चेक डैम बनाए जाने के लिए जल ग्रहण क्षेत्र और जल स्रोतों के उपचार पर भी फोकस किया जाना चाहिए। कहा कि चेकडैम भूजल स्तर को सुधारने के साथ ही मानसून सीजन में धराली जैसी घटनाओं को रोकने में भी कारगर हो सकते हैं।

### पेयजल व सिंचाई योजनाओं की प्राथमिकता

बैराज और चेक डैम की सूची तैयार कर प्राथमिकता तय की जाए। पेयजल एवं सिंचाई वाली योजनाओं को प्राथमिकता पर लिया जाए। साथ ही, उन्होंने शहरी क्षेत्रों में भूजल पुनर्भरण के लिए भी प्राधिकरण को लगातार कार्य किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जैव-अनुकूल तकनीक को भी अपनाए जाने की बात कही।

## युवाओं की शक्ति, देश की नींव- ललित जोशी

**देहरादून।** मुख्य वक्ता ललित जोशी, जो लंबे समय से नशा मुक्ति अभियान से जुड़े हैं ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है। जिस दिशा में युवा सोचते हैं, वही दिशा देश को मिलती है।उन्होंने युवाओं को नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहकर समाज सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे सकारात्मक कार्यों में भाग लेने का आह्वान किया। ललित जोशी ने कहा कि स्वस्थ युवा ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव होते हैं। उपनिदेशक सूचना एवं लोकसंपर्क विभाग, रवि बिरजानियां ने युवाओं को क्वालिटी एजुकेशन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही युवाओं को आत्मनिर्भर और राष्ट्र के लिए उपयोगी नागरिक बना सकती है।

# मतदाता सजग , कांग्रेस को जनजागरण अपनी पार्टी में करने की जरूरत : भट्ट

### ईवीएम के बाद वोट चोरी, राहुल गांधी की नाकामी छिपाने की एक और कांग्रेसी कोशिश : भाजपा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने कांग्रेस को मतदाता जागरण अभियान की शुरुआत स्वयं अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं से करने का साथ सुझाव दिया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने तंज कसते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर सोनिया गांधी तक वोट और दूसरों का हक की चोरी करना कांग्रेस की फितरत रही है। आज भी यही दोष वे भाजपा पर मढ़कर अपनी नाकामियों को छिपाना चाहती है।

विभिन्न माध्यमों में मीडिया से हुई बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों का इतिहास वोट चोरी के गुनाहों से भरा पड़ा है। जिसमें बड़ी घटनाओं की बात करें तो सबसे पहली वोट चोरी नेहरू ने की, सरदार पटेल के पक्ष में 9 प्रांतों के वोट पड़ने के बावजूद स्वयं को पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष पर मनोनीत करवा कर।

भट्ट ने कांग्रेस के केंद्र एवं राज्य में मतदाता जनजागरण अभियान चलाने को सिर्फ मीडिया सुर्खियां बनने की कोशिश का हिस्सा बताया। कहा कि प्रदेश और देश की जनता अपने वोट के अधिकारों के प्रति पूरी तरह जागरूक और सजग है, सिवाय कांग्रेस और विपक्षी नेताओं-कार्यकर्ताओं के। लिहाजा उन्हें ऐसा जनजागरण अभियान स्वयं अपनी पार्टी में चलाए जाने की जरूरत है, जिसमें वेटिंग ही नहीं, मतदाता सूची की समीक्षा, वोट बनने की प्रक्रिया, बीएलए की भूमिका समेत तमाम चुनावी प्रक्रिया का प्रशिक्षण देना चाहिए

### चुनाव आयोग के सामने शपथ पत्र देकर अपनी बात क्यों नहीं कहते राहुल गांधी ?

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि पलटवार किया कि यदि राहुल गांधी के आरोपों में थोड़ी भी सच्चाई है तो वे चुनाव आयोग के सामने शपथ पत्र देकर अपनी बात क्यों नहीं कहते? क्योंकि संसद में शपथ लेने से कोई न्यायालय में शपथ पत्र देने से बच नहीं सकता है। दरअसल वे जानते हैं कि वे सफेद झूठ बोल रहे हैं । लिहाजा अदालत में झूठे पाए जाने पर उन्हें कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इसलिए शपथ पत्र नहीं साइन करते।उन्होंने आइना दिखाते हुए कहा, सच तो यह कि कांग्रेस ने हमेशा वोटों की ही नहीं, जनता के विश्वास और उम्मीदों की भी चोरी की है।

# 6 राजनैतिक दल डीलिस्टेड, 11 अन्य दलों को नोटिस

### उत्तराखण्ड के अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को दिया गया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तराखण्ड के 6 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों (आरयूपीपी) को डीलिस्ट कर दिया है। बीते 9 अगस्त को भारत निर्वाचन आयोग ने यह आदेश जारी किया है।

डीलिस्ट किए गए 6 दलों में वो दल शामिल हैं जिन्होंने बीते 6 वर्षों से ना तो चुनाव लड़ा ना है और ही भौतिक सत्यापन में उनके कार्यालयों का कोई पता नहीं मिल पाया है। आयोग ने डीलिस्टेड किए 6 आर.यू.पी.पी. को आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिन के भीतर अन्तिम अपील का अतरिक्त अवसर दिया है। आयोग ने भारतीय जनक्रान्ति पार्टी, जनपद- देहरादून, हमारी जनमंच पार्टी,जनपद- देहरादून, मैदानी क्रान्ति दल,जनपद -देहरादून,प्रजा मण्डल पार्टी, जिला -पौडी गढवाल, राष्ट्रीय ग्राम विकास पार्टी,जनपद -हरिद्वार सहित राष्ट्रीय जन सहाय दल, जनपद -देहरादून को डीलिस्टेड किया। दूसरी और आयोग ने दूसरे चरण में 11 दलों को नोटिस जारी किया।ये सभी वे दल हैं जिन्होंने वर्ष 2019 से अब तक छह वर्षों में एक भी चुनाव में प्रतिभाग नहीं किया है। दलों को इस नोटिस का जवाब देने के लिए 27 अगस्त 2025 तक का समय दिया है। आयोग के आदेशानुसार उत्तराखण्ड में पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों में से 11 दल ऐसे हैं जो आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

इन दलों की अंतिम डीलिस्टिंग का निर्णय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिया जाएगा। देश में राजनैतिक दलों (राष्ट्रीय/राज्यीय/अमान्यता) का पंजीकरण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा किया जाता है।

# युवाओं को दिया एचआईवी-एड्स और नशा मुक्ति का संदेश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** हर वर्ष 12 अगस्त को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं की भूमिका, योगदान और चुनौतियों पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। मंगलवार को देहरादून के राजपुर रोड स्थित एन.आई.पी.वी.डी. सभागार में उत्तराखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा एचआईवी/एड्स की रोकथाम, जागरूकता तथा नशा मुक्त उत्तराखंड विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर परियोजना निद. ेशक डॉ. अमित शुक्ला, शिक्षाविद् व सामाजिक कार्यकर्ता ललित जोशी, सूचना एवं लोकसंपर्क विभाग के उपनिदेशक रवि बिरजा. नियां, हुडको के रीजनल हेड संजय भार्गव, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल वर्मा सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं और गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

डॉ. अमित शुक्ला ने बताया कि उत्तराखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के माध्यम से एचआईवी/एड्स की रोकथाम व जागरूकता को विविध योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार एवं गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से जागरूकता शिविर, मोबाइल हेल्थ क्लिनिक, युवा संवाद, और स्कूल-कॉलेजों में सेमिनार जैसे कार्यक्रम निरंतर चल रहे हैं। डॉ. शुक्ला ने युवाओं से आह्वान किया कि वे जानकारी के ब्रांड एंबेसडर बनें और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सही जानकारी का प्रसार करें।

# माननीय नहीं चाहते आपदा के समय गैरसैंण में सत्र

### क्या सरकार मौसम को देखते हुए सत्र पर करेगी पुनर्विचार, बसपा विधायक तो खुलकर बोले सत्र हो देहरादून में

**एम. फहीम 'तन्हा'**

**देहरादून।** विधानसभा का मानसून सत्र 19 से 22 अगस्त तक चमोली जिले के गैरसैंण में स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में होने जा रहा है। इसको लेकर विधानसभा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं तो वहीं सरकारी स्तर पर भी काफी तैयारियां की जा रही हैं। दूसरी तरफ गढ़वाल मंडल सहित राज्य के कई जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अति-वृष्टि के कारण संवेदनशील हालात हैं, उत्तरकाशी जनपद की आपदा सभी के सामने है।

ऐसे संवेदनशील वर्तमान हालात में कई माननीय नहीं चाहते हैं कि आपदा के समय में गैरसैंण में विधानसभा का सत्र आहूत किया जाए। क्योंकि गैरसैंण में सत्र के लिए सरकार, अफसरों, नेताओं, पुलिस फोर्स सहित बड़ी तादाद में कर्मचारी और राजनीति के लोग जुटते हैं। और मौसम भारी बरसात का चल रहा है। कई नेता और अफसर दबी जुबान में सत्र देहराद. ून में ही कराने की इच्छा रख रहे हैं, लेकिन खुलकर बोलने को तैयार नहीं हैं।

बसपा विधायक मौ. शहजाद ने खुलकर बोलते हुए कहा है कि मैं गैरसैंण या पहाड़ का विरोध नहीं हूं लेकिन इस समय बरसात बहुत भारी है, पहाड़ पर आपदा है। अक्टूबर- नवंबर में कभी भी गैरसैंण में एक हफ्ता या एक महीना भी रहकर सत्र कर सकते हैं। लेकिन सत्र का अगस्त में ही क्या औचित्य बनता है। ये मानसून सत्र तो देहरादून में ही करना चाहिए।

बसपा विधायक का कहना है कि अगर बहुत जरूरी है तो 6 माह की बाध्यता पूरी करने के लिए देहरादून में एक दिन का सत्र बुलाकर बाद में अक्टूबर में गैरसैंण में सत्र किया जा सकता है। बसपा विधायक ने कहा कि सरकार के लोग हेलीकॉप्टर से जाएंगे, लेकिन विधायक तो सड़क मार्ग से ही जाएंगे। और तोता घाटी सहित सड़क मार्गों की क्या हालत ये सब जानते हैं।

### गैरसैंण में होना चाहिए विधानसभा सत्रः यशपाल आर्य

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने गैरसैंण में मानसून सत्र कराने पर जोर दिया है। आर्य का कहना है कि मौसम का मिजाज तो बदलता रहता है लेकिन गैरसैंण हमारी प्राथमिकता में है। जब हमारे हजारों लोग गैंरसैंण में निवास कर अपना जीवन बिताते हैं, इसलिए हमारा स्टैंड है कि गैरसैंण में ही सत्र होना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पहाड़ पर आपदा आती है भारी नुकसान होता है लेकिन सरकार ने क्या कदम उठाए हैं ये देखने वाली बात है। बिजली पानी की दिक्कत है, पुनर्वास नहीं है, सड़कें खराब हैं। तो मुद्दे हैं उठाने को , लेकिन सत्र तो गैरसैंण में ही होना चाहिए।

### सत्र जहां भी हमारी पूरी तैयारीः स्पीकर ऋतु खंडूरी

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूरी का कहना है कि विधानसभा सत्र को लेकर सरकार निर्णय लेती है कि कहां होना है। सत्र होना है इसको लेकर हमारी पूरी तैयारी है। कुछ बिल भी आ रहे हैं, और विधानसभा को 545 प्रश्न प्राप्त हो चुके हैं। बिना संसदीय कार्य मंत्री बनाए सत्र नहीं हो सकता है, सरकार को इसकी पूरी जानकारी है। इसलिए बिना संसदीय कार्य मंत्री बनाए सत्र नहीं करेंगे।

### सत्र का निर्णय सरकार का कामः सुबोध उनियाल

पुष्कर धामी सरकार में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल का कहना है कि गैरसैंण सहित पहाड़ का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होने सत्र को लेकर बसपा विधायक की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सत्र आहूत करने का निर्णय सरकार का अधिकार होता है। सभी दलों के विचार जानकर ही सरकार कोई निर्णय लेगी।

### बिना संसदीय कार्य मंत्री के कैसे होगा मानसून सत्र

उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार में संसदीय कार्य और वित्त मंत्री की जिम्मेदारी संभालने वाले मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने एक बयान पर भारी विवाद के बाद मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद से सभी विभाग स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री के पास आ गए थे। लेकिन विधानसभा सत्र के लिए संसदीय कार्य मंत्री की जिम्मेदारी किसी मंत्री पर होना जरुरी होता है, लेकिन अभीतक ये जिम्मेदारी किसी मंत्री को नहीं दी गई है। संसदीय कार्यमंत्री का होना इसलिए भी जरुरी होता है क्योंकि मुख्यमंत्री खुद सारे सवालों और मामलों में जवाब नहीं दे सकते हैं। अब सत्र से पहले कब और किसको संसदीय कार्य मंत्री बनाया जाता है सबकी नजरें इसी फैसले पर टिकी हैं। क्योंकि ये पद बहुत अहम और भरोसे वाला होता है।

# बेतहाशा निर्माण से बढ़ा पहाड़ों में बादल फटने का खतरा, ARIES के वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी

**■ अनियंत्रित निर्माण न केवल पर्यावरणीय संतुलन बिगाड़ रहा**



**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** उत्तराखंड जैसे संवे. दनशील पहाड़ी राज्य में इंसानी दखल अब प्रकृति के लिए खतरे की घंटी बनता जा रहा है. प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से भरपूर इन पर्वतीय इलाकों में तेजी से हो रहा अनियंत्रित निर्माण न केवल पर्यावरणीय संतुलन बिगाड़ रहा है, बल्कि अब यह आपदा का कारण भी बनता जा रहा है. नैनीताल स्थित एरीज (ARIES) के वरिष्ठ वैज्ञानिकों का मानना है कि बेतरतीब इमारतों और सड़कों का निर्माण पहाड़ों की नाजुक पारिस्थितिकी पर गहरा असर डाल रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार, पहाड़ों की मिट्टी पहले से ही कमजोर होती है. जब बड़े पैमाने पर पहाड़ काटकर निर्माण किया जाता है, तो यह न केवल मिट्टी की जलधारण क्षमता घटाता है, बल्कि जलवायु तंत्र को भी असंतुलित करता है. इसका सीधा असर मौसम के पैटर्न पर पड़ रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में अब 'लोकल क्लाउड फॉर्मेशन' यानी स्थानीय स्तर पर बादलों का असामान्य जमावड़ा बढ़ रहा है. ऐसे बादल अपेक्षाकृत कम ऊंचाई पर बनते हैं और अचानक भारी बारिश के साथ एक जगह फट पड़ते हैं, जिससे बादल फटने जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं।

### पहाड़ों में दिखने लगा है प्रभाव



ग्लोबल वार्मिंग, जंगलों की कटाई और अंधाधुंध निर्माण का संयुक्त प्रभाव अब पहाड़ों पर स्पष्ट दिखाई देने लगा है. जहां कभी बादल महीनों में बनकर हल्की-हल्की बारिश देते थे, अब वहीं अचानक घंटों में घिरकर तबाही बरपा रहे हैं। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि यह रफ्तार नहीं थमी, तो आने वाले वर्षों में उत्तराखंड और अन्य हिमालयी राज्यों में बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं कई गुना बढ़ सकती हैं. स्थानीय पर्यावरणविद भी मानते हैं कि अब वक्त आ गया है कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाया जाए. योजनाबद्ध और टिकाऊ निर्माण, जंगलों का संरक्षण और पहाड़ी इलाकों में निर्माण पर सख्त नियंत्रण ही इस संकट से बचने का रास्ता है। वरना, पहाड़ों की खूबसूरती और वहां की जिंदगियां दोनों खतरे में पड़ जाएंगी: डॉ. नरेंद्र सिंह (मौसम वैज्ञानिक, (एरीज)।

### ऐसे पड़ रहा है प्रभाव

एरीज के मौसम विज्ञानी नरेंद्र सिंह बताते हैं कि निर्माण कार्य केवल दृश्य रूप से ही नहीं, बल्कि अदृश्य रूप से भी प्रकृति को प्रभावित करते हैं. "हर निर्माण से रेडिएशन निकलता है, जो वापस वायुमंडल में जाकर तापमान बढ़ाता है. जिस इलाके में ज्यादा निर्माण हुआ होगा, वहां का औसत तापमान आसपास के क्षेत्रों की तुलना में अधिक पाया जाता है, उनका कहना है कि यह तापमान वृद्धि बादलों के बनने और बरसने के तरीके को भी बदल देती है।

# बद्रीनाथ हाईवे पर सिरोबगड़ की पहाड़ी बनी मुसीबत

**हर दिन राजमार्ग पर आ रहा कई टन मलबा, राजमार्ग पर घंटों लग रहा जाम, राजमार्ग पर आए मलबे से बन रही दल-दल की स्थिति, जान हथेली पर रखकर सफर करने को मजबूर लोग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बद्रीनाथ हाईवे के सिरोबगड़ में मलबा और बोल्डर आने से मार्ग चार घंटे तक बंद रहा। इस दौरान राजमार्ग के दोनों ओर सैकड़ों वाहन फंस गए, जबकि राजमार्ग के दल-दल में तब्दील होने से वाहन भी फंसे रहे। किसी तरह वाहन स्वामियों ने अपने वाहनों को निकाला। सिरोबगड़ से खांखरा तक के तीन किमी एरिया को भूस्खलन प्रभावित जोन घोषित किया गया है। यहां हर दिन मार्ग पर कई टन मलबा आने से राजमार्ग घंटों बाधित हो रहा है। बावजूद इसके केन्द्र व प्रदेश सरकार के साथ शासन-प्रशासन गंभीर नहीं है। राजमार्ग पर आये दिन हादसे हो रहे हैं और कई बार लोगों को आकस्मिक मौत का शिकार भी होना पड़ा है।

बद्रीनाथ हाईवे के सिरोबगड़ में भूस्खलन की समस्या आज की नहीं है। यहां पर बीते तीन दशक से पहाड़ी से मलबा गिरने का सिलसिला जारी है। वैसे सिरोबगड़ से खांखरा तक के तीन के एरिया में भूस्खलन हो रहा है। ऐसे में इस क्षेत्र को भूस्खलन प्रभावित जोन घोषित किया गया है। बीते दो-तीन सालों से सिरोबगड़ स्लाइड जोन से निजात दिलाने के लिए पपड़ासू-खांखरा बाईपास का निर्माण कार्य भी बंद पड़ा हुआ है। इस कार्य को शुरू हुए छः से सात साल का समय हो चुका है, लेकिन यह बाईपास आज तक नहीं बन पाया है। ऐसे में चारधाम यात्रा पर आने वाले भक्तों के साथ रुद्रप्रयाग और चमोली की जनता को भूस्खलन प्रभावित जोन से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे कई बार राजमार्ग के घंटों बंद होने के साथ ही कई घटनाएं भी हो जाती है।

मंगलवार को भारी बारिश के चलते रुद्रप्रयाग-श्रीनगर के बीच बद्रीनाथ हाईवे पर 15 किमी श्रीनगर की ओर सिरोबगड़ के पास भारी मात्रा में मलबा आने से अवरुद्ध हो गया। एनएच लोनिवि की जेसीबी ने हाईवे को खोलने का कार्य शुरू किया। मलबा अधिक होने से मार्ग खोलने में काफी दिक्कतें भी सामने आई। इस दौरान जनपद के साथ ही चमोली जनपद में जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति देरी से पाई। मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगने से लोग जाम खुलने का इंतजार करते रहे। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ ही यात्रियों को दो चार होना पडा। चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद राजमार्ग को खोला गया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान राजमार्ग पर आए मलबे के कारण दल-दल की स्थिति पैदा हो गई, जिसमें यात्रियों के वाहन भी फंस गए। किसी तरह वाहन स्वामियों ने अपने वाहनों को दल-दल से निकाला। भारी बारिश के चलते सिरोबगड़ से खांखरा के बीच हालात काफी खराब हो गए हैं। डीडीएमओ एनएस रजवार ने बताया कि बद्रीनाथ हाईवे के सिरोबगड में पहाड़ी से लगातार मलबा गिर रहा है। इस मलबे को हटाने के लिए एनएच विभाग की मशीने तत्परता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भूस्खलन प्रभावित इलाकों में मशीनें तैनात की गई हैं, जिससे सयम से मार्गों को खोला जा रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण के लिए उपलब्ध भूमि के लंबित प्रस्तावों के शीघ्र निस्तारण हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित वन भूमि से संबंधित लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे संबंधित उपजिलाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित प्रस्तावों का शीघ्रता से निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि



क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण के लिए जो भी भूमि की मांग लंबित है, उसका निस्तारण सम्बंधित एसडीएम से समन्वय कर सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने एसडीओ केदारनाथ को प्रस्तावित क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण भूमि के स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा।

वन पंचायत की जो भी भूमि क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध है उसका चिन्हांकन कर शीघ्र निरीक्षण किया जाए ताकि उसकी उपयुक्तता की पुष्टि हो सके।

बैठक में डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, एसडीओ केदारनाथ मोहन सिंह, पीडब्लूडी से उमेश धारिया आरडब्ल्यूडी से अल्लादिया वर्चुअल माध्यम से सभी उपजिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारी बारिश से खतरे की आशंका, टिहरी में 23 परिवार सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट

**भिलंगना ब्लॉक से सबसे ज्यादा दस परिवारों को कराया गया सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरण**
**डीएम निकिता खंडेलवाल के निर्देश पर प्रशासन की टीम अलर्ट मोड पर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** लगातार हो रही भारी बारिश से संभावित खतरे को देखते हुए टिहरी जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 23 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर दिया है। इनमें सबसे अधिक दस परिवार भिलंगना ब्लॉक से हैं, जिन्हें रातभर चले बचाव अभियान के तहत सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों से सतर्क और अलर्ट रहने की अपील की है।

बीती रात से हो रही तेज बारिश के चलते कई बरसाती गदेरे उफान पर हैं, जिससे आबादी वाले क्षेत्रों में खतरा बढ़ गया है। डीएम निकिता खंडेलवाल के निर्देश पर प्रशास. निक टीम ने घनसाली तहसील से दस, धनोल्टी से छह, जाखणीधार से तीन, कंडीसौड़ से दो और टिहरी से भी दो परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया।

इनमें से कुछ मकान गदेरे के नजदीक स्थित थे, जहां पानी आने का गंभीर खतरा था। ऐसे परिवारों को पंचायत घर या पड़ोसी के घर में अस्थायी रूप से ठहराया गया है। वहीं, कुछ मकान अत्यधिक जर्जर अवस्था में थे और उनके गिरने की



आशंका थी, जिसके चलते वहां रह रहे परिवारों को भी तत्काल शिफ्ट कर दिया गया।

जिले की सभी तहसीलों में एसडीएम और तहसील कर्मचारियों को चौकसी बरतने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए अलर्ट मोड पर रखा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर राहत-बचाव अभियान में तेजी लाई जाएगी।

# बेलेश्वर में नालियों का पानी सड़क पर बहने से जनता त्रस्त, आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भिलंगना ब्लॉक के बेलेश्वर कस्बे में नालियों का पानी लगातार सड़क पर बहने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। रोजाना सड़क पर बहता यह पानी न केवल आवाजाही में बाधा बन रहा है, बल्कि सड़क को भी तेजी से क्षतिग्रस्त कर रहा है। राहगीरों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है, जबकि वाहनों के टायरों से उछलकर पानी दुकानों में जा रहा है और राहगीरों के कपड़े खराब कर रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग ने यहां कई बार नालियों का निर्माण कराया, लेकिन निर्माण गुणवत्ता इतनी कमजोर रही कि नालियां जल्दी ही टूट गईं। इसके अलावा घरों और बाजार का कचरा नालियों में जमा होकर उन्हें चोक कर देता है, जिससे पूरा पानी सड़क पर फैल जाता है। नालियों की यह खराब स्थिति बरसात के मौसम में और अधिक बिगड़ गई है, जिसके कारण सड़क पर गड्ढे बन गए हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।समस्या यहीं खत्म नहीं होतीख्र सड़क से बहता पानी नीचे स्थित ग्रामीणों के खेतों तक पहुंचकर फसलों और खेतों के पुस्तों को नुकसान पहुंचा रहा है। कई खेतों के किनारे टूट चुके हैं, जिससे किसानों को भारी हानि झेलनी पड़ रही है। कस्बेवासियों ने बताया कि वे कई बार लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय निवासी केदार सिंह रौतेला, उम्मेद सिंह चौहान और चंदन सिंह पोखरियाल ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# रुद्रप्रयाग में रंगोली प्रतियोगिता के बिखेरे रंग

**रुद्रप्रयाग।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज रतूड़ा में रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए जिलाधिकारी प्रतीक जैन स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं की बनाई विविध रंगोलियों का अवलोकन कर उनकी सराहना की।रंगोलियों में भारतीय संस्कृति, सभ्यता, योग, खेल, आर्किटेक्चर, सांस्कृतिक विरासत, तकनीकी, अंतरिक्ष कार्यक्रम, चंद्रयान, आदित्य एल-वन, अंतरिक्ष यात्री, स्वतंत्रता सेनानी, ऑपरेशन सिंदूर आदि विषयों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया गया था। जिलाधिकारी ने प्रत्येक रंगोली के विषय पर छात्राओं से संवाद कर उनकी रचनात्मकता और सोच की सराहना की।

## एक नजर .......

### दो तीरंदाजों का हुआ सीबीएसई नेशनल गेम्स के लिए चयन

**कोटद्वार ।** बलूनी स्पोर्ट्स अकादमी के दो तीरंदाजों का सीबीएसई नेशनल गेम्स के लिए चयन हुआ है। मंगलवार को यह जानकारी देते हुए स्पोर्टस अकादमी के तीरंदाजी कोच पवन भंडारी ने बताया कि अकादमी की यहावी उपाध्याय का रिकर्व अंडर-15 व्यक्तिगत वर्ग व देवांश का इंडियन राउंड टीम वर्ग में चयन हुआ है। तीरंदाजों की इस उपलब्धि पर बलूनी एजुकेशन सोसाइटी के मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन बलूनी व निदेशिका अभिलाषा भारद्वाज ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है।


### वन विभाग ने हाथी दिवस पर आयोजित किया कार्यक्रम

**कोटद्वार।** कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग लैंसडौन और भारतीय वन्य जीव ट्रस्ट ने रिजर्व के स्वागती केंद्र में मंगलवार को हाथी दिवस पर कार्यक्रम किया। मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों को हाथी के जीवन और हाथी कॉरिडोर के बारे में बताया गया।वक्ताओं ने कहा कि हाथी दिवस मनाने का उद्देश्य हाथियों के संरक्षण, सुरक्षा और उनके आवासीय क्षेत्रों की रक्षा के लिए वैश्विक जागरूकता फैलाना है। हाथी का भारतीय संस्कृति, धर्म, और वास्तु शास्त्र में बहुत महत्व है। यह शक्ति, बुद्धि, समृद्धि, और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। तत्पश्चात छात्रों को जिम कार्बेट के जीवन पर आधारित कार्बेट लैगेसी फिल्म भी दिखाई गई। मौके पर उप प्रभागीय वनाधिकारी सोनानदी अनामिका बुक्करवाल, उप प्रभागीय वनाधिकारी अदनाला शिप्रा वर्मा और मेहरबान सिंह कंडारी विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य चंदन नकोटी सहित छात्र - छात्राएं मौजूद रही

### छात्र-छात्राओं की परेशानी दूर, 13 अगस्त से फिर शुरू होगी बस सेवा

**नई टिहरी।** हाल ही में समाचार पत्र में प्रकाशित "बस सेवा बंद होने से छात्र-छात्राएं परेशान" शीर्षक खबर पर विभाग ने त्वरित संज्ञान लेते हुए समस्या का समाधान कर दिया है। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, छाम के प्रधानाचार्य ने जानकारी दी कि बस चालक से दूरभाष पर संपर्क किया गया, जिसके बाद निर्णय लिया गया कि बस सेवा 13 अगस्त 2025 से पुनः शुरू कर दी जाएगी। इस मामले की पुष्टि मुख्य शिक्षा अधिकारी शिव प्रसाद सेमवाल ने भी की। उन्होंने स्वयं वाहन चालक से बातचीत कर स्थिति स्पष्ट की। चालक ने बताया कि बस सेवा अवकाश अवधि के दौरान अस्थायी रूप से बंद की गई थी, लेकिन अब तय समय पर इसे फिर से शुरू किया जाएगा। बस सेवा बहाल होने की घोषणा से कॉलेज के छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में राहत की लहर है, क्योंकि लंबे समय से बंद परिवहन व्यवस्था के कारण उन्हें आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

### सेमला सब स्टेशन के तहत लगाए गए विद्युत पोल झुके



**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत सेमला गांव में 33 केवी सब स्टेशन के तहत लगाये गये विद्युत पोल कभी भी बड़ी दुर्घटना को न्यौता दे सकते है। ग्राम पंचायत पैण्डुला के पूर्व प्रधान सुनय कुकशाल ने कहा कि अकरी, बारजुला, डागर व कड़ाकोट पट्टी के करीब 50 से अधिक गांवों कि विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए सेमला में बन रहें विद्युत सब स्टेशन के तहत लगाएं गये पोल पूर्ण रूप से झुक चुके है। बताया कि पोल को लगाने में जो अनियमितताएं बरती गई है वह कभी भी बड़ी दुर्घटना का न्यौत दे सकती है। बताया कि विद्युत पोल के चौम्बर पूर्ण रूप से उखड़ चुके है, जिससे अधिकांश विद्युत पोलों में झुकाव आ गया है, जो कि कभी भी धडाम हो सकते है।

# 9 विकास खण्डों में पंचायत प्रमुख पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न

**भिलंगना में प्रमुख पद के लिए सबसे ज्यादा 4 नामांकन, 12 अगस्त को नाम वापसी**
**जिला निर्वाचन कार्यालय ने सभी पदों पर मिले नामांकन की सूची जारी की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत टिहरी गढ़वाल जिले के नौ विकासखंडों में क्षेत्र पंचायत प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख और कनिष्ठ उप प्रमुख पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया सोमवार को पूरी हो गई। जिलेभर में उम्मीदवारों ने उत्साह के साथ पर्चे दाखिल किए, जिसमें कुछ स्थानों पर मुकाबला कड़ा दिख रहा है, तो कुछ पदों पर नामांकन संख्या कम रही।

भिलंगना विकासखंड में प्रमुख पद के लिए सर्वाधिक चार नामांकन पत्र दाखिल हुए, जबकि ज्येष्ठ उप प्रमुख के लिए तीन और कनिष्ठ उप प्रमुख के लिए भी तीन नामांकन मिले। चंबा में प्रमुख पद के लिए केवल एक नामांकन हुआ, जबकि ज्येष्ठ उप प्रमुख के लिए दो और कनिष्ठ उप प्रमुख के लिए तीन नामांकन दर्ज किए गए।

देवप्रयाग में प्रमुख पद पर दो-दो उम्मीदवार मैदान में हैं, ज्येष्ठ उप प्रमुख के लिए दो और कनिष्ठ उप प्रमुख के लिए भी दो नामांकन प्राप्त हुए। जाखणीधार में प्रमुख पद के लिए दो नामांकन, ज्येष्ठ उप प्रमुख के लिए एक और कनिष्ठ उप प्रमुख के लिए दो नामांकन दर्ज हुए।

इसी तरह जौनपुर, कीर्तिनगर, नरेंद्रनगर, प्रतापनगर और थौलधार विकासखंडों में भी प्रमुख पद के लिए दो-दो नामांकन दाखिल किए गए। जौनपुर, कीर्तिनगर और नरेंद्रनगर में ज्येष्ठ व कनिष्ठ उप प्रमुख दोनों पदों के लिए दो-दो नामांकन हुए, जबकि प्रतापनगर में ज्येष्ठ उप प्रमुख के लिए केवल एक और कनिष्ठ उप प्रमुख के लिए दो नामांकन मिले। थौलधार में ज्येष्ठ और कनिष्ठ उप प्रमुख दोनों के लिए दो-दो नामांकन पत्र दाखिल हुए।

निर्वाचन आयोग के अनुसार नामांकन वापसी की तिथि 12 अगस्त 2025 तय की गई है, जिसके बाद अंतिम प्रत्याशी सूची जारी की जाएगी और मुकाबले का वास्तविक स्वरूप स्पष्ट हो जाएगा।

# जिलाधिकारी की सकारात्मक वार्ता, कहा जनभावनाओं का होगा सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी अध्यक्षता में मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से बदरीनाथ धाम के स्थानीय लोगों, पंडा पुरोहित समाज और होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सभी पक्षों ने अपने-अपने सुझाव और समस्याएं विस्तार से रखते हुए निस्तारण की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने समस्याओं का निस्तारण जन भावनाओं के अनुरूप करने का आश्वासन दिया है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश मेहता ने बद्रीनाथ से प्राधिकरण को हटाए जाने, भवनों की ऊंचाई और चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों की संख्या पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने और बद्रीनाथ में संचालित ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाले अपशिष्ट के निस्तारण के प्रबंधन की बात कही।पंडा पुरोहित समाज से प्रवीण ध्यानी ने स्थानीय निवासियों के पुनर्वास के मामलों, प्रभावित परिवारों के लिए दुकानों के मुद्दे, तीर्थ पुरोहित आवास की धीमी गति आदि विभिन्न समस्याओं के साथ-साथ अलकनंदा नदी में लगातार बढ़ रही गाद की समस्या और ब्रह्मकपाल से जुड़े मुद्दों को उठाया।

# भाजपा ने बदला जिपं अध्यक्ष पद का प्रत्याशी इशिता सजवाण निर्विरोध बनीं अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में मंगलवार को बड़ा और अप्रत्याशित बदलाव देखने को मिला।

भाजपा ने अपने अधिकृत प्रत्याशी सोना सजवाण की जगह इशिता सजवाण को नया प्रत्याशी घोषित कर दिया। इसके बाद सोना सजवाण ने नाम वापसी कर दी, जिससे इशिता सजवाण निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष बन गईं।

पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला प्रभारी शैलेंद्र बिष्ट और जिलाध्यक्ष उदय रावत ने बताया कि पार्टी ने पहले अखोड़ी सीट से जिला पंचायत सदस्य बनी सोना सजवाण को प्रत्याशी घोषित किया था। लेकिन नाम वापसी के दिन शीर्ष नेतृत्व के निर्णय के बाद चंबा की कोट सीट से जिला पंचायत सदस्य इशिता सजवाण को प्रत्याशी बनाया गया।

सोना सजवाण ने पार्टी निर्णय का सम्मान करते हुए अपना नाम वापस ले लिया, जिससे इशिता को निर्विरोध अध्यक्ष बनने का अवसर मिला।

# वाहन के ऊपर गिरा विशाल पत्थर, महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शिवानंदी के पास एक कार के ऊपर अचानक बोल्डर गिर गया, जिससे वाहन में सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि चालक सहित चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। वाहन देवाल से देहरादून की ओर जा रहा था।

पहाड़ों में इन दिनों सफर करना किसी खतरे से खाली नहीं है।



बारिश के बीच कब पहाड़ी से मौत बरस जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। मंगलवार दोपहर एक बजे के करीब गौचर की तरफ से आ रही ईको वाहन संख्या यूके 07 टीडी 86घ्29 जैसे ही शिवानंदी के पास पहुंची तो ऊपर पहाड़ी से अचानक भारी बोल्डर गिर गया, जिससे कार बोल्डर की चपेट में आ गई। वाहन में सवार एक 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि चालक महावीर सिंह निवासी देवाल चमोली, शम्भूराम पुत्र मदनाराम निवासी खेताभौरागढ़ देवाल चमोली, वीरल पटेल पुत्र दिनेश भाई पटेल निवासी गुजरात और एक युवती सहित चार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चौकी घोलतीर से पुलिस मौके पर पहुंची, जहां स्थानीय लोगों की मदद से चारों घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया। कोतवाली निरीक्षक मनोज नेगी ने बताया कि पहाड़ी से अचानक गिरे बोल्डर ने वाहन को चपेट में ले लिया, जिससे ये हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि मृतक का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जाएगी।

# माणा से बदरीनाथ तक आईटीबीपी के जवानों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**महिला स्वयं सहायता समूहों ने रंगोली बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** चमोली जनपद में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जनपद में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आईटीबीपी के जवानों ने बदरीनाथ धाम में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। वहीं नगर पालिका परिषद चमोली-गोपेश्वर की ओर से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ जनपद के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।



नगर पालिका परिषद चमोली-गोपेश्वर के अधिशासी अधिकारी एमएस रावत ने बताया कि नगर क्षेत्र में 19 महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने ओर से 19 स्थानों पर रंगोली बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कहा कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली टीम को स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही पालिका प्रशासन की ओर से बुनगर सेवा केंद्र चमोली के सहयोग से बस स्टैण्ड गोपेश्वर में हैंडलूम मशीनों का प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान बुनकर केंद्र के प्रशिक्षकों और महिलाओं ने हस्तशिल्प के माध्यम से तिरंगे का निर्माण भी किया।

वहीं बदरीनाथ धाम में आईटीपीबी के जवानों ने आईटीबीपी कैम्प से बदरीनाथ मंदिर तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस दौरान बदरीनाथ धाम के दर्शनों को पहुंचे तीर्थयात्रियों ने भी आईटीबीपी की ओर से आयोजित तिरंगा यात्रा में प्रतिभाग किया।

# पहली बार मन्दाकिनी ब्लॉक में खिला 'कमल'

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के सबसे बड़े विकास खण्ड मन्दाकिनी (अगस्त्यमुनि) में प्रमुख पद पर भाजपा की भुवनेश्वरी देवी निर्विरोध निर्वाचित हो गई हैं। मंगलवार को नाम वापसी के दिन कांग्रेस प्रत्याशी गायत्री देवी ने अपना नाम वापस लिया, जिसके बाद भुवनेश्वरी देवी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। ज्येष्ठ प्रमुख पद पर शान्ति चमोला तथा कनिष्ठ प्रमुख पद पर सविता भंडारी पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। इस प्रकार भाजपा ने मन्दाकिनी ब्लॉक में तीनों पदों पर निर्विरोध जीत हासिल कर रिकोर्ड बनाया है।

# तिरंगा हर घर लहराएगा, क्रांतिकारियों की याद दिलाएगा: विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के आह्वान पर कोटद्वार विधायक एवं उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र में भव्य तिरंगा रैली में भाग लिया।कोटद्वार भाबर के मोटाढांग से मालवीय उद्यान तक आयोजित कार एवं बाइक रैली में श्रीमती खण्डूड़ी भूषण ने कार्यकर्ताओं के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदीजी की सोच देश के हर नागरिक को एक सूत्र में जोड़ने की है। हर घर पर तिरंगा फहराना, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों को सच्ची श्रद्धांजलि है।उन्होंने कहा, तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम कोटद्वार से यह संदेश दे रहे हैं कि हम सभी एकजुट हैं, और अपने वीर सैनिकों का मनोबल बढ़ाते रहेंगे, ताकि वे देश की सीमाओं पर उसी साहस और निष्ठा से रक्षा करते रहें। इस अवसर पर उत्तरकाशी के धराली में हाल ही में आई आपदा के पीड़ितों को भी याद किया और उनके प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। जिलाध्यक्ष कोटद्वार राज गौरव नौटियाल ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे गर्व, सम्मान और बलिदान का प्रतीक है। कोटद्वार की जनता ने आज अद्भुत एकता और देशभक्ति का परिचय दिया है।

मेयर शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि तिरंगा यात्रा से देशभक्ति का जो ज्वार उमड़ा है, वह हमारे बच्चों और युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को और प्रबल करेगा। इस अवसर पर राज्यमंत्री राजेंद्र अन्थवाल, इफको डायरेक्टर उमेश त्रिपाठी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन रावत, मण्डल अध्यक्ष आशीष रावत, विक. ाशदीप मित्तल, प्रेमा खंतवाल, पार्षद सौरव नौडियाल, राजेंद्र बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष विरेन्द्र रावत, शशिकांत जोशी, प्रमोद केष्टवाल, रजनीश बेबनी, नीरू बाला खंतवाल, महमूदा मुस्कान, आशा कोठारी, किरन डोबरियाल, रजनी बिष्ट, सोनिया असवाल, सिमरन बिष्ट सहित अनेक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### घटनास्थल का निरीक्षण नहीं किए जाने पर एडीजी एलओ ने जताई नाराजगी

# डालनवाला में 10 घटनाएं हुई, कहीं भी निरीक्षण को नहीं पहुंचे सीओ

**मयूर गुप्ता**

**देहरादून।** जनपद में घटित होने वाली किसी भी आपराधिक वारदात के घटित हो जाने पर दून के कई सीओ द्वारा मौके का निरीक्षण नहीं किए जाने से एडीजी एलओ ने समीक्षा बैठक के दौरान इस पर नारा. जगी व्यक्त करते हुए एसएसपी देहरादून को पत्र लिखकर सभी सीओ से घटना घटित हो जाने के 24 घण्टे के अंदर मौके का निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए इस पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था ने पुलिस मुख्यालय में दून पुलिस अधिकारियों द्वारा की गई समीक्षा बैठक का निरीक्षण करने के बाद दून पुलिस अधिकारियों द्वारा बरती गई लापरवाही पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह को पत्र लिखा। अपने पत्र के पत्रांक संख्या डीजी-अपराध एवं कानूनू व्यवस्था 23/02/2025 28 अप्रैल 2025 का उल्लेख करते हुए लिखा की एडीजी एलओ द्वारा दून पुलिस के कार्यो का मूल्यांकन कर समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी।

पत्र में डीआईजी ने लिखते हुए इस बात पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की कि क्षेत्राधिकारी डालनवाला द्वारा उनके क्षेत्र में दस वारदाते घटित हुई लेकिन एक का भी उनके द्वारा निरीक्षण नहीं किया गया। वहीं क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा भी 16 आराधिक वारदातों के घटि हो जाने के बाद मात्र तीन का ही घटनास्थल का निरीक्षण किया जो कि उचित नहीं है। डीआईजी ने लिखा की किसी भी वारदात के घटित हो जाने पर सीओ मौके का निरीक्षण करें और पीडित तथा वादियों से पूछताछ करने के बाद प्रभारी निरीक्षकों और विवेचकों को जरूरी निर्देश दें। पत्र में डीआईजी ने लिखा की उनके क्षेत्र में घटित हुई संगीन वारदातों में शामिल अपराधियों के संबंध में अधिकांश क्षेत्राधिकारियों को कोई जानकारी ही नहीं है। उन्होंने सीओ सिटी के पास आधा छह माह से अधिक व्यतीत हो जाने पर विवेचना पैंडिंग है जिस पर उन्होंने बताया कि पूर्व विवेचक ने हस्लेख मिलान के लिए उसे छोड़ा है तो ऐसे में आरोप पत्र प्रेषित किए जाने पर उसकी जांच एसपी सिटी से करवाए जाने के निर्देश दिए। पुलिस मुख्यालय में मौजूद डीआईजी पत्र में कड़ी नारा. जगी जताई की सीओ प्रेमनगर के पास छह माह से अधिक का समय व्यतीत हो जाने पर सात जांचों की कोई जानकारी नहीं है जो कि खेदजनक है। उन्होंने पीड़ित को न्याय दिलवाने के लिए सभी प्रार्थना पत्रों की जांच एक माह में करने के निर्देश जारी किए। उन्होंने पुलिस के खिलाफ आने वाली शिकायतों के लिए प्रत्येक थाने पर सीसीटीवी कैमरों को लगवाया गया है इसलिए सभी सीसीटीवी कैमरों का अवलो. कन किया जाए और उक्त कैमरों का रिकॉर्ड भी न्यायालय के आद. ेशनुसार सुरक्षित रखा जाए।

उन्होंने सीओ मसूरी सर्किल में 01 पीएफ की जांच एक वर्ष से अधिक लम्बित चलने पर नारजगी जताते हुए उल्लेख किया कि सीओ सदर सर्किल में विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ 14/1 की कार्यवाही लम्बित चल रही है। उन्होंने एसपी सिटी,देहात विकासनगर और ऋषिकेश को रोस्टर के अनुसार सभी निरीक्षण पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सीओ संबंधित माल खानों का निरीक्षण वर्ष के पहले तीन माह में किया गया है, अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा की गई समीक्षा बैठक के दौरान अधिकांश सीओ ने इस बात पर एतराज जताया कि उनकी जो रिपोर्ट पेश की गई वह गलत है जबकि उक्त रिपोर्ट उक्त सीओ के हस्ताक्षरों से ही समीक्षा बैठक में पेश की गई थी। उक्त प्रकरण को गंभीर मानते हुए एडीजी एलओ ने उन्हे चेतावनी दी कि वह जो कि रिपोर्ट भविष्य में भेजे उसका पूरी तरह से अवलोकन कर ले और उसके बाद ही उस पर हस्ताक्षर करें भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून द्वारा जिला देहरादून में अलग अलग स्थानों पर अंतराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून के समस्त प्राविधिक कार्यकर्ताओं द्वारा अलग- अलग स्थानों पर शिविर आयोजित किया गया।

इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सशक्त, शिक्षित और प्रेरित करना है, ताकि वे समाज के हर क्षेत्र चाहे शिक्षा, विज्ञान, खेल, राजनीति या सामा. जिक सेवा हो, में अग्रणी भूमिका निभा सके।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीमा डुँगराकोटी द्वारा बताया गया कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि आज अंतराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर माननीय जिला न्यायाधीश, देहरादून प्रेम सिंह खिमाल अपने आवास से लेकर जिला न्यायालय भवन अपने स्टॉफ / कर्मचारियों सहित पैदल मार्च कर पहुंचे। इसके अतिरिक्त कई न्यायिक अधिकारियों व न्यायालय के कर्मचारियों द्वारा भी इस अवसर पर पैदल आवागमन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य कॉर्बन उत्सर्जन, वायु व ध्वनि प्रदूषण को कम करना और सस्टेनेबिलिटी व स्वस्थ जीवनशैली को बढावा देना है।

# पंचायत चुनावः कांग्रेस ने चलाया अनुशासन का डंडा

### दो को कारण बताओ नोटिस, पाबौ ब्लाक अध्यक्ष 6 साल के लिए निष्कासित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की और से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त दो पार्टी नेताओं को जहां कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, वहीं पाबौ ब्लाक अध्यक्ष सुधीर रावत को तत्काल प्रभाव से कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है।

जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकान्त धस्माना ने बताया कि पाबौ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुधीर रावत की और से पार्टी समर्थित उम्मीदवार की खिलाफत करते हुए विपक्षी उम्मीदवार के रूप में कनिष्ठ प्रमुख के लिए न केवल अपना नामांकन करवाया गया अपितु ब्लाक प्रमुख चुनाव में पार्टी समर्थित प्रत्याशी का विरोध कर कांग्रेस पार्टी ही नहीं स्थानीय जनता एवं कांग्रेसजनों की भावनाओं के साथ भी खिलवाड़ कर धोखा दिया गया है। इसी प्रकार प्रदेश सचिव दीपक असवाल व पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा नेगी की और से पार्टी के समर्थित उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव में प्रतिभाग किया जा रहा है। जिसे कांग्रेस नेतृत्व ने गंभीरता से लेते हुए उन्हें नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर अपना स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। सूर्यकान्त धस्माना ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने तीनों नेताओं द्वारा किये जा रहे कृत्य को पार्टी अनुशासन के खिलाफ मानते हुए ब्लाक अध्यक्ष पाबौ सुधीर रावत को तत्काल प्रभाव से 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है तथा प्रदेश सचिव दीपक असवाल एवं तारा नेगी को नोटिस जारी किया गया है।

## केशर सिंह राय की पुस्तक लोकगीतः सांस्कृतिक विरासत एवं लोक गाथाएं का विमोचन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** केशर सिंह राय ग्राम गमरी की लिखी गई पुस्तकष्लो. कगीतः सांस्कृतिक विरासत एवं लोक गाथाएंष का विमोचन भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान देहरादून में किया गया। लोकगीत पुस्तक विमोचन के मुख्य अतिथि एन.एस.नपलच्याल पूर्व मुख्य सचिव उत्तराखंड,विशिष्ट अतिथि डॉ. के.आर. नौटियाल पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक भारतीय कास्ट गार्ड एवं डॉ एम.मधु निद. ेशक भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान देहरादून ने किया ।

पुस्तक विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता मूरत राम शर्मा अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग उत्तराखण्ड के द्वारा की गई । पुस्तक लोकगीत में जौनसार बावर, सिरमौर जौनपुर तथा जौनसार परिक्षेत्र की पौराणिक लोक गाथाओं, वीर गाथाओं, छोड़े भारत,पाण्डवाणी गाथाओं,मण्डावणें ,जांगू -बाजू,बुझावणी,अनावणें तथा कहावतें इत्यादि विषयों को प्रमुखता के साथ वर्णन किया गया है। पुस्तक चार महासू महाराज एवं कुल देवता कुकुरसी महाराज से प्रारम्भ की गई है। कार्यक्रम में के.एस. चौहान, जगत सिंह चौहान, रणबीर सिंह तोमर, चतर सिंह चौहान, रघुवीर सिंह तोमर, टीकम सिंह चौहान, कुन्दन सिंह राठौर, महावीर सिंह ने किया।

# धनबल के सहारे सत्ता कब्जा रही भाजपाः प्रतिमा सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ0 प्रतिमा सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में सत्ताधारी दल भाजपा पर धनबल का दुरूपयोग कर सत्ता हथियाने का आरोप लगाते हुए कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में प्रदेश की ग्रामीण जनता ने भाजपा को पूरी तरह से नकार दिया। सभी जिलों में भाजपा के समर्थित उम्मीदवारों के खिलाफ मतदान किया है फिर भी भारतीय जनता पार्टी एन-केन-प्रकारेण जिला पंचायत अध्यक्ष एवं क्षेत्र पंचायत प्रमुख पदों पर धनबल एवं सत्ता के दम पर कब्जा करना चाहती है। इसका जीता जागता उदाहरण भाजपा के वर्तमान लैन्सडाउन विधायक दिलीप रावत की पत्नी को हराने वाली जिला पंचायत सदस्य को धनबल पर अपनी पार्टी में शामिल कराया जाना है। यही नहीं जिन जिलों में भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशी बुरी तरह हारे हैं उन जिलों में भी भाजपा जिला पंचायत सदस्यों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों की खरीद-फरोख्त कर किसी भी प्रकार जिला पंचायतों और क्षेत्र पंचायतों में कब्जा करना चाहती है।

डॉ0 प्रतिमा सिंह ने यह भी कहा कि पहले तो भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता का दुरूपयोग करते हुए जिला पंचायतों में आरक्षण चक्र को लेकर लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया और अब जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की खरीद-फरोख्त कर जिला पंचायत अध्यक्ष व प्रमुख पदों पर कब्जा करने का काम कर एकबार फिर से लोकतंत्र के चेहरे को कलंकित करना चाहती है। आने वाले चुनाव विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी धनबल के सहारे जनता को गुमराह करने और सत्ता कब्जाने वाली भाजपा को कांग्रेस ईमानदार कार्यकर्ताओं के माध्यम से जवाब देगी।

# एमडीडीए ने 54 बीघा अवैध प्लॉटिंग की ध्वस्त

### अवैध व्यवसायिक भवन को किया गया सील

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत, विभिन्न स्थानों देहरादून, विकास नगर में की जा रही प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण व डोईवाला क्षेत्र में किये जा रहे अवैध निर्माण सीलिंग की कार्यवाही की गयी।

प्राधिकरण की ओर से मिली जानकारी के अनुसार सतीश अग्रवाल की छरबा सहसपुर में लगभग 50 बीघा में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

वहीं दूसरे मामले में एकजोत व अन्य द्वारा कैनाल रोड पहाडी गली




चौक विकासनगर में लगभग 04 बीघा में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही में सहायक अभि. अभिषेक भारद्वाज, अवर अभि. सिद्धार्थ सेमवाल, ललित नेगी, सुपरवाईजर प्यारे लाल जोशी व पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। सेहराब मलिक द्वारा बुड्डी चौक शिमला बाईपास रोड में किये जा रहे अवैध व्यवसायिक भवन पर संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों पर कार्यवाही करते हुये सीलिंग की कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही में सहायक अभि. विजय सिंह रावत, अवर अभि. जितेन्द्र सिंह, सुपरवाईजर राकेश सिंह मौके पर मौजूद रहे।

# तिरंगा भारत की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीकः जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अपने देहरादून स्थित शासकीय आवास पर तिरंगा फहराया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने समस्त प्रदेशवासियों से अभियान से जुड़कर 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने का आव्हान भी किया।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी आह्वान पर विगत तीन वर्षों से हर



घर तिरंगा अभियान राष्ट्रप्रेम को जन-जन के मन में जागृत करते हुए एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। जोशी ने कहा कि हमारा राष्ट्रध्वज शतिरंगाश भारत की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है, जो हर भारतीय के आत्मगौरव और स्वाभिमान की पहचान भी है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि इस राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत अभियान में पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ भाग लें तथा अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा अवश्य फहराएँ। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, प्रदीप रावत, विष्णु गुप्ता, मनोज क्षेत्री, आशीष थापा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार गिरीश तिवारी को पितृ शोक, सीएम ने व्यक्त की संवेदनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दैनिक भास्कर उत्तराखंड संस्करण के संपादक गिरीश तिवारी के पिताजी के निधन पर दु:ख व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शो. काकुल परिवार जनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने भी संपादक गिरीश तिवारी के पिताजी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शो. काकुल परिवार जनों को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## नगर निगम देहरादून ने चलाया व्यापक स्वच्छता अभियान

देहरादून। नगर निगम देहरादून मंगलवार को व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया । यह अभियान लाडपुर चौक से प्रारम्भ होकर 6 नंबर पुलिया तक आयोजित किया गया, जिसमें मार्ग के दोनों ओर तथा समीपवर्ती वन क्षेत्रों की सफाई की गई। इस अवसर पर महापौर सौरभ थपलियाल एवं नगर आयुक्त नमामी बंसल (आईएएस) ने अभियान का शुभारम्भ किया और स्वयं भी सफाई कार्य में सहभागिता कर नागरिकों को स्वच्छता का संद. ेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि एक सतत आदत और जिम्मेदारी है।

# कांग्रेस के खरीद फरोख्त के दावे हस्यास्पदःचौहान

### पंचायत चुनाव में उतरने से कतरा रही कांग्रेस की खुली कलई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि पंचायत चुनाव मे भाजपा के बेहतर प्रदर्शन से कांग्रेस निराश और हताश है। जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख पदों पर काग्रेस की स्थिति यह है कि दावेदारों के सामने प्रस्तावक नही हैं और निर्विरोध हो रहे भाजपा प्रत्याशियों पर खरीद फरोख्त के हास्यास्पद आरोप लगा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिला पंचायत की 5 सीटों और ब्लॉक प्रमुख के 16



पदों पर भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध जीत हासिल कर चुके हैं। चौहान ने कहा कि जीत का यह सिलसिला जारी है और चुनाव से पहले बड़ी संख्या मे जिप अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख निर्विरोध जीत हासिल करेंगे। यह निर्वाचित प्रतिनिधियों का विकास के प्रति संकल्प को प्रबल करता है। चौहान ने कहा कि भाजपा को सदस्यों की खरीद फरोख्त की जरूरत नही है, क्योंकि सभी पदों पर अधिकांश रूप मे अधिकृत प्रत्याशी जीत हासिल कर आये हैं और इसी का परिणाम है कि पार्टी जिला पंचायत अथवा ब्लॉक प्रमुख के पदों पर निर्विरोध जीत हासिल कर रही है। कांग्रेस पहले चुनाव रोकने के लिए तमाम हथकंडे अपनाती रही और जब परिणाम सामने आये तो उसकी असलियत सामने आ गयी। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे उतरने से कतरा रही कांग्रेस क्यों चुनाव रोकने को उतावली थी, इससे यह भी साफ हो गया।

## डिस्कवरी पर दिखेगी 'एक था राजा विद अकुल त्रिपाठी

**देहरादून।** वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ने एक नयी इंडियन ओरिजिनल डॉक्यू-सीरीज 'एक था राजा विद अकुल त्रिपाठी' लॉन्च की है। यह शो दिलचस्प कहानी कहने के अंदाज को समृद्ध ऐतिहासिक किस्सों के साथ जोड़ता है और भारत के मशहूर और गुमनाम राजाओं-रानियों की बहादुरी और हिम्मत को फिर से जिंदा करता है। इसमें गोरिल्ला युद्ध रणनीति बनाने वाले योद्धाओं, नौसेना के जांबाज सिपाहियों और साम्राज्य बनाने वालों की कहानियाँ शामिल हैं। यह आठ एपिसोड की सीरीज दर्शकों को समय और ज्योग्राफिकल बाउंडरीज के पार ले जाती है।

# पुलिस ने किए चोरी के तीन दोपहियां वाहन बरामद,एक बंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** रायपुर क्षेत्र से लगातार चोरी हो रहे दुपहियां वाहनों को देख एसएसपी के निर्देश के बाद हरकत में आई स्थानीय पुलिस ने मालद. ेवता के पास से एक वाहन चोर को बंदी बनाकर उसके पास से चोरी के तीन दुपहियां वाहनों को बरामद किया है।

विगत कुछ समय से रायपुर क्षेत्र में वाहन चोर ने अपना आतंक मचा रखा था। आए दिन क्षेत्र से दुपहियां वाहनों के चोरी हो जानेसे क्षेत्र के लोगों में इस बात को लेकर रोष व्याप्त था कि दुपहियां वाहनों के चोरी हो जाने की जानकारी दिए जाने के बाद भी स्थानीय पुलिस वाहन चोर को गिरफ्तार नहीं कर पा रही थी। इस दौरान रायपुर क्षेत्र से दुपहियां वाहनों के चोरी होने की खबर के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश संदीप नेगी से दुपहियां वाहनों के चोरी होने पर नाराजगी व्यक्त की थी जिसके बाद रायपुर थानाध्यक्ष को चेतावनी दी गई थी। एसएसपी की नाराजगी को देख रायपुर पुलिस ने खेरी मान सिंह निवासी संजय सजवान पुत्र मंगल सिंह और शुभम कुमार पुत्र स्व. राम सिंह निवासी छबिल मार्ग कांवली रोड की तहरीर पर उनके दुपहियां वाहन चोरी हो जाने पर धारा 303/2 के तहत अभियोग पंजीकृत कर वाहन चोर की तलाश प्रारंभ कर दी थी।

इस दौरान पुलिस को सूचना मिली की क्षेत्र से लगातार चोरी हो रहे दुपहियां वाहनों को चोरी करने वाला वाहन चोर मालदेवता रोड के समीप किसी अन्य वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने चौकिंग के दौरान एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। थाने लाकर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नितिन थापा पुत्र सन्नी थापा निवासी नकरौंदा रायपुर बताया।

# नशा तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने नशे के तीन सौदागरों को गिरफ्तार कर उनके पास से बड़ी मात्रों में नशे की .खेप बरामद की है। पकड़े गए तीनों नशा तस्करों को संबंधित न्यायालय में पेश कर सुद्धोवाला जेल भेज दिया गया है।

उत्तराखंड को पूरी तरह से नशा मुक्त करने के लिए पुलिस महानिद. ेशक के निर्देश पर कार्य कर कर रहे पुलिसकर्मियों ने एक बार फिर नशा तस्करों की कमर तोड़ते हुए उनके खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है। क्षेत्राधिकारी सदर अंकित कण्ड़ारी ने बताया कि पटेलनगर कोतवाली पुलिस को काफी समय से सूचना मिल रही थी कि कुछ नशा तस्कर क्षेत्र के शिक्षण संस्थाओं और कॉलेजों में अध्यनरत छात्रों को नशे का आदि बनाने के लिए उन्हे नशे की खेप पहुंचा रहे है जिस कारण से वहां पर अध्यनरत छात्र नशे की चपेट में आ रहे है।

उन्होंने बताया कि सूचना के बाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटेलनगर और बाजार चौकी प्रभारी को उक्त नशा तस्करों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। इस दौरान स्थानीय पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्यवाही करते हुए करीब चार किलों गांजे के साथ एक नशा तस्कर को उसकी स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया, थाने लाकर पकड़े गए नशा तस्कर से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम गौतम साहनी पुत्र टुनटुन साहनी निवासी ग्राम पागालक्ष्मी थाना गायघाट जिला मुजफ्फरपुर बिहार हाल निवासी सुद्धोवाला बताया।

वहीं रायपुर पुलिस ने भी अपने क्षेत्र में चरस की बिक्री काफी तेजी से होने और नशा तस्करों की सर्कियात बढ़ जाने की जानकारी के बाद एक नशा तस्कर मुकेश पुत्र बाबूलाल निवासी पानी की टंकी चूना भटट को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में चरस बरामद की है। पुलिस ने नशे की तस्करी करने में इस्तेमाल की जाने वाली कार को भी कब्जे में ले ली।

## एडीएम ने ली पंचायत प्रमुखों के साथ बैठक

**देहरादून।** अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह ने मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए गठित शिकायत प्रकोष्ठ के कार्यो की समीक्षा बैठक ली। जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला सूचना अधिकारी ने बैठक में अवगत कराया कि जनपद स्तर पर गठित शिकायत प्रकोष्ठ में 12 अगस्त, 2025 तक कोई भी शिकायत प्राप्त नही हुई है। अपर जिलाधिकारी कार्यालय को भी कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है। अपर जिलाधिकारी ने सहायक नोडल अधिकारियों एवं वैयक्तिक सहायक को निर्देशित किया कि जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के निर्वाचन के संदर्भ में कोई भी शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल उनके समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

# बारिश से हुए नुकसान के प्रभावितों को राहत दी जाएः रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूरण सिंह रावत के नेतृत्व में धर्मपुर विधानसभा का एक प्रति. निधिमंडल मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह से मिला। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूरण सिंह रावत ने कहा कि भारी बरसात से धर्मपुर विधानसभा के वार्ड 82 दीपनगर, देहराखास वार्ड 72 एवं लोहियानगर वार्ड 75 के बिंदाल व रिस्पना नदी के पुस्ता टूटने से नदी के तेज बहाव से नदी का पानी लोगो के घरों में घुस गया जिससे लोगों के भवन क्षतिग्रस्त हो गए जिससे लोगों में भय का माहौल है। बरसात से सड़के क्षतिग्रस्त है जिससे लोग चोटिल हो रहे।

उन्होंने कहा कि लगातार




बारिश से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। घरों में रखा सामान भी खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभावितों के नुकसान का जायजा लेकर शीघ्र सहायता दी जाए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष दर्शन लाल, पार्षद मुकीम अहमद, फारुख अहमद, पीयूष गौड़, नितिन रावत, संदीप जैन, गुल मोहम्मद, हेमंत उप्रेती, फैजल, गुरु नैन, सुरेन्द्र मैठाणी व उस्मान आदि मौजूद रहे।

### नौकरानियों द्वारा सर्राफा कारोबारी के परिवार को जहर देने के मामले में

# प्लेसमेंट एजेंसी संचालक को दिल्ली से किया गिरफ्तार

**नौकरानियों की जल्द तलाश और गिरफ्तारी को दिल्ली व नेपाल बार्डर पर डेरा डाले है पुलिस टीमें**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्रांतर्गत आरके एन्कलेव में घर में चोरी के इरादे से नेपाली मूल की नौकरानियों द्वारा परिवार के सदस्यों को जहर देने के मामले में पुलिस ने प्लेसमेंट एजेंसी संचालक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार प्लेसमेंट एजेसी संचालक भी नेपाल का मूल निवासी है। पुलिस की पड़ताल में सामने आया था कि दिल्ली की सूरज प्लेसमेंट एजेंसी ने नेपाली मूल की दो महिलाओं अनिशा राय व पुष्पा को ज्वैलर्स कारोबारी के घर में नौकरी पर रखवाया था। इसके बाद रेल चौकी प्रभारी एसआई नवीन नेगी के नेतृत्व में दिल्ली पहुंची पुलिस टीम ने एजेंसी संचालक हीरा लामा पुत्र बुद्धा बहादुर निवासी



हरकेष नगर ओखला फेस-2 इन्डस्ट्रीयल स्टेट दक्षिण दिल्ली मूल निवासी जिला महोवरी अंचल जनकपुर नेपाल को गिरफ्तार कर लिया। प्लेसमेंट एजेंसी संचालक की गिरफ्तारी के बाद फरार नौकरानियों व अन्य षड्यंत्रकारियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। आरोपी नौकरानियों की जल्द तलाश और गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दिल्ली एवं नेपाल बॉर्डर पर भी ड़ेरा जमाए हुए हैं। 7 अगस्त को आरके एन्कलेव निवासी सर्राफा कारोबारी यशपाल मल्होत्रा के घर में काम करने वाली नेपाली मूल की नौकरानियों अनिशा राय व पुष्पा द्वारा घर में चोरी के इरादे से यशपाल मल्होत्रा, उनकी पत्नि व पोते को जहर देने की घटना सामने आयी थी। ऐन मौके पर कारोबारी की बेटी के आ जाने से महिलाएं मौके से फरार हो गयी थी। यशपाल मल्होत्रा के ज्वालापुर निवासी दामाद गौरव कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर मुकद्मा दर्ज कराया था।मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि नेपाली मूल की दोनों नौकरानियों को दिल्ली में सूरज प्लेसमेंट नाम से एजेंसी चला रहे हीरा लामा व उसकी पत्नी ने षडयंत्र के तहत चोरी करने के लिए सर्राफा कारोबारी के घर में काम के लिए भेजा था। नौकरानियों ने योजनाबद्ध तरीके से परिवार के लोगों को नशीला खाना देकर बेहोशी की नींद में सुला भी दिया था। लेकिन मकान मालिक की बेटी के अचानक पहुंच जाने से उनका प्लान फेल हो गया और बिना चोरी किए ही दोनों मौके से फरार हो गयी थी।

# माता पार्वती की तपस्थली है बिल्केश्वर महादेव मंदिर : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि माता पार्वती की तपस्थली बिल्केश्वर महादेव मंदिर में दर्शन व पूजन करने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। बिल्केश्वर महादेव मंदिर के वार्षिकोत्सव समारोह के अवसर पर आयोजित संत सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि महादेव शिव को पाने के लिए माता पार्वती ने इस स्थान पर निर्जन वन में बिल्व के वृक्ष के नीचे कठोर तप किया था। माता पार्वती के कठोर तप से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने माता पार्वती का वरण किया और इस स्थान पर बिल्केश्वर महादेव के रूप प्रतिष्ठित हुए। उन्होंने कहा कि मान्यता है कि माता पार्वती आज भी बिल्केश्वर महादेव मंदिर परिसर में मौजूद गौरी कुंड में स्नान करने



आती हैं। जो भक्त पूर्ण भक्ति भाव के साथ बिल्केश्वर महादेव के दर्शन और पूजा अर्चना करते हैं। उन्हें भगवान शिव और माता पार्वती की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त होता है। जिससे उनके सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है। भारत माता मंदिर के मंहत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि हरिद्वार के कण-कण में भगवान शिव का वास है। भगवान शिव भक्त से केवल श्रद्धा चाहते हैं। जो भक्त भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और विश्वास रखते हुए उनका ध्यान रखता है। उसका जीवन भवसागर से पार हो जाता है। विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान और मेयर किरण जैसल ने कहा कि संत महापुरूषों के सानिध्य में ही भक्तों का कल्याण होता है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज समाज को धर्म और अध्यात्म के प्रति अग्रसर करने के साथ समाज कल्याण में भी अहम योगदान कर रहे हैं। जिससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिएं। बिल्केश्वर महादेव मंदिर के महंत सतीश वन ने सभी संत महापूरूषों और अतिथीयों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महंत राज गिरी, राज्यमंत्री डा. जयपाल सिंह चौहान, गंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम, अनिल शर्मा, विशाल गर्ग, पंडित अधीर कौशिक, भोला शर्मा समाज सेवी अतुल शर्मा सहित कई नगर निगम पार्षद और श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

### धार्मिक रीति रिवाजों के साथ सामाजिक सरोकारों पर

# निर्णायक भूमिका निभा रही सर्व ब्राह्मण महासभा : पं. सुरेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि 1989 से महासभा समाज हित में काम कर रही है। धार्मिक रीति रिवाज के अलावा सामाजिक सरोकारों में भी महासभा निर्णायक भूमिका निभा रही है। देश एवं विदेश में भी महासभा सक्रिय रूप से ब्राह्मण समाज के लिए काम कर रही है। पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि आरक्षण को लेकर ब्राह्मण समाज के प्रति सरकार को गंभीरता बरतनी चाहिए। राजस्थान की तर्ज पर 8 लाख से कम आय वाले ब्राह्मण समाज के लोगों को आरक्षण का लाभ दिया जाए। देश की अन्य जातियां भी आरक्षण का लाभ ले रही है। उन्होंने कहा कि विशेष कर मंदिरों में पूजा पाठ का कार्य कर रहे पंडितों की आर्थिक स्थिति खराब है। सरकार को उनकी आर्थिक स्थिति पर भी नजर डालनी चाहिए। ब्राह्मण समाज सदैव धार्मिक रीति रिवाज एवं परंपराओं का निर्वहन करने में अपना योगदान बेहतर तरीके से प्रदान करता है। नवंबर माह में हरिद्वार में आयोजित किए जा रह अधिवेशन में ब्राह्मण समाज की विभिन्न समस्याओं पर विचार किया जाएगा। अधिवेशन में उत्तराखंड के मंदिरों में भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित करने मुद्दा प्रमुख होगा। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से जल्द ब्राह्मण समाज की मांगों को लेकर भेंट वार्ता किए जाने की घोषणा भी की। महासभा के कार्यों में तेजी लाने के लिए उन्होंने पदाधिकारियों की घोषणा करते अरूणा शर्मा को महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष, पंडित पदम प्रसाद सुवेदी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, पंडित कपिल शर्मा को छात्र सभा प्रदेश अध्यक्ष एवं महंत शुभग गिरी को प्रदेश प्रवक्ता शुभम, पंडित हितेश गौड़ को संस्कृति प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। प्रदेश अध्यक्ष डा.राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सर्व ब्राह्मण महासभा लगातार समाज की एकता एवं हितों में काम कर रही है। सामाजिक धार्मिक क्रियाकलाप महासभा के माध्यम से किए जा रहे हैं। ब्राह्मण समाज सदैव ही धार्मिक रीति रिवाज एवं परंपराओं को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ब्राह्मण समाज की एकता बनाए रखने में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के अध्यनरत बच्चों के लिए 85 प्रतिशत अंक लाने वाले बच्चों की शिक्षा के लिए महासभा योगदान देगी। नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता महंत शुभम गिरी एवं छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित कपिल शर्मा ने कहा कि महासभा के हितों में काम किया जाएगा। संस्कृत शिक्षा के लिए प्रचार प्रसार पर भी जोर दिया जाएगा इस दौरान अरुणा वशिष्ठ, रचना शर्मा, डा.संध्या शर्मा, अरुणा शर्मा, नीलम मिश्रा, रचना शर्मा आदि ने भी विचार रखे। इस दौरानं नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया।

# बच्ची के अपहरण के प्रयास में शामिल आरोपित महिला गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महिला के साथ मारपीट कर उसकी चार वर्षीया बेटी के अपहरण के प्रयास के मामले में ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 2 अगस्त को सुभाष नगर गली नंबर बी-9 निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर दीपक सैनी पुत्र रणवीर सिंह, प्रवीण सैनी पुत्र सुरेश सैनी, रणवीर पुत्र रिसाल सैनी व 3 महिलाओं का नामजद करते हुए उसकी 4 वर्षीया बेटी का अपहरण करने व विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए



मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने आरोप लगाया था कि वह बेटी को लेकर स्कूटी से जा रही थी। इसी दौरान आरोपितों ने उसकी स्कूटी रोक ली और उसकी बेटी का अपहरण कर लिया। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गयी। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने उसकी बच्ची को आरोपितों से वापस दिलाया। इसके बाद सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपियों की तलाश में उनके ठिकानों पर दबिश देते हुए मामले में नामजद एक आरोपी महिला निवासी ग्राम ल्वाणी थाना थराली जनपद चमोली हाल निवासी मदनपुरी दिल्ली को रानीपुर क्षेत्र से गिरफतार कर लिया। पुलिस टीम में एसआई सोनल रावत, महिला कांस्टेबल सुल्ताना बानो शामिल रही।

## एक नजर

### भर्ती में फिट, नौकरी में सुस्त – हरिद्वार पुलिस की फिटनेस कहानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सूत्रों के अनुसार हरिद्वार पुलिस और पीआरडी के अधिकांश जवान शारीरिक रूप से फिट नहीं हैं। भर्ती के समय जोश और ट्रेनिंग के दौरान ली गई कसम – "हमेशा फिट रहेंगे" – नौकरी मिलने के बाद जैसे भूल जाती है। एक बार भर्ती प्रक्रिया का कठिन फिजिकल टेस्ट पास करने के बाद, कई पुलिसकर्मी ढीले पड़ जाते हैं और फिटनेस की ओर ध्यान नहीं देते। फिटनेस की कमी का सीधा असर अपराध नियंत्रण पर भी दिख रहा है। अपराधियों को पकड़ने के लिए जिस चुस्ती की जरूरत होती है, वह कई मामलों में नदारद है। जबकि हरिद्वार में कुछ फिट पुलिसकर्मी आज भी अपराधियों के लिए डर का कारण हैं, बाकी की सुस्ती अपराधियों को बढ़ावा देती है।

बीते महीनों में कुछ पुलिसकर्मियों को अपराधी को रोकने के लिए गोली चलानी पड़ी। जबकि अगर फिटनेस बेहतर होती, तो ऐसे हालात से बचा जा सकता था। जानता की मांग है कि हरिद्वार पुलिस का महीने में कम से कम एक बार फिटनेस चेकअप होना चाहिए और फिटनेस मानक वहीं होने चाहिए जो भर्ती के समय लागू थे।

### श्यामपुर पुलिस ने गैर जमानती वारंटी को किया गिरफ्तार

**हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित, ईनामी व वारंटी गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना श्यामपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गैर जमानती वारंटी को धर दबोचा। जानकारी के अनुसार, माननीय न्यायालय श्रीमान द्वितीय अपर सिविल जज/जेएम हरिद्वार द्वारा वाद संख्या 905/2024, धारा 326, 341, 506 भादवि में जारी एनबीडब्लू के तहत वांछित मांगी उर्फ इनाम पुत्र शमशेर (उम्र 30 वर्ष), निवासी गली नंबर 7, गुर्जर बस्ती, गैण्डीखाता थाना श्यामपुर, को पुलिस टीम ने सटीक सुरागरसी के आधार पर उसके मस्कन से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में व0उ0नि0 मनोज रावत, का0 संदीप रावत शामिल रहे।

### श्यामपुर पुलिस ने स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

**हरिद्वार।** थाना श्यामपुर पुलिस ने स्मैक तस्करी करने आए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जबकि पुलिस की धरपकड़ के दौरान एक आरोपी फरार हो गया। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस की गिरफ्त में आए सहारनुपर निवासी आरोपी के कब्जे से 21 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

नशा तस्करी रोकने के लिए ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को चण्डीघाट चौकी के समीप अस्थाई बस अड्डा गौरीशंकर पार्किंग मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने रवि पुत्र यशपाल निवासी पीर माजरा खत्री वाला थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर को स्मैक सहित दबोच लिया। जबकि एक आरोपी आकाश पुत्र प्रेमचंद निवासी रविदास मंदिर वाली जगजीतपुर हरिद्वार मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम में एसआई देवेंद्र सिंह तोमर व कांस्टेबल राजवीर सिंह शामिल रहे।

### बारिश के पानी की समुचित निकासी न होने से

# आयुर्वेदम इनकलेव कालोनीवासियों की जीवन हुआ अस्त व्यस्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद में लगातार अनियोजित तरीके से काटी जा रही कॉलोनियां अब लोगों के लिये परेशानी का सबब बनती नजर आ रही है। क्लोनाइजर द्वारा काटी गई कालोनी में न तो पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से लोगों के घरो में बारिश का पानी जा रहा है। जिसके चलते अपने सपनों का घर बनाने के बाद कालोनी में निवास करने वाले लोग अपने को ठगा महसूस कर रहे है। कालोनी काटते समय क्लोनाइजर द्वारा भ्रामक प्रचार-प्रसार कर अपनी ओर आकृषित कर लेते है। ऐसी एक कालोनी पंतजली योग पीठ के निकट आयुर्वेदम इनकलेव कालोनी का है।



जहां क्लोनइजर द्वारा कालोनी काटने के पश्चात भ्रामक प्रचार-प्रसार कर आयुर्वेदम इनकलेव कालोनी के प्लाट लोगों को बेच दिये। कॉलोनी में लोगों ने अपने सपनो का घर तो बना लिया। इन दिनों जनपद में लगतार हो रही मूसलाधार बारिश से कालोनी में बारिश के पानी की निकासी न होने से समूचे कालोनी में दो से तीन फीट पानी भर जाने से कालोनीवासियों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोगों अपने काम पर, बच्चों को स्कूल सहित अन्य कार्यों के लिये भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि पानी की निकासी के लिये ग्राम प्रधान सहित शासन प्रशासन से गुहार लगाई है लेकिन इसके बावजूद इस और कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।

# यूपी सिंचाई विभाग के सहायक अधिशासी अभियंता ने की गंगा तट से दूर रहने की अपील

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के सहायक अधिशासी अभियंता भारत भूषण ने लगातार बढ़ रहे गंगा के जलस्तर को देखते हुए गंगा किनारे बसे लोगों से दूर जाने की अपील की है। यूपी सिंचाई विभाग के सहायक अधिशासी अभियंता भारत भूषण ने अपील करते हुए कहा कि लगातार हो रही बरसात की वजह से गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। भीमगोड़ा बैराज पर गंगा खतरे के निशान के करीब बह रही है। गंगा कब रौद्र रूप धारण कर ले कुछ नहीं कहा जा सकता है। इसलिए खतरे को देखते हुए गंगा किनारे बसे लोगों को दूर सुरक्षित स्थानों पर चले जाना चाहिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और



कर्मचारियों को भी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है। गौरतलब है कि उत्तराखंड के पर्वतीय जनपदों में लगातार हो रही बारिश की वजह से गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जिसे देखते हुए सिंचाई विभाग और प्रशासन द्वारा लगातार लोगों से गंगा तट से दूर रहने की अपील की जा रही है।

# जमालपुर मंडल में धूमधाम से निकली तिरंगा यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** हरिद्वार-ग्रामीण विधानसभा के जमालपुर मंडल की तिरंगा यात्रा रैली धूमधाम के साथ निकाली गई। रैली का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने झंडी दिखाकर किया।

मंगलवार को जमालपुर कला मंडल की तिरंगा यात्रा रैली का सुभारम्भ भाजपा के अध्यक्ष आषुतोष शर्मा झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तिरंगा रैली के माध्यम से सभी लोगों में देश प्रेम की भावना विकसित होती है। हम सभी को अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाकर सेल्फी लेनी चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा किसान मोर्चा धर्मेंद्र सिंह चौहान ने तिरंगा रैली में आए सभी पदाधिकारी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सभी मंडलों में तिरंगा रैली निकाली



जा रही है। इसी क्रम में जमालपुर मंडल की तिरंगा रैली ग्राम कटारपुर, बहादुरपुर जट, गाड़ोवाली, सराय जमालपुर, निसरपुर, अजीतपुर, पंजनहेड़ी, जियापोटा होते हुए कटारपुर चौराहे पर समाप्त की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विवेक चौहान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान, चंदकिरण सिंह, चौधरी सत्य कुमार, सरवन चौहान, प्रधान हरिंदर सिंह, जिला पंचायत सदस्य सोहनवीर पाल, प्रखर प्रधान, रवीश गोरियांन, रमेश प्रधान, दीपचंद, अरुण रेड्डी जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, जिला महामंत्री आशु चौधरी, रेनू चौधरी, चीनू चौधरी, आदर्श कश्यप, अंकित शर्मा, अनुज पाल, सचिन कश्यप, मुकर्रम अली सचिन आर्य, राहुल चौहान एडवीकेट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म करने का मुख्य आरोपी के बाद दो अन्य भी संरक्षण में

### दूसरे दुष्कर्म मामले में एक भेजा जेल, झोलाछाप फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव में सामुहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी के अलावा दो अन्य नाबालिग किशोरों को भी संरक्षण में ले लिया है। पुलिस दोनों को न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जा रहा है। वही, अश्लील हरकत करने के मामले में फरार चल रहे झोलाछाप को पुलिस गिरफ्तार नही कर पाई है। पुलिस के अनुसार किशोरी से दुष्कर्म व छत से धक्का देकर जान से मारने के प्रकरण में मुख्य आरोपी अरविंद को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उसके दो साथियों की धरपकड़ के लिए लगातार दबिश दे रही थी सोमवार को दोनों किशोरों को पकड़ लिया गया है। आरोपित नाबालिग होने पर मानवाधिकार आयोग की गाइडलाइन के अनुसार दोनों को संरक्षण में लेकर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। बताया कि नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म करने के बाद पकड़े जाने के डर से तीनों ने किशोरी को जान से मारने की नीयत से छत से नीचे फेंक दिया था। गंभीर रूप से घायल पीड़िता का इलाज एम्स हॉस्पिटल ऋषिकेश में चल रहा है। वहीं, आरोपी और किशोरी के अलग-अलग समुदाय के होने के कारण मामले ने तूल पकड़ हुआ है। तनाव को देखते हुए गांव में भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। इसके अलावा दूसरे किशोरी के मामले में फरार चल रहे झोलाछाप को अभी तक पुलिस गिरफ्तार नही कर पाई है। मामले में परिजनों ने एसएसपी से झोलाछाप को जल्द गिरफ्तार करने की गुहार लगाई गई है। एसओ पथरी मनोज नौटियाल ने बताया दुष्कर्म पीड़िता के फरार दोनों आरोपियों को पुलिस संरक्षण में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। झोलाछाप की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# हरिद्वार में मलेशिया सिविल सेवा प्रशिक्षु अधिकारियों का स्वागत

**प्रशासनिक व्यवस्थाओं का मिला अनुभव**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मलेशिया सिविल सेवा के 33 प्रशिक्षु अधिकारियों का एक दल राष्ट्रीय सुशासन केंद्र, भारत सरकार के तत्वावधान में कोर्स कोऑर्डिनेटर/फैकल्टी मेंबर डॉ. संजीव शर्मा, कोऑर्डिनेटर डॉ. बी.एस. बिष्ट एवं ट्रेनिंग एसोसिएट बृजेश बिष्ट के नेतृत्व में हरिद्वार पहुंचा। विकास भवन में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ और गंगाजल भेंटकर उनका स्वागत किया। विकास भवन कन्वेंशन हॉल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने मलेशिया सिविल सेवा में चयनित प्रशिक्षु अधि



कारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों, दायित्वों, अधिकारों एवं शक्तियों के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, हरिद्वार की सांस्कृतिक-धार्मिक पहचान, गंगा आरती, कुंभ मेला, कांवड़ यात्रा, भीड़ नियंत्रण और आपदा प्रबंधन जैसी चुनौतियों पर विस्तार से जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने ग्राम स्तर तक विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और पात्र लाभार्थियों तक उन्हें पहुंचाने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चौधरी ने पुलिस संरचना, कानून-व्यवस्था, धार्मिक मेलों में सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के अनुभव साझा किए। खंड विकास अधिकारी बहादराबाद मानस मित्तल ने विकास खंड स्तर की योजनाओं की जानकारी दी, जबकि कार्यक्रम का संचालन जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नलिनी ध्यानी ने किया। मलेशिया टीम लीडर और डिप्टी डायरेक्टर, फायर एंड रेस्क्यू डिपार्टमेंट मोहम्मद खैरुल रिजाल एवं बृजेश बिष्ट ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर. के. सिंह, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, परियोजना निर्देशक के.एन. तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, जिला बाल विकास अधिकारी सुलेखा सहगल, आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, तहसीलदार सचिन कुमार, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिषेक चौहान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सिडकुल क्षेत्र में नहीं थम रहीं चोरी की घटनाएं

### पुलिस ने एक आरोपी पकड़ा, लेकिन सवाल बरकरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें लगातार हो रही हैं और पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं। हाल ही में पुलिस ने 11 अगस्त को राजपूत विहार कॉलोनी निवासी शैलेश पुत्र विघनदास को चोरी गई बैटरी के साथ गिरफ्तार किया, लेकिन यह गिरफ्तारी इस बात का सबूत भी है की इलाके में अपराधी बिना किसी डर के वारदात अंजाम दे रहे हैं। बताया गया कि आरोपी को एच.पी. पेट्रोल पंप से करीब 50 मीटर दूर स्थित ट्यूबवेल के पास से चोरी के सामान के साथ पकड़ा गया। बरामदगी में ऑरेंज और काले रंग की एक बैटरी शामिल है।



स्थानीय लोग आरोप लगा रहे हैं कि पुलिस हर बार घटना के बाद ही हरकत में आती है, जबकि चोरियों पर पहले से अंकुश लगाने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं दिखती। ऐसे में सवाल उठता है। पुलिस की सक्रियता सिर्फ पकड़ने तक ही सीमित है या अपराध रोकने की कोई रणनीति भी है?

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# नशा तस्करों के विरुद्ध सेलाकुई पुलिस का एक्शन

■ शिक्षण संस्थान में अध्यनरत एक छात्र व मजदूरी करने वाला 530 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूलों के साथ गिरफ्तार
मेडिकल संचालक भी 50 प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** थाना सेलाकुई पुलिस ने 530 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूलो के साथ शिक्षण संस्थान में अध्यनरत छात्र, मजदूरी करने वाला व मेडिकल संचालक सहित 3 नशा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मेडिकल संचालक से 50 प्रति. बंधित कैप्सूल बरामद किए। जिन्हें कोर्ट में पेश किया गया।

सेलाकुई पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान बीते रोज सोमवार को 2 नशा तस्करों शादाब सिद्दीकी पुत्र इकरार अली, निवासी कुरिया खुर्द पुरनपुर, पीलीभीत उत्तर प्रदेश तथा मोहम्मद मोहिद मोहम्मद मोहिद पुत्र अहमद, निवासी पूरनपुर जनपद पीलीभीत, उत्तर प्रदेश को कुल 480 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध थाना सेलाकुई पर धारा 8/22/29/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने शादाब ने बताया कि वह पूरनपुर जनपद पीलीभीत यूपी का मूल निवासी है देहरादून में एक प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान में अध्यनरत है, जहां पर बीएमआरआईटी कोर्स कर रहा है तथा मोहम्मद मोहिद ने बताया कि वह भी पुरनपुर पीलीभीत उत्तर प्रदेश का रहने वाला है तथा सेलाकुई में मजदूरी करता है।

दोनों एक ही कमरे में सेलाकुई में किराए पर रहते हैं अपने खर्चों को पूरा करने के लिए हम वसीम जिसका जमनपुर में शान मेडिकल स्टोर के नाम से मेडिकल स्टोर है जहां से हम प्रतिबंधित कैप्सूल खरीद कर अन्य छात्रों तथा मजदूरों को अधिक दामों पर बेच देते थे।

जिस सम्बन्ध में मेडिकल संच. ालक के विरूद्ध भी एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर मेडिकल संचालक वसीम पुत्र नजीर अहमद निवासी सभावाला, थाना सहसपुर को भी गिरफ्तार कर आरोपी वसीम से 50 प्रतिबन्धित कैप्सूल बरामद किये गये।

पुलिस टीम में रीना राठौर क्षेत्राधिकारी प्रेम नगर, पीडी भट्ट थाना अध्यक्ष सेलाकुई, एसएसआई जितेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल धनवीर, सिपाही अश्वनी, सिपाही एसओजी आशीष शामिल रहे।

# हर्षिल भागीरथी नदी पर बनी झील को खोलने के प्रयास तेज डीएम स्वयं मौके पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी,** 12 अगस्त:धराली-हर्षिल में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के बाद हर्षिल हेलीपैड के निकट भागीरथी नदी पर बनी झील को नियंत्रित तरीके से खोलने के प्रयास उत्तराखंड जल विद्युत निगम और सिंचाई विभाग की टीमों द्वारा लगातार जारी हैं।जिलाधिकारी प्रशांत आर्य भी 5 अगस्त से स्वयं धराली हर्षिल में बने हुए हैं और आपदा पीड़ितों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराए जाने के लिए सभी व्यवस्थाओं का निरन्तर निर्देशन कर रहे है।

हर्षिल हैलीपेड पर भागीरथी नदी पर बनी झील को मैनुअल तरीके से खोले जाने वाले स्थान पर जिलाधिकारी द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। हैलीपेड पर बनी झील को मैनुअली पंचर करने का प्रयास कर रहे कार्मिकों के साथ हाथ बंटाने में आज स्वयं जिलाधिकारी लग गए और लग रहे कार्मिकों का हौसला बढ़ाते दिखाई दिए। इससे झील खोलने में लगे कार्मिकों में उत्साह दिखाई दिया। गौरतलब हैं कि हर्षिल हैलीपेड पर बनी झील को नियंत्रित ढंग से खोलने के प्रयास निरन्तर जारी है।

# सैंकड़ों भाजपाईयों ने हरबर्टपुर में निकाली तिरंगा यात्रा

■ यात्रा देशभक्ति के गीतों और नारों से रही गुंजायमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभर में चल रही तिरंगा यात्राओं के क्रम में आज भाजपा जिला देहरादून के अंतर्गत हरबर्टपुर मंडल में मंडल अध्यक्ष हरबर्टपुर राहुल शर्मा के नेतृत्व में बस स्टैंड उत्तराखंड परिवहन देहरादून रोड से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

तिरंगा यात्रा बस स्टेंड से प्रारंभ होकर हरबर्टपुर चौक से विक. ासनगर रोड, पांवटा रोड होते हुए सहारनपुर रोड स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में समाप्त हुई। यात्रा देशभक्ति के गीतो और नारो से गुंजायमान रही।

तिरंगा यात्रा में अध्यक्ष नगर पालिका नीरू देवी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष रावत, जिला महामंत्री विनोद कश्यप, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश कौशिक, जनार्दन जोशी, ऋषभ अग्रवाल, ममता मुल्तानी, प्रमोद रोहिला, आकाश मुल्तानी, विजय पटवाल, आशा सैकसेना, कोमल चौधरी, संदीप ठाकुर, जगपाल चौधरी, देवेंद्र चावला, संग्राम सिंह, आरपी सिंह, पूर्व सैनिक लक्ष्मी प्रसाद मिश्रा, राजपाल नेगी, द्वारिका प्रसाद जोशी, हर्षपति बहुगुणा, आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# आर्य समाज मंदिर में गुरु सम्मान व वार्षिक बैठक का आयोजन

**विकासनगर।** संस्कार भारती जिला इकाई द्वारा कला गुरु सम्मान एवं वार्षिक बैठक का आयोजन आर्य समाज मंदिर विकास नगर में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप ज्योति कार्यक्रम पश्चात ध्येय गीत के साथ किया गया। मंच संचालन जिला महामंत्री रेखा खत्री रौथाण ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विष्णु महावर संस्थापक हनुमत धाम विकासनगर, विशिष्ट अतिथि नरेंद्र वर्मा प्रधान अध्यक्ष आर्य समाज मंदिर विकासनगर, विशिष्ट अतिथि आचार्य चंदन शास्त्री, अरविंद शर्मा, आचार्य डॉक्टर आशीष शर्मा जिला इकाई अध्यक्ष संस्कार भारती विकासनगर, शिक्षा के क्षेत्र में अपना विशेष योग देने पर वरिष्ठ , विमला भंडारी एवं आरती पंवार को कला गुरु सम्मान से सुशोभित करा।

# स्वास्थ्य व पोषण सेवाओं में सुधार के लिए आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का समन्वय जरूरी: राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता ब्लॉक के अंतर्गत आंगनबाड़ी परियोजना कार्यालय में मंगलवार को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलम जायसवाल ने की, जिसमें चकराता-त्यूणी क्षेत्र की सभी सुपरवाइजर मौजूद रहीं।



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के ब्लॉक समन्वयक महावीर सिंह राणा ने बैठक में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि दोनों ही समूह स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जहां बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण व देखभाल पर केंद्रित होती हैं, वहीं आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और जागरूकता बढ़ाने का काम करती हैं।

परियोजना अधिकारी नीलम जायसवाल ने राणा की बातों से सहमति जताते हुए कहा कि नियमित बैठकें, संयुक्त प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों से यह समन्वय और मजबूत होगा। इससे स्वास्थ्य व पोषण योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी तरीके से हो सकेगा, और समुदाय को सीधा लाभ मिलेगा।

बैठक में बलवीर सिंह रावत (राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, चकराता), कृपाराम शर्मा (लेप्रोसी सुपरवाइजर, चकराता) सहित चकराता एवं त्यूणी क्षेत्र की सभी सुपरवाइजर उपस्थित रहीं।

एक नजर .......

## एसएसबी और पुलिस के जवानों को बांधी स्वनिर्मित राखियां

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिरला परिसर के गृहविज्ञान विभाग की छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस-2025 और हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति की मिसाल पेश की। इस वर्ष रक्षाबंधन और 15 अगस्त के बीच आए अद्भुत संयोग को खास बनाते हुए छात्राओं ने तिरंगे के केसरिया, सफेद और हरे रंग से सजी विशेष राखियां तैयार कीं। मंगलवार को छात्राओं द्वारा यह राखियां एसएसबी के जवानों समेत श्रीनगर पुलिस के जवानों को पहनाई। गढ़वाल विवि की यह पहल पारिवारिक सुरक्षा से आगे बढ़कर देश और समाज की रक्षा करने वालों के प्रति आभार और सम्मान का संदेश बनी। रक्षा सूत्र बांधने की शुरुआत कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह से हुई। गृहविज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनीता सती ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाना तथा विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की भावना विकसित करना है। कहा कि राखियों को केवल भाई की कलाई तक सीमित न रखते हुए छात्राओं ने विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मियों, सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) के जवानों, अधिकारियों और स्थानीय पुलिसकर्मियों को स्वयं जाकर बांधा

## युवा दिवस केवल एक उत्सव ही नहीं, एक संकल्प का दिन

**श्रीनगर।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पौडी गढ़वाल के निर्देशानुसार मंगलवार को तहसील विधिक सेवा समिति कि अध्यक्ष एवं सिविल जज अलका के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर श्रीनगर में विधिक शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर सिविल जज अलका ने युवाओं को उनके मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमेश चन्द्र जोशी ने कहा कि युवाओं को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों एवं दायित्वों के बारे में जागरूक रहना चाहिए। पूर्व महासचिव विकास पंत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस केवल एक उत्सव ही नहीं है, बल्कि यह एक संकल्प का दिन है। कहा कि युवा सशक्त और जागरूक होंगे तो राष्ट्र निश्चित रूप से प्रगति करेगा। कहा कि यह दिवस हमें यह संदेश देता है कि युवा ही भविष्य है और उनके विकास में ही देश का विकास निहित है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन श्रीनगर के संरक्षक अनूप श्री पांथरी, सहायक अभियोजन अधिकारी अर्पणा अवस्थी, पूर्व सह सचिव प्रदीप मैठाणी, सचिव ब्रह्मानंद भट्ट, पूर्व उपाध्यक्ष विवेक जोशी, सुनीता भण्डारी, सह सचिव देवी प्रसाद खरे, विकास कठैत, बलबीर सिंह रौतेला, सुरेन्द्र सिंह रौथाण, सोनाली जैन, कविता मेवाड, नितेश भारती सहित आदि मौजूद थे।

## दो लाख चालीस हजार की स्मैक के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस की अवैध नशे के विरुद्ध कार्यवाही में 7. 30 ग्राम स्मैक (कीमत 2 लाख 40 हजार रूपए) के साथ 1 नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। थाना सहसपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत बीते रोज सोमवार को चौकिंग के दौरान चांचक रेशमफार्म के पास खाली प्लाटिंग से एक नशा तस्कर साहिल पुत्र मो0 गुलशेर निवासी बड़ा रामपुर थाना सहसपुर को 07.30 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरा. पी के विरुद्ध थाना सहसपुर परएनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया ।

## कांग्रेसी नेता ने विधुत विभाग पर लापरवाही का आरोप

विकासनगर। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष यूवा कांग्रेस यश शर्मा ने विधुत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बीती रात लगभग 1 बजे ग्राम पंचायत एटनबाग वार्ड नंबर 5 खड़े के पास बिजली के खंभों पर लगे मीटरो में विधुत विभाग की लापरवाही के कारण आग लग गई जिसके चलते बिजली भी गूल हो गई और सारे मिटर भी जलकर खाक हो गए और जान माल की हानि होते-होते बची।अध्यक्ष यश शर्मा ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा विधुत विभाग को लगभग 7-8 महिने पहले से बार बार खम्भौ में तारो व मीटर की समस्या की कम्पलेंट की जा रही थी मगर विधुत विभाग के सिर पर जूं तक नहीं रेंगी।

# जेबीआईटी में धूमधाम से मनाया गया लाइब्रेरियन डे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जेबीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में लाइब्रेरियन डे बड़े धूमधाम के साथ बनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल, निद. ेशक डॉ. पीके चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं डॉ रंगनाथन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।



इस अवसर पर एक सेमिनार का भी आयोजन किया गया। वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल ने सर्वप्रथम सभी को लाइब्रेरियन डे की बधाई दी, उन्होंने कहा की पुस्तक एवं पाठक के बीच एक पुल का काम लाइब्रेरियन करता है, उन्होंने विद्यार्थियों को लाइब्रेरी का अधिक से अधिक उपयोग करने तथा बुक्स के प्रति लगाव विकसित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा की पुस्तक ही मनुष्य जीवन की सबसे सच्चे मित्र होती हैं'।निदेशक डॉक्टर पीके चौधरी ने बताया कि यह दिवस भारत की महान शिक्षक 'पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस आर रंगनाथन की जयंती के उपलक्ष में आयोजित किया जाता है डॉक्टर रंगनाथन के पुस्तकालय के विकास एवं ज्ञान में उनके अद्वितीय योगदान के लिए 'पद्म श्री जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार' से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष से 'उत्कृष्ट पाठक सम्मान' प्रदान किया जाएगा जिसमें देखा कि े सर्वाधिक पुस्तकों का उपयोग करने वाले विद्यार्थी और शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में के 'चीफ लाइब्रेरियन डॉक्टर किशोर भट्ट द्वारा लाइब्रेरी के आधुनिक डिजिटल संसाधनों, ई जनरल, ई बुक्स और रिसर्च डेटाबेस के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर चीफ लाइब्रेरियन डा. किशोर भट्ट, रजिस्ट्रार डॉक्टर विशांत कुमार, डॉ. संदीप चौधरी, मनोज चौधरी, डॉ. नीरज कुमार, प्रो. पीके गर्ग, नवीन सिंह, पुनीत कुमार, मोहम्मद इमरान, लाखन सिंह, डॉ. विनय अवस्थी सहित सभी विभागों के शिक्षक एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

# डाकपत्थर महाविद्यालय के छात्राओं ने प्राप्त की नवीनतम तकनीकी ज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद डाकपत्थर महाविद्यालय के 15 छात्राओं ने दून यूनिवर्सिटी में इंफोसिस और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. दीपक पांडे की उपस्थिति में माय इंफोसिस के अधिकारी वायु त्रिपाठी द्वारा किया गया।

वायु त्रिपाठी ने छात्राओं को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और सर्टिफिकेट प्राप्त करने की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के सर्टिफिकेट से छात्राओं को डिग्री में अतिरिक्त अंक प्राप्त होंगे और आने वाले समय में विभिन्न जॉब के अवसर प्राप्त होंगे। वाणिज्य विभाग प्रभारी व करियर काउंसलिंग सेल संयोजक डॉ. पूजा राठौर ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से छात्राओं ने नवीनतम तकनीकों और कौशलों का ज्ञान प्राप्त किया और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए तैयार हुई।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा और उन्हें उद्योग जगत में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगा।

# राजकीय इंटर कॉलेज मेंद्रथ अब पंडित सैराम के नाम से जाना जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जौनसार-बावर क्षेत्र के मेंद्रथ स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नाम अब पंडित सैराम के नाम से जाना जाएगा। शासन ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। अपर सचिव रंजन राजगुरु द्वारा जारी शासनादेश निदेशक माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखंड की संस्तुति पर आधारित है।

स्थानीय लोगों की लंबे समय से यह मांग थी कि विद्यालय का नाम क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी और धार्मिक व्यक्तित्व स्वर्गीय पंडित सैराम के नाम पर रखा जाए। पंडित सैराम, जौनसार-बावर के हुग्णाभाट परिवार से थे, जिन्हें महासू देवता के चार पुरोहित परिवारों में गिना जाता है।

मंदिर स्थापना और धार्मिक परंप. राओं के निर्वहन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। वे देवी उपासक और लोकहित के लिए समर्पित रहे।

महासू देवता मंदिर प्रबंधन समिति, हनोल के सचिव मो. हनलाल सेमवाल ने कहा, मेरे पिता पंडित सैराम ने सदैव समाज कल्याण को प्राथमिकता दी। विद्यालय का नामकरण उनके नाम पर होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। हम उत्तराखंड सरकार के आभारी हैं।

# जोशी ने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को देहरादून में अतिवृष्टि से प्रभावित मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आर्य नगर, दून विहार, विलासपुर कांडली, अमन विहार और राजपुर स्थित खाला गांव का स्थलीय निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने अमन विहार में बरसाती नाले पर पुल निर्माण कार्य तथा राजपुर स्थित खाला गांव में चेक डेम निर्माण को प्राथमिकता पर पूर्ण करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग और संबंधित अधिकारियों को दिए। जोशी ने विलासपुर कांडली में अतिवृष्टि से महेंद्र गुरुंग, चुन्नी लाल, महेश प्रसाद और मोनिका के घरों में दरारें एवं पुश्ता और आंगन क्षतिग्रस्त होने पर उन्होंने शीघ्र आपदा मानकों के अनुसार इस्टीमेट तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश भी दिए।



कैबिनेट मंत्री जोशी ने प्रभावित परिवारों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि सरकार हर समय उनके साथ खड़ी है। उन्होंने मौके पर ही 30 से अधिक प्रभावितों को आंशिक नुकसान के तात्कालिक सहायता राशि के चेक और राहत सामग्री की किट प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों को राहत एवं पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने तथा प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर सुरेंद्र राणा, पार्षद योगेश घाघट, मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, प्रदीप रावत, निरंजन डोभाल, वंदना ठाकुर, संजय नौटियाल, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी जितेंद्र त्रिपाठी सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इन प्रभावितों को मिले सहायता राशि के चेक - संजीव कुमार, कांति, अमरेंद्र अजय कुमार, सुरेश, विनीता अधिकारी, राममाया, ममता देवी, शांति देवी, गुंजन शर्मा, पूनम रानी, सपना गुरुंग, रूपकला थापा, प्रिया शर्मा, हेमा देवी, शारदा देवी, पूरन थापा, मीरा क्षेत्री, कमल गुरुंग,सोनम, छोटेलाल, छोटे खान, चंपा देवी, साकेत त्यागी, पूनम, सलमा, शारदा, जय प्रकाश, राजा, सुमित्रा देवी, सुरेश, विनीता आदि।

# तिरंगे के रंग में रंगा रुद्रप्रयाग शहर, उमड़ा देशभक्ति का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में "आजादी का अमृत महोत्सव" के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनपद मुख्यालय रुद्रप्रयाग में हर घर तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा आर्मी बैंड से प्रारंभ होकर गुलाबराय मैदान तक उत्साहपूर्वक संपन्न हुई।



तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों, नारों और स्कूली बैंडों की मधुर धुनों से पूरा नगर गूंज उठा। सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों ने तिरंगे को सलामी देकर यात्रा का स्वागत किया। चारों ओर तिरंगे की शान और देशप्रेम का अद्भुत नजारा देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि "हर घर तिरंगा अभियान हमारे भीतर देशभक्ति की भावना को और प्रबल करता है तथा हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद दिलाता है। उन्होंने विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को देश के प्रति कर्तव्यभाव और अनुशासन का पाठ ऐसे आयोजनों से मिलता है। यात्रा का समापन गुलाबराय मैदान में हुआ, जहां उपस्थित सभी लोगों ने एक साथ तिरंगे को लहराकर देश की एकता और अखंडता का संकल्प लिया।

जनपद में स्वतंत्रता दिवस तक "आजादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक, रंगोली और जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र बिष्ट, सहायक निदेशक संस्कृत शिक्षा मंशा राम मैंदुली, जिला युवा कल्याण अधिकारी वरद जोशी, डीपीआरओ प्रेम सिंह रावत, सहित विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस

**साहिया।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पीजी कॉलेज साहिया में राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम संयोजिका डॉ चंद्रिका ने भारत में पुस्तकालय विज्ञान में अभूतपूर्व योगदान देने हेतु पद्मश्री डॉ. एस आर रंगनाथन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने डॉ रंगनाथन द्वारा प्रतिपादित श्पुस्तकालय विज्ञान के पांच नियमश् को छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया।

# जिला जज ने दिया पैदल चलने का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर मंगलवार को जिला न्यायालय परिसर पौड़ी गढ़वाल में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्म सिंह ने अपने आवास से न्यायालय तक पैदल आकर आमजन को पर्यावरण संरक्षण व स्वास्थ्य के लिये पैदल चलने व साइकिल का उपयोग करने का संदेश दिया। जिला जज ने सभी को अपने कार्यालयों तक पैदल या साइकिल से आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के लिए पैदल चलना और साइकिल का उपयोग बेहद जरूरी है। अगर हम छोटी-छोटी आदतों में बदलाव करें, तो समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को न सिर्फ अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिये, बल्कि उन्हें अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। युवाओं के मौलिक अधिकार व कर्तव्य, पर्यावरण की सुरक्षा, किशोर न्याय अधिनियम 2015, बाल विवाह अधिनियम 2006, पॉक्सो अधिनियम 2012, उत्तराखंड समान नागरिक सं. हता 2025, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987, नि:शुल्क विधिक सहायता, लोक अदालतें, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और नशा विरोधी जागरुकता जैसे विषयों पर जानकारी दी गयी। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शहजाद ए. वाहिद, सिविल जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नाजिश कलीम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतीक मथेला, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल कमल प्रसाद बमराडा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार, रिटेनर अधिवक्ता कुसुम नेगी, स्थायी लोक अदालत सदस्य मयंक शर्मा सहित न्यायालय के अधिकारी-कर्मचारी व प्राविधिक स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# निखिल ने गेहूं के ड्रम में छुपाया था पाटल

## कोर्ट से रिमांड पर लिए गए हत्यारोपी की निशानदेही पर पुलिस ने बरामद किया आलाकत्ल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस ने दावा किया है कि गौलापार में किशोर का गला और हाथ जिस हथियार से काटा गया, उसे बरामद कर लिया है। हत्यारोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उक्त हथियार हत्यारोपी के उसी घर से बरामद किया जिसे पुलिस कई बार खंगाला चुकी थी। शातिर आरोपी निखिल जोशी ने आलाकत्ल (पाटल) कमरे में रखे एक गेहूं के ड्रम में छिपाकर रखा था। बताया जा रहा है कि हत्यारोपी ने किशोर के सिर को धड़ से अलग करने के लिए उसके गले पर एक के बाद एक कई वार किए थे। उल्लेखनीय है कि विगत 4 अगस्त की दोपहर लापता हुए 10 वर्षीय किशोर की उसी दिन हत्या कर दी गई थी। किशोर की लाश पश्चिमी खेड़ा गौलापार निवासी निखिल जोशी के घर के पीछे से बरामद की गई थी। किशोर का धड़ 5 अगस्त और 9 अगस्त को हाथ व सिर आरोपी की गौशाला से बरामद किए गए। पुलिस अब तक उस हथियार को बरामद नहीं कर पाई थी, जिससे शव के टुकड़े किए गए। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी निखिल को कोर्ट से रिमांड पर लिया। निखिल से पूछताछ की गई। उसने पुलिस को बताया कि पाटल से उसने शव के टुकड़े किए थे और पाटल को घर में ही छिपा दिया था। जिसके बाद पुलिस निखिल को लेकर उसके घर पहुंची। घर के एक कमरे में गेहूं का ड्रम रखा था और उसी ड्रम से पाटल बरामद किया गया। मृतक के पिता ने बताया कि सुबह काठगोदाम थाने से उन्हें फोन कर बुलाया गया। जिसके बाद वह परिवार के साथ वहां पहुंचे। मृतक के पिता, चाचा और चचेरे भाई को पुलिस ने वह हथियार दिखाया, जिससे शव के टुकड़े किए गए। हालांकि हथियार पुलिस सील कर चुकी थी। वहीं सूत्रों का कहना है कि सिर को धड़ से एक वार में अलग नहीं किया गया, बल्कि इसके लिए कातिल ने किशोर की गर्दन पर कई वार किए थे। हाथ को भी इसी तरह से कई वार कर काटा गया। इन दोनों अंगों को कातिल ने अपने घर के पीछे बनी गौशाला में गड्ढे में दबाया था। जबकि धड़ घर के पीछे स्थित आम के पेड़ के नीचे गाड़ दिया था। एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर उसी के घर से आलाकत्ल (पाटल) बरामद कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ के लिए न्यायालय ने उसे 12 घंटे की रिमांड पर दिया था।

## बेमियादी धरने पर परिवार, सीबीआई जांच की मांग

**हल्द्वानी।** मृतक के परिजनों को पुलिस की जांच पर भरोसा नहीं है। सोमवार को परिवार ने जन एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के साथ बुद्ध पार्क में धरना शुरू किया था, जो दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। मृतक के



पिता का कहना है कि हत्या में हत्यारोपी का पूरा परिवार शामिल है, जबकि पुलिस ने सिर्फ निखिल को ही हत्यारोपी बनाया है। पुलिस परिवार के अन्य सदस्यों को बचा रही है और इसकी वजह आरोपी का अमीर और उनका गरीब होना है। परिवार के साथ धरने पर बैठे अनिल कुमार सिंह का कहना है कि वह पीड़ित परिवार के साथ हैं। जब तक मामले की सीबीआई जांच की मांग पूरी नहीं होती, वह अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी रखेंगे। अगर, जरूरत हुई तो धरना-प्रदर्शन को उग्र भी किया जाएगा। इस दौरान मृतक के माता-पिता, परिवार, रिश्तेदारों के साथ किशोरी देवी, लक्ष्मी मौर्य, सुंदर लाल मौर्य, आर्येंद्र शर्मा, अंकित मौर्य, बबली, रोहित मौर्य, अंकित मौर्य, अमन मौर्य, हरीश मौर्य, गणेस मौर्य आदि थे।

# हल्द्वानी में विवादों की 'नुमाइश'

## ताक पर नियम, कोतवाली में पार्षद का धरना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में शुरू हुई नुमाइश आयोजन से पहले ही विवादों के घेरे में आ गई है। भारी विरोध और गंभीर सुरक्षा खामियों की शिकायतों के बावजूद आयोजकों को नुमाइश शुरू करने की अनुमति मिल गई, जिस पर अब सवाल खड़े हो रहे हैं। मंगलवार को इन अनियमितताओं के खिलाफ पार्षद रवि जोशी ने कोतवाली में धरना देकर तीखा विरोध जताया। करीब डेढ़ घंटे तक पार्षद रवि जोशी अकेले ही कोतवाली परिसर में जमीन पर बैठकर नुमाइश में चल रही अनियमितताओं और प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ प्रदर्शन करते रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि नुमाइश स्थल की क्षमता महज 3,000 लोगों की है, लेकिन आयोजक भीड़ और मुनाफे के लालच में इससे दोगुने लोगों को प्रवेश दे रहे हैं, जिससे वहां अफरा-तफरी और जानलेवा हालात बन रहे हैं। पार्षद ने खुलासा किया कि नुमाइश में लगे झूलों की कोई तकनीकी जांच या फिटनेस नहीं कराई गई। सुरक्षा उपायों का अभाव है और आगजनी जैसी स्थिति में दमकल वाहन तक के प्रवेश का रास्ता नहीं छोड़ा गया। सिर्फ एक गेट से ही प्रवेश और निकासी हो रही है, जिससे आपात स्थिति में भगदड़ की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इस नुमाइश से जुड़ी लापरवाही पहले ही उजागर हो चुकी है। कुछ दिन पहले एक महिला यूट्यूबर ने नुमाइश का वीडियो बनाया था, जिसमें एक लोहे की रेलिंग पर करंट आता दिखा। रेलिंग से खुले तार जुड़े थे, जिनमें से स्पार्किंग हो रही थी। वीडियो में कुछ लोग प्लास से तार ठीक करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बावजूद कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई। पार्षद जोशी ने पुलिस पर आरोप लगाया कि बिना निर्धारित शुल्क जमा कराए ही पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। साथ ही दमकल विभाग को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ऐसी भीड़ में यदि आग लगती है तो दमकल वाहन के पहुंचने तक भी रास्ता नहीं है। धरने के दौरान जब भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी पार्षद को सीओ के पास ले जाने पहुंचे तो उन्होंने इंकार कर दिया। इसके बाद सीओ नितिन लोहनी स्वयं कोतवाली पहुंचे और बताया कि पुलिस ने सोमवार को ही अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी है, और अब फैसला प्रशासन को लेना है। इस आश्वासन के बाद पार्षद ने धरना समाप्त किया।

# प्रेस क्लब में ध्वजारोहण 11 बजे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रेस क्लब हल्द्वानी की एक महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष संजय तलवाड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कई अहम प्रस्तावों और निर्णयों पर चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने यह सुझाव दिया कि प्रेस क्लब की बैठक प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए, जिससे संगठन की गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित किया जा सके।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब प्रांगण में प्रातः 11 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित रहने की अपील की गई। बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए तय किया गया कि यदि कोई सदस्य लगातार तीन बैठकों में बिना सूचना के अनुपस्थित रहता है, तो उसकी सदस्यता स्वतः रद्द मानी जाएगी।



हालांकि, यदि कोई सदस्य किसी अपरिहार्य कारण से अनुपस्थित होता है, तो उसे इसकी सूचना अध्यक्ष या महामंत्री को पूर्व में देना अनिवार्य होगा। बैठक में प्रेस क्लब में नई सदस्यता देने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। इस विषय में आने वाले समय में प्रक्रिया तय कर सदस्यों को सूचित किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जोशी, महामंत्री रवि दुर्गापाल, शाहवेज़ खान, कमल जोशी, अनुपम गुप्ता, सलीम खान, एम. हसनैन सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने प्रेस क्लब की गतिविधियों को सक्रिय बनाए रखने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## हल्द्वानी–जयपुर बस सेवा का किराया बढ़ा

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम ने हल्द्वानी से जयपुर के बीच चलने वाली बस सेवाओं का किराया बढ़ा दिया है। अब यात्रियों को इस मार्ग पर सफर करने के लिए पहले से 15 रुपये अधिक यानी 745 रुपये चुकाने होंगे। पहले यह किराया 730 रुपये था। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड से जयपुर के लिए परिवहन निगम की दो बसें नियमित रूप से संचालित होती हैं। राजस्थान राज्य में हाल ही में वहां के परिवहन निगम द्वारा किराये में वृद्धि की गई है, जिसके बाद उत्तराखंड परिवहन निगम ने भी जयपुर रूट पर किराया बढ़ाने का निर्णय लिया।

## | कार्यालय नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग ||

पत्राक 691 / 2025–26 | दिनाक 12 / 08 / 2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग द्वारा उक्त वर्णित पार्किंग को वित्तीय वर्ष 2025-26 के अवशेष 07 माह हेतु निविदा के माध्यम से ठेके पर दिए जाने के क्रम में दिनांक 19.08.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन दोपहर 03:00 बजे तक सम्बन्धित निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 19.08.2025 को सायं 02:00 बजे तक निर्धारित मूल्य देकर नगर पालिका परिशद रूद्रप्रयाग के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/निविदा समिति नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग में निहित होगा। निविदा स्वीकृति के पश्चात मूल धनराशि का 3 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क के रूप में जमा करना होगा। अन्य जानकारी व शर्तें कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस को देखी जा सकती है, इस सूचना को जनपद की वेबसाइट **http://@rudraprayag.nic.in** पर भी देखा जा सकता है।

| क्र0स0 | सम्पति का नाम | वाहन क्षमता | धरोहर/जमानत राशि | निर्धारित धनराशि | आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वाहन पार्किंग (वार्ड 03, बेलनी) | 15 nos. four vichle parking | 5.000/– पाँच हजार मात्र | 50.000/– (पचास हजार रू0 मात्र) | 500+gst |

ह0<br>अधिशासी अधिकारी<br>नगर पालिका परिषद<br>रूद्रप्रयाग

अध्यक्ष<br>नगर पालिका परिषद<br>रूद्रप्रयाग

# विदेशी शराब की खेप बरामद, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के तिकोनिया क्षेत्र से पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए महंगी विदेशी शराब की अवैध खेप पकड़ी है। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से कुल 27 बोतलें विदेशी शराब बरामद की गई हैं। जब्त की गई शराब की कीमत बाजार में 70 हजार रुपये से अधिक बताई जा रही है। कोतवाली पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसआई मनोज कुमार, कांस्टेबल जगदीश भंडारी और मोहम्मद अजहर गश्त के दौरान जल निगम, तिकोनिया के सामने पहुंचे। वहीं, एक व्यक्ति को होटल की पार्किंग की ओर एक बड़ी पेटी ले जाते हुए देखा गया। पुलिस को उस पर शक हुआ और पूछताछ की गई। शुरुआत में व्यक्ति ने पेटी को केवल एक पार्सल बताया, लेकिन जब पेटी खोली गई तो उसमें विदेशी शराब की 27 बोतलें बरामद हुईं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गिरीश चंद्र शर्मा पुत्र स्व. बिशन दत्त शर्मा निवासी जय दुर्गा कॉलोनी, नवाबी रोड के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह खेप शेरे पंजाब के निक्की नामक व्यक्ति के कहने पर बस से मंगवाई गई थी।

और उसे केवल पेटी अपने पास रखने के लिए दी गई थी। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# राजेन्द्र नगर राजपुरा में चोरियों की आशंका से दहशत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजेन्द्र नगर राजपुरा क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से संदिग्ध गतिविधियों और चोरी की आशंका ने स्थानीय निवासियों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंतित दर्जनों क्षेत्रवासी, युवा नेता हेमन्त साहू और स्थानीय पार्षद प्रीति आर्या के नेतृत्व में एसपी क्राइम जगदीश चंद्र से मिले और क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की। युवा समाजसेवी हेमन्त साहू ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से लगातार रात्रि में अराजक तत्वों की गतिविधियां देखी जा रही हैं। पुलिस की गश्त न होने से लोग रात में डर के साए में जीने को मजबूर हैं। पार्षद प्रीति आर्या ने कहा कि रात्रि गश्त को बढ़ाने के साथ-साथ नशे के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नशा और चोरी जैसी गतिविधियों पर नियंत्रण जरूरी है ताकि लोगों का जीवन सुरक्षित और शांतिपूर्ण बना रहे। प्रशासन से राजपुरा चौकी में पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाने की भी मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में जितेंद्र आर्या, गंगा आर्या, मंजू देवी, मंजू आर्या, महेश कुमार, शांति देवी, कांता देवी, प्रेमा देवी, बबिता देवी, कुमारी नेहा, प्रियंका गुप्ता, संगीता कश्यप समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विवाह से पहले मेरा नाम PREETA (प्रीता) था विवाह उपरान्त मैंने अपना नाम PREETA से बदल कर **PREETA NEGI** (प्रीता नेगी) कर लिया है। भविष्य में मुझे प्रीता नेगी के नाम से जाना, पहचाना जाए।

प्रीता नेगी W/O दीपक भण्डारी हाऊस नं0 B.1 कर्न्वटेड मार्केट काम्पलैस बौराड़ी नई टिहरी जिला टिहरी गढ़वाल 249001

## सार्वजनिक सूचना

शैक्षिक दस्तावेजों में मेरा नाम **प्रमिला रावत (Pramila Rawat)** पुत्री **धीरपाल सिंह रावत** अंकित है। जबकि, आधार कार्ड संख्या 364016277940 में नाम **पिंकी रांगड (Pinki Ranghar)** पत्नी **सचिन रांगड** दर्ज है। **पिंकी रांगड** पत्नी श्री **सचिन रांगड** व **प्रमिला रावत** पुत्री श्री धीरपाल सिंह रावत दोनों नाम एक ही मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे पिंकी रांगड (**Pinki Ranghar**) व प्रमिला रावत (**Pramila Rawat**) उपरोक्त के नाम से ही जाना-पहचाना व पढ़ा-लिखा जाए।

**श्रीमति पिंकी रांगड पत्नी श्री सचिन रांगड,**

निवासी- गढ़ी मयचक, श्यामपुर, पोस्ट सत्यनारायण मंदिर, ऋषिकेश, देहरादून।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363

**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**

मोबाइल-9720007290

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लक्सर

Phone No:- 01332-254004 | E-Mail I.D.- ceedpwdlaksar@gmail.com

पत्रांकः 1245/6ए0 (निविदा) | दिनांकः 11/08/2025

**ई-निविदा सूचना**

माननीय राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, लक्सर द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 18.08.2025 के उपरान्त से उपलब्ध होगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 हजार में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की पंजीकृत अर्हता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र लक्सर में ग्राम बुक्कनपुर में माजरा तिगरी की ओर मार्ग में पुलिया व इन्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 168160.00 | 4000.00+ 18% GST | 06 माह | 60 दिन | मार्ग कार्यो हेतु श्रेणी 'सी' एवं उच्चतर। |
| 2 | राज्य योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र विधानसभा लक्सर में ग्राम ऐथल बुजुर्ग ऐथल सिधडु मेंन रोड से महमूद के खेत की ओर पुलिया व सी0सी0 इन्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा पुनर्निर्माण कार्य। | 184843.00 | 4000.00+ 18% GST | 06 माह | 60 दिन | मार्ग कार्यो हेतु श्रेणी 'सी' एवं उच्चतर। |
| 3 | राज्य योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र विधानसभा लक्सर के ग्राम केहडा में नगला खिताब वाली पुलिया से प्रधान समयसिंह के धर के बाहर से होते हुए ग्राम खडण्जा कुतुबपुर की ओर पुलिया सहित इन्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सडक निर्माण कार्य। | 140437.00 | 4000.00+ 18% GST | 06 माह | 60 दिन | मार्ग कार्यो हेतु श्रेणी 'डी' एवं उच्चतर। |
| 4 | राज्य योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र लक्सर के ग्राम खडण्जा कुतुबपुर में मस्जिद के आगे चौक से जैतपुर वाले रोड पर मस्जिद तक दीवार मिलाकर नाली व इन्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सडक का निर्माण कार्य। | 180013.00 | 4000.00+ 18% GST | 06 माह | 60 दिन | मार्ग कार्यो हेतु श्रेणी 'सी' एवं उच्चतर। |
| 5 | राज्य योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र लक्सर के ग्राम ओसपुर गुर्जर में मनोज के मकान से माता के स्थान की ओर तथा मेन रोड से मैनपाल के खेत की ओर इन्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सडक का निर्माण कार्य। | 118282.00 | 4000.00+ 18% GST | 06 माह | 60 दिन | मार्ग कार्यो हेतु श्रेणी 'डी' एवं उच्चतर। |
| 6 | राज्य योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र लक्सर के ग्राम डोसनी में लक्सर रूडकी मेंन रोड से आकिल के प्लॉट तक (डोसनी बाईपास) मार्ग मे पुलिया व इन्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा पुनर्निर्माण का कार्य। | 109009.00 | 4000.00+ 18% GST | 06 माह | 60 दिन | मार्ग कार्यो हेतु श्रेणी 'डी' एवं उच्चतर। |
| 7 | राज्य योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र लक्सर में शिवपुरी गांव में मुख्य मार्ग पर रामनिवास तुगल के खेत से बीरबल, सुखपाल के खेत तक दो पुलिया सहित ईट खडंजा का निर्माण कार्य। | 91199.00 | 3000.00+ 18% GST | 06 माह | 60 दिन | मार्ग कार्यो हेतु श्रेणी 'डी' एवं उच्चतर। |

**नोटः**- निविदादाता को निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं निर्धारित समय से पूर्व निम्नलिखित अभिलेख अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मूल में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। जिसके प्रस्तुत न करने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

1. निविदा प्रपत्र की लागत कॉलम 4 के अनुसार का डिमांड बैंक ड्राफ्ट, जो कि अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, लक्सर के नाम बन्धक हो। निविदा प्रपत्र का मूल्य तथा जी0एसटी0 का बैंक ड्राफ्ट अलग-अलग दिये जायें।
2. निविदा की वैधता हेतु अन्डर टेकिंग जो रू0 100.00 मात्र का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर रू0 1.00 के रैवेन्यू स्टाम्प पर हस्ताक्षर सहित 60 दिन "दरो की वैधता हेतु" लिखा हुआ जमा करना होगा।
3. निर्धारित धरोहर धनराशि, जो कि अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, लक्सर के नाम बन्धक हो।

**ऑनलाइन निविदा हेतु निर्धारित तिथियां:-**

**निविदा ऑनलाइन प्राप्त/अपलोड करने की तिथि :-** 18.08.2025 से 03.09.2025 तक अपाराह्न 5:00 बजे तक।
**वांछित डाक्यूमेंट कार्यालय मे जमा कराने की तिथि:-** 04.09.2025 को दोपहर 1:00 बजे तक।
**निविदा खोलने की तिथि :-** 04.09.2025 को दोपहर 2:00 बजे से निवादा खोली जायेगी।

7. फर्म के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की प्रति संलग्न करें।

**अधिशासी अभियन्ता,**<br>निर्माण खण्ड लो0नि0वि0,<br>लक्सर।

## टाटा कैपिटल लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर पैरल, मुंबई-400013.

**कब्ज़ा नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के अंतर्गत, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (नियम) के नियम 3 के साथ पठित।

**1. त्रेहान इंडस्ट्रीज**
प्लॉट संख्या 120ए, सेक्टर 6ए, एकीकृत औद्योगिक एस्टेट, सिडकुल, रानीपुर, तहसील एवं जिला हरिद्वार, उत्तराखंड -249403
**इसके अलावा**
प्लॉट संख्या 120बी, सेक्टर 6ए, ए, औद्योगिक एकी त औद्योगिक एस्टेट, सिडकुल, रानीपुर, तहसील एवं जिला हरिद्वार, उत्तराखंड -249403
**इसके अलावा**
मकान संख्या 26/133, प्रथम तल, पश्चिम पटेल नगर, नई दिल्ली-110008
**2. मनीष त्रेहान**
प्लॉट संख्या 120ए, सेक्टर 6ए, एकीकृत औद्योगिक एस्टेट, सिडकुल, रानीपुर, तहसील एवं जिला हरिद्वार, उत्तराखंड-249403
**इसके अलावा**
प्लॉट संख्या 120बी, सेक्टर 6ए, एक औद्योगिक एकीकृत औद्योगिक एस्टेट, सिडकुल, रानीपुर, तहसील एवं जिला हरिद्वार, उत्तराखंड - 249403
**इसके अलावा**
मकान संख्या 26/133, प्रथम तल, पश्चिम पटेल नगर, नई दिल्ली-110008
**3. चंद्र प्रभा**
प्लॉट संख्या 120ए, सेक्टर 6ए,
एकीकृत औद्योगिक एस्टेट, सिडकुल, रानीपुर, तहसील एवं जिला हरिद्वार, उत्तराखंड - 249403
**इसके अलावा**
प्लॉट संख्या 120बी सेक्टर 6ए, एक औद्योगिक एकीकृत औद्योगिक एस्टेट, सिडकुल, रानीपुर, तहसील और जिला हरिद्वार, उत्तराखंड -249403
**इसके अलावा**
मकान संख्या 26/133, प्रथम तल, पश्चिम पटेल नगर, नई दिल्ली-110008
**4. वास देव**
प्लॉट संख्या 120ए सेक्टर 6ए, एकीकृत औद्योगिक एस्टेट, सिडकुल, रानीपुर, तहसील और जिला हरिद्वार, उत्तराखंड - 249403
**इसके अलावा**
प्लॉट संख्या 120बी सेक्टर 6ए, एक औद्योगिक एकीकृत औद्योगिक एस्टेट, सिडकुल, रानीपुर, तहसील और जिला हरिद्वार उत्तराखंड - 249403
**इसके अलावा**
मकान संख्या 26/133, प्रथम तल, पश्चिम पटेल नगर, नई दिल्ली-110008
**5. ज्योति त्रेहान**
प्लॉट संख्या 120ए, सेक्टर 6ए, एकीकृत औद्योगिक एस्टेट, सिडकुल, रानीपुर, तहसील एवं जिला हरिद्वार उत्तराखंड -249403
**इसके अलावा**
प्लॉट संख्या 120बी, सेक्टर 6ए, ए, औद्योगिक एकीकृत औद्योगिक एस्टेट, सिडकुल, रानीपुर, तहसील एवं जिला हरिद्वार उत्तराखंड - 249403
**इसके अलावा**
मकान संख्या 26/133, प्रथम तल, पश्चिम पटेल नगर, नई दिल्ली-110008

**प्रिय महोदय/महोदया,**

यह सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल लिमिटेड (टीसीएल) एक गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी है और कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित है और इसका पंजीकृत कार्यालय पेनिनसुला बिजनेस पार्क, टॉवर ए, 11वीं मंजिल, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई- 400013 में है और नई दिल्ली में अन्य स्थानों के अलावा एक शाखा कार्यालय है ("शाखा")। दिनांक 24.11.2023 के आदेशों के तहत, राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) मुंबई ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 66 और अन्य लागू प्रावधानों के साथ धारा 230 से 232 के प्रावधानों के तहत टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ("टीसीएफएसएल") और टाटा क्लीनटेक कैपिटल लिमिटेड ("टीसीसीएल") के बीच हस्तांतरणकर्ता के रूप में और टाटा कैपिटल लिमिटेड ("टीसीएल") के बीच हस्तांतरणी के रूप में व्यवस्था की योजना को विधिवत मंजूरी दे दी है ("उक्त योजना")। इसके अनुसार, टीसीएफएसएल और टीसीसीएल (हस्तांतरक कंपनियाँ) अपने उपक्रम सहित, 01.01.2024 से सभी संपत्तियों, परिसंपत्तियों, अधिकारों, लाभों, ब्याज, कर्तव्यों, दायित्वों, देनदारियों, अनुबंधों, समझौतों, प्रतिभूतियों आदि के साथ, एक चालू व्यवसाय के रूप में टीसीएल में विलय हो गए हैं। उक्त आदेश और योजना के अनुसरण में, टीसीएफएसएल द्वारा निष्पादित सभी सुविधा दस्तावेज़ और उनसे संबंधित सभी बकाया आवेदक कंपनी को हस्तांतरित कर दिए गए हैं और इस प्रकार टीसीएल इसके अनुसार ऋणधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं, से उनका दावा करने का हकदार है।

10-07-2025 तक 1,08,37,357/- रु. (केवल एक करोड़ आठ लाख सैंतीस हजार तीन सौ सत्तावन) की राशि टाटा कैपिटल लिमिटेड (जिसे आगे "टीसीएल" कहा जाएगा) को ऋण खाता संख्या TCFLA0359000011333044 और TCFLA0359000011445450 के माध्यम से 28.05.2022 और 22.02.2022 को टीसीएल द्वारा आपको दिए गए होम इक्विटी (एलएपी) ऋण के तहत ब्याज सहित देय है। हमारे बार-बार अनुरोध के बावजूद, आपने अपने खाते में बकाया राशि के लिए कोई राशि का भुगतान नहीं किया है, जिसे 02-07-2025 को एनपीए खाते के रूप में वर्गीकृत किया गया है। टीसीएल का बकाया चुकाने में आपकी चूक के परिणामस्वरूप आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार। मैंने स्वयं, टाटा कैपिटल लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करते हुए, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसरण में, उपर्युक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के अंतर्गत दिनांक 10-07-2025 को एक मांग नोटिस जारी किया था, जिसमें आपसे नोटिस के 60 दिनों के भीतर भविष्य के ब्याज और लागतों सहित 1,08,37,357/- रुपये के उक्त ऋण का भुगतान करने का आह्वान किया गया था, जिसके विफल होने पर टीसीएल अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत विस्तृत सभी या किसी भी अधिकार का प्रयोग करेगा, जिसमें नीचे वर्णित संपत्ति पर टीसीएल के पक्ष में आपके द्वारा बनाए गए प्रतिभूति हित का प्रवर्तन भी शामिल है।

**अनुसूची-ए**

ए-औद्योगिक प्लॉट संख्या 120ए, कुल क्षेत्रफल 500 वर्ग मीटर, सेक्टर 6ए, एकीकृत औद्योगिक एस्टेट, सिडकुल, रानीपुर, तहसील एवं जिला हरिद्वार - 249403 में स्थित है। अधिक विवरण दिनांक 16-11-2017 के लीज डीड में मेसर्स त्रेहान इंडस्ट्रीज के पक्ष में, इसके मालिक श्री मनीष त्रेहान के माध्यम से, निम्नानुसार परिबद्ध है:- पूर्वः प्लॉट संख्या 128, पश्चिमः रोड 18 मीटर चौड़ी, उत्तरः प्लॉट संख्या 120बी, दक्षिण रोड 24 मीटर चौड़ी।

**अनुसूची-बी**

ए-औद्योगिक प्लॉट संख्या 120बी, कुल क्षेत्रफल 480 वर्ग मीटर, सेक्टर 6ए, एकीकृत औद्योगिक एस्टेट, सिडकुल, रानीपुर, तहसील एवं जिला हरिद्वार- 249403 में स्थित है। दिनांक 29-11-2017 के लीज डीड में अधिक विवरण मेसर्स त्रेहान इंडस्ट्रीज के पक्ष में, इसके मालिक श्री मनीष त्रेहान के माध्यम से निम्नानुसार है:- पूर्वः प्लॉट संख्या 128, पश्चिमः रोड 18 मीटर चौड़ा, उत्तरः प्लॉट संख्या 119, दक्षिण प्लॉट संख्या 120 ए।

दिनांक 10.07.2025 के डिमांड नोटिस की प्रभावी तामील सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, हम वर्तमान प्रकाशन के माध्यम से उक्त नोटिस की तामील कर रहे हैं। उपरोक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत आपसे अनुरोध है कि आप इस नोटिस के 60 दिनों के भीतर उपर्युक्त दायित्व का निर्वहन करें। ऐसा न करने पर, टीसीएल उपरोक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत सभी या किसी भी अधिकार का प्रयोग करेगी। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आप उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों को बिक्री, पट्टे या अन्यथा किसी भी प्रकार से हस्तांतरित नहीं करेंगे।

स्थानः- हरिद्वार (उत्तराखण्ड) | एसडी / -
दिनांकः 13.08.2025 | टाटा कैपिटल लिमिटेड

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान 17 करोड़ ने जियोहॉटस्टार पर लॉग इन किया

**मुंबई, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली गई सबसे यादगार टेस्ट श्रृंखला के समापन के साथ ही, 17 करोड़ से ज्यादा लोगों ने जियोहॉटस्टार पर लॉग इन किया, जिससे यह डिजिटल पर किसी भी टेस्ट श्रृंखला की अब तक की सबसे ज्यादा पहुंच बन गई। जैसे-जैसे श्रृंखला एक असाधारण और रोमांचकारी समापन की ओर बढ़ रही थी, ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के पांचवें दिन जियोहॉटस्टार पर 1-3 करोड़ दर्शकों की अधिकतम संगामी पहुंच दर्ज की गई - जो डिजिटल पर किसी भी टेस्ट मैच की अब तक की सबसे ज्यादा संगामी पहुंच है। रोमांचक मुकाबलों और रोमांचक मोड़ों के साथ, इंग्लैंड-भारत सीरीज़ ने जियोहॉटस्टार पर 65 अरब मिनट के विशाल व्यू टाइम के साथ भारत का ध्यान खींचा।

### संभावित दो स्तरीय डब्ल्यूटीसी ने बढ़ाई विंडीज क्रिकेट की चिंता

**नई दिल्ली, वार्ता।** अगरआईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए दो स्तरीय प्रणाली (टू टियर सिस्टम) तय करती है तो वेस्टइंडीज शीर्ष स्तर की टीमों से बाहर हो सकती है क्योंकि डब्ल्यूटीसी के तीनों संस्करण में वेस्टइंडीज नौ टीमों में आठवें स्थान पर रही थी और मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में भी वेस्टइंडीज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीनों टेस्ट में हार मिली है। टू टियर सिस्टम की संभावना से वेस्टइंडीज क्रिकेट के हितधारक लचतित हैं और क्रिकेट वेस्टइंडीज़ (सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी क्रिस डेहलरग ने कहा है कि वेस्टइंडीज क्रिकेट के हितधारक इस संबंध में अपनी बात रखने की उम्मीद कर रहे हैं। रविवार और सोमवार को त्रिनिदाद में हुई सीडब्ल्यूआई की आपात बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबो. धित करते हुए डेहलरग ने कहा कि इस संबंध में हमें भूमिका अदा करनी होगी, हमें आईसीसी के समक्ष अपनी बात रखनी होगी।

### 64वां सुब्रतो कप 19 अगस्त से शुरू होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रतिष्ठित सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 64वां संस्करण 106 टीमों के साथ शुरू होगा, जो जूनियर ब्वायज, जूनियर गर्ल्स और सब-जूनियर ब्वायज - इन तीन वर्गों में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट 19 अगस्त से 25 सितंबर तक नई दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में आयोजित होगा। इस संबंध में आधिकारिक घोषणा राजधानी में आकाश ऑफिसर मेस में आयोजित एक प्रेस कार्यक्रम में की गई, जिसमें एयर मार्शल एस शिवकुमार आदि उपस्थित थे।

# एशिया कप: भारत के लिए ओपनिंग पर सवाल

**अभी तक चार दावेदार सामने आए, सैमसन-यशस्वी और अभिषेक- गिल के बीच टक्कर**



**नई दिल्ली, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे की समाप्ती के बाद अब भारत का अगला असाइनमेंट एशिया कप है। इसकी शुरुआत नौ सितंबर से होगी और सारे मैच यूएई में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ ही करेगी।

इसके बाद शेडयूल के मुताबिक, टीम इंडिया 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगी। हालांकि, इस टूर्नामेंट से पहले चयनकर्ताओं के सामने असली चुनौती है। दरअसल, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल पिछले कुछ समय से टी-20 टीम का हिस्सा नहीं थे और अब अगर ये एशिया कप के लिए खुद को उपलब्ध बताते हैं तो चयनकर्ताओं के सामने ये चुनौती होगी कि ओपनिंग के लिए किसे चुना जाए। गिल और यशस्वी इंग्लैंड के खिलाफ इसी साल फरवरी में खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे। गिल और यशस्वी, दोनों ने अपना-अपना पिछला टी-20 मुकाबला जुलाई 2024 में पल्लेकल में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। इसके बाद से किसी भी टी-20 सीरीज में ओपनिंग की जिम्मेदारी अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के कंधों पर रही है। जुलाई 2024 के बाद भारत ने बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेली हैं और अभिषेक और सैमसन पर ही ओपनिंग की जिम्मेदारी रही है। हालांकि, अगर गिल और यशस्वी वापसी करते हैं तो ओप. निंग किसे दी जाएगी, यह सबसे बड़ा सवाल है। सैमसन खुद भी बता चुके हैं कि उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव ने यह जिम्मेदारी निभाने को कहा था। हालांकि, तब सूर्यकुमार ने उन्हें सात मैचों की बात कही थी। यानी बांग्लादेश के खिलाफ तीन और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार मैच। इस सात मैचों में सैमसन ने तीन शतक जड़े थे और खुद को साबित किया था। वहीं, अभिषेक मौजूदा समय में टी-20 के नंबर एक बल्लेबाज हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में अपनी कई तूफानी पारियों से धमाल मचा दिया है। वहीं, गिल टेस्ट टीम के कप्तान हैं और यशस्वी विस्फोटक ओपनर हैं। ऐसे में अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति के सामने एक सही स्क्वाड चुनने की जिम्मेदारी होगी। सैमसन और अभिषेक ने हाल फिलहाल में खुद को साबित किया है और उनके आंकड़े इसकी गवाही देते हैं। सैमसन और अभिषेक को पिछले साल अक्टूबर से साथ ओपनिंग करने की जिम्मेदारी मिली और तब से भारत ने 12 में से 10 टी-20 जीते हैं। इसके अलावा सैमसन विकेटकीपर की अतिरिक्त भूमिका निभाते हैं, जबकि अभिषेक स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। सैमसन ने अब तक टी-20 में 42 मैचों में 152.39 के स्ट्राइक रेट से 861 रन बनाए हैं। इनमें तीन शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। वहीं, अभिषेक ने 17 टी-20 मैचों में 193.85 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 535 रन बनाए हैं। इनमें दो शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। अगले साल टी-20 विश्व कप होना है और उसे देखते हुए इन दोनों की ओपनिंग जोड़ी को छेड़ना खतरे से खाली नहीं होगा।



● **कोहली का जलवा इंस्टग्राम पर बरकरार**

# विराट इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फालोअर्स वाले एशियाई एथलीट

### रोनाल्डो-मेसी और राक बस उनसे आगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश के दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली का जलवा सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर भी बना हुआ है। वह इंस्टा पर सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एशियाई एथलीट हैं। वह शीर्ष-10 की लिस्ट में इकलौते क्रिकेटर और एशियाई हैं। इस लिस्ट में फुटबॉल खिलाड़ियों की भरमार है। कोहली के इंस्टा पर करीब 273 मिलियन यानी 27.3 करोड़ फालोअर्स हैं। वह इंस्टाग्राम पर ओवरआल सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एथलीट्स में चौथे नंबर पर हैं। शीर्ष-दो पर दुनिया के दो महानतम फुटबॉलर्स में शुमार क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी का बोलबाला है। रोनाल्डो पुर्तगाल फुटबॉल टीम के कप्तान हैं और फिलहाल सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नस्र के लिए खेल रहे हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 662 मिलियन यानी 66.2 करोड़ फालोअर्स हैं। वहीं, अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के कप्तान मेसी के इंस्टाग्राम पर 506 मिलियन यानी 50.6 करोड़ फालोअर्स की संख्या है। मेसी फिलहाल अमेरिकी मेजर लीग साकर में इंटर मियामी टीम का हिस्सा हैं। तीसरे नंबर पर श्द राकश के नाम से मशहूर रेसलर और एक्टर ड्वेन जानसन हैं। इंस्टाग्राम पर ड्वेन जानसन के फालोअर्स की संख्या 392 मिलियन यानी 39.2 करोड़ है। इसके बाद विराट कोहली का नंबर आता है।

**इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एथलीट्स की लिस्ट**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | खेल | फालोअर्स |
|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रिस्टियानो रोनाल्डो | पुर्तगाल | फुटबॉल | 66.2 करोड़ |
| 2 | लियोनेल मेसी | अर्जेंटीना | फुटबॉल | 50.6 करोड़ |
| 3 | ड्वेन जानसन | अमेरिका | रेसलिंग | 39.2 करोड़ |
| 4 | विराट कोहली | भारत | क्रिकेट | 27.3 करोड़ |
| 5 | नेयमार जूनियर | ब्राजील | फुटबॉल | 23.1 करोड़ |
| 6 | किलियन एम्बाप्पे | फ्रांस | फुटबॉल | 12.5 करोड़ |

# बेहोश होकर गिरे इतावली ओरिएंटियरिंग एथलीट की मौत

**चेंगदू, वार्ता।** चेंगदू में 2025 विश्व खेलों में प्रतिस्पर्धा के दौरान बेहोश होकर गिर पड़े इतालवी ओरिएंटियरिंग एथलीट मटिया डेबर्टोलिस की मंगलवार को मौत हो गई। आयोजकों और उनके खेल के शासी निकाय ने इसकी पुष्टि की।

अंतर्राष्ट्रीय विश्व खेल संघ (आईडब्ल्यूजीए),चेंगदू 2025 विश्व खेलों की स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) और अंतर्राष्ट्रीय ओरिएंटियरिंग महासंघ (आईओएफ) ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए एक संयुक्त बयान जारी किया। बयान के अनुसार, डेबर्टोलिस शुक्रवार सुबह, 8 अगस्त को विश्व खेलों के 12वें संस्करण के तहत पुरुषों की मध्यम दूरी की ओरिएंटियलरग स्पर्धा के दौरान बेहोश पाए गए। घटनास्थल पर तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। बाद में उन्हें गहन चिकित्सा के लिए चीन के एक प्रमुख चिकित्सा संस्थान में स्थानांतरित कर दिया गया। निरंतर विशेषज्ञ चिकित्सा प्रयासों के बावजूद, मंगलवार को उनका निधन हो गया। बयान में कहा गया है कि वर्ल्ड गेम्स परिवार, एलओसी और आईओएफ इस त्रासदी से स्तब्ध हैं और एथलीट के परिवार, दोस्तों और पूरे ओरिएंटियरिंग समुदाय के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

# एमएस धोनी की अर्जी पर सुनवाई

**मानहानि केस**



● **मद्रास हाईकोर्ट का आदेश, माही ने मीडिया हाउस पर 100 करोड़ का दावा किया था**

**चेन्नई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी के 100 करोड़ रुपए मानहानि केस में मद्रास हाई कोर्ट ने सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। धोनी का बयान एडवोकेट कमिश्नर के माध्यम से रिकार्ड किया जाएगा, ताकि भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति से बचा जा सके। धोनी ने 2014 में यह केस दर्ज किया था, जिसमें दो प्रमुख मीडिया चौनलों से हर्जाने की मांग की गई थी।

आरोप था कि 2013 के आईपीएल सट्टेबाजी घोटाले पर टीवी डिबेट के दौरान उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणी की गई थी। एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त जस्टिस सीवी कार्तिकेयन ने एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया है, जो धोनी की ओर से सबूत और बयान दर्ज करेंगे। धोनी ने हलफनामे में कहा कि वे कोर्ट और कमिश्नर के निर्देशों का पालन करेंगे और चाहते हैं कि ट्रायल में देरी न हो। 2013 में हुई थी स्पाट फिक्सिंग आईपीएल 2013 में स्पाट फिक्सिंग हुई थी। पुलिस की जांच में बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के दामाद, टीम चेन्नई सुपर किंग्स के हेड गुरुनाथ मयप्पन और शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा जैसे बड़े नामों पर आरोप लगे थे। राजस्थान रॉयल्स के 3 खिलाड़ी एस. श्रीसंत, अंकित चव्हाण और अजीत चंदीला तो गिरफ्तार हो हुए थे। दोनों टीमों पर सवाल खड़े होने लगे।

हाईप्रोफाइल मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से लोढ़ा कमेटी बनाई गई। साल 2015 में कमेटी की सिफारिश पर दोनों टीमों पर 2 साल का प्रतिबंध लगाया गया था। धोनी फिलहाल इंटरनेशल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और आईपीएल में सीएसके की ओर से खेलते हैं। धोनी ने 2004 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था।

# विभु ने डेफलम्पिक्स गोल्फ सेलेक्शन टायल्स में पहला स्थान हासिल किया

● **यूपी के हर्ष सिंह और चंडीगढ़ की जसतर सिंह बिलिंग ने क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया**

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** महाराष्ट्र के विभु त्यागी ने डेफलम्पिक्स सेलेक्शन ट्रॉयल्स 2025 में पुरुष प्रतिभागियों के बीच शीर्ष स्थान हासिल करते हुए विजेता का ताज पहना। ग्रेटर नोएडा के प्रतिष्ठित जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स में दो दिनों तक चले इस चुनौतीपूर्ण मुकाबले में त्यागी ने कुल 168 (24-ओवर पार) स्कोर करते हुए लीडरबोर्ड में पहला स्थान प्राप्त किया। यह मुकाबला अत्यधिक गर्मी, उमस और तेज हवाओं जैसी कठिन परिस्थितियों में खेला गया, जिसने खिलाड़ियों की सहनशक्ति और कौशल की कड़ी परीक्षा ली। इस चयन ट्रायल का आयोजन एआईएससीडी द्वारा भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) के मार्गदर्शन में किया गया था। 6 से 8 अगस्त, 2025 तक आयोजित इस आयोजन में छह समर्पित एथलीटों ने भाग लिया, जिनमें एक महिला खिलाड़ी भी शामिल थीं, जो भारत में श्रवण-बाधित खिलाड़ियों के लिए खेलों में बढ़ती समावेशिता को दर्शाता है। त्यागी के बाद उत्तर प्रदेश के हर्ष सिंह और चंडीगढ़ के जसतर सिंह बिललग ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। यह ट्रायल्स डेफलम्पिक्स 2025, टोक्यो के लिए भारत की गोल्फ टीम का चयन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। ट्रायल्स की शुरुआत आईजीयू के कोषाध्यक्ष संजीव रत्तन द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई, जिनके साथ एआईएससीडी के चेयरमैन मोलहदर सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित किया और उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक सोमेश शर्मा और तकनीकी निद. ेशक (बैडलमटन) श्रीमती सोनू आनंद शर्मा भी उपस्थित रहीं। एआईएससीडी के चेयरमैन मोलहदर सिंह ने कहा कि चयन ट्रायल्स को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित किया गया। भले ही प्रतिभागियों की संख्या कम थी, लेकिन प्रतियोगिता बेहद कड़ी रही और सभी खिलाड़ियों ने दोनों राउंड्स में निरंतर प्रदर्शन किया। मैं भारतीय गोल्फ संघ को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और विजेताओं सहित सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के शब्दों में, 'जो खेले, वो खिले', इन विशेष खिलाड़ियों को देश का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिला है और यह बहुत गर्व की बात है।

# भारत ने एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते 27 पदक

**एशियाई अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025: भारतीय पदक विजेता**

**स्वर्ण पदक विजेता**-रितिका, **रजत पदक विजेता**-यात्री, प्रिया, नीरज, इशान, **कांस्य पदक विज. ता**-भावना , पार्थवी, प्रांजल, श्रुति, हर्ष, अंकुश, रॉकी, मयूर।

**एशियाई अंडर-19 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025: भारतीय पदक विजेता**

**स्वर्ण पदक विजेत**-निशा, मुस्कान, राहुल, **रजत पदक विजेत**-विनी, निशा, आरती, कृतिका, प्राची, मौसम, हेमंत, **कांस्य पदक विजेत**-यक्षिका, आकांक्षा, शिवम, गौरव।

● **10 दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाएं एक साथ आई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने बैंकॉक में आयोजित एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में विभिन्न आयु वर्गों में कुल 27 पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

ओलंपिक्सडॉटकॉम के अनुसार, रितिका ने सोमवार को बैंकॉक में महिलाओं के 80+ किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में भारत के अभियान का समापन किया। टीम ने विभिन्न आयु वर्गों में कुल 27 पदक जीते। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 10 दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाएं एक साथ आईं, जिसमें भारत की अंडर-19 टीम कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर रही और अंडर-22 टीम चौथे स्थान पर रही। भारत ने 40 मुक्केबाजों का दल उतारा था।

प्रत्येक आयु वर्ग में बीस। अंडर-19 दल ने तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य सहित 14 पदक जीते, जबकि अंडर-22 मुक्केबाजों ने एक स्वर्ण, चार रजत और आठ कांस्य पदक जीते। अंतिम दिन के बारे में बताते हुए, विज्ञप्ति में कहा गया कि रितिका भारत की एकमात्र अंडर-22 चैंपियन बनकर उभरीं, जिन्होंने अंतिम दिन 80+ किग्रा के फाइनल में कजाकिस्तान की एस्सेल टोकटासिन को हराने के लिए दबाव में भी अपना संयम बनाए रखा। यात्री पटेल को महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान की खुमोराबोनू मामाजोनोवा से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि 60 किग्रा के फाइनल में प्रिया का पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की यू तियान के खिलाफ जोशीला मुकाबला 3-2 से हार के साथ समाप्त हुआ। बाद में, नीरज ने पुरुषों के 75 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में उज्बेकिस्तान के शावकटजोन बोल्ताएव से हारकर रजत पदक जीता। ईशान कटारिया ने भी 90+ किग्रा भार वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले में उज्बेकिस्तान के खलीमजोन मामासोलिएव से हारकर रजत पदक जीता। विज्ञप्ति में आगे कहा गया कि इस साल की शुरुआत में, अंडर-15 और अंडर-17 टीमों ने एशियाई चैंपियनशिप में कुल मिलाकर 43 पदक जीते थे।

# हरमनप्रीत-मंधाना को विश्व कप जीतने का भरोसा

**8 टीमों वाला यह टूर्नामेंट 30 सितम्बर से भारत में शुरू होगा जहां भारत का पहला मैच श्रीलंका से होगा**



**मुंबई, वार्ता।** भारत की सीनियर जोड़ी हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना ने टीम के हालिया प्रदर्शन, सामूहिक आत्मविश्वास और हाल के समय में बदले हुए तैयारी के तरीकों पर भरोसा जताते हुए पहला वनडे विश्व कप जीतने की संभावना जताई है।

आठ टीमों वाला यह टूर्नामेंट 30 सितम्बर से भारत में शुरू होगा, जहां भारत का पहला मैच श्रीलंका से है। भारत पिछली बार 2022 के वनडे विश्व कप में सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच सका था। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2005 और 2017 में रहा है, जहां दोनों बार टीम उपविजेता थी। दोनों बार टीम की कप्तान मिताली राज थीं। इस बार भारतीय टीम घरेलू मैदान और हालिया फॉर्म के दम पर एक कदम आगे बढ़ने की उम्मीद कर रही है। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत ने मुंबई में विश्व कप के 50 दिन के काउंटडाउन आईसीसी इवेंट के दौरान कहा कि घरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा घस होता है और उम्मीद है कि इस बार हम 100प्रतिशत देंगे। हम उस रुकावट को समाप्त करने की को. शिश करेंगे, जिसका इंतजार सभी भारतीय प्रशंसक वर्षों कर रहे हैं। भारत इस साल वनडे में शानदार फॉर्म में रहा है और अब तक खेले गए 11 में से नौ मैच जीते हैं। इनमें आयरलैंड पर 3-0 की जीत, श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज जीत और हाल में इंग्लैंड में 2-1 की सीरीज जीत शामिल हैं। वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के खिलाफ जीत ने निश्चित ही घरेलू विश्व कप से पहले उनका आत्मविश्वास बढ़ाया होगा। अभी भारत का आत्मविश्वास कैसा है? इस सवाल के जवाब में हरमनप्रीत ने कहा कि सच कहूं तो बहुत ऊंचा है। पिछले कुछ साल में हमने जितना क्रिकेट खेला है, उसने हमें काफी आत्मविश्वास दिया है। जिस तरह हम पिछले कुछ साल से खेल रहे हैं, हम बस उसे जारी रखना चाहते हैं। मेरा मानना है कि यह सब हमारी मानसिकता और बेखौफ क्रिकेट पर निर्भर है, जो हम खेल रहे हैं। इंग्लैंड में वनडे सीरीज जीत से पहले टीम को वहां 3-2 से टी20 सीरीज में भी जीत मिली थी, जो इंग्लैंड में भारत की पहली टी20सीरीज जीत भी है। हरमनप्रीत ने कहा कि हम इंग्लैंड के नतीजों से हैरान नहीं थे क्योंकि हमें पता था कि हमने कैसी तैयारी की है। हमें पता था कि हम यह आसानी से कर सकते हैं। हमने इसके लिए बहुत मेहनत की थी, लेकिन साथ ही चीजों को बहुत सिंपल भी रखा था। हमें भरोसा था कि हम कोई भी सीरीज या टूर्नामेंट आसानी से जीत सकते हैं। हम सिर्फ इस पर बात कर रहे थे कि कैसे जीतना है, कैसे खुद को सुधारना है। हमारे लिए यह कोई बड़ी उपलब्धि नहीं थी बल्कि यह हमारी दिनचर्या का नतीजा था और हम इसे बार-बार करते रहना चाहते हैं। टीम की उपकप्तान मंधाना ने कहा कि टीम के हालिया फॉर्म का कारण मैदान से बाहर की तैयारियां भी हैं। उन्होंने कहा कि हम जो ट्रेलनग और मेहनत कर रहे हैं, उसका नतीजा मिल रहा है। उम्मीद है कि यह विश्व कप हमारे लिए बहुत खास होगा। इंग्लैंड में पिछले डेढ़ महीने में कई सही चीजें हुईं। मैदान से बाहर भी पूरी टीम का एकजुट रहना और हर दिन कड़ी मेहनत करना हमारे लिए बहुत अहम है।

# मो बोबाट लंदन स्पिरिट में क्रिकेट निदेशक नियुक्त



● **मो बोबाट क्रिकेट निदेशक की भूमिका में बेजोड़ विशेषज्ञता और दूरदर्शिता रखते है: जूलियन**

**लंदन, वार्ता।** मो बोबाट को लंदन स्पिरिट में क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया गया है और वे 1 अक्टूबर, 2025 से यह पदभार ग्रहण करेंगे। इंग्लैंड के पूर्व पुरुष टीम के प्रदर्शन निदेशक और आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के वर्तमान क्रिकेट निदेशक, फ्रेंचाइजी की 2026 सीजन की तैयारी के लिए पहली बड़ी नियुक्ति हैं।

बोबाट का आगमन ऐसे समय में हुआ है जब स्पिरिट एक नए स्वामित्व युग में प्रवेश कर रहा है, जिसमें एमसीसी के पास टीम में 51: हिस्सेदारी है और अमेरिका स्थित तकनीकी निवेश समूह टेक टाइटन्स के पास शेष 49प्रतिशत हिस्सेदारी है। ईसीबी ने हाल ही में पुष्टि की है कि सभी आठ हंड्रेड टीमें निजी स्वामित्व में चलेंगी। इस बीच, लंदन स्पिरिट नए ढांचे के तहत अपना नाम बरकरार रखेगी, और 2026 की शुरुआत में इसका नया ब्रांडिंग करने की योजना है। अपनी नई भूमिका के बारे में बात करते हुए, बोबाट ने कहा कि ऐसे रोमांचक समय में लंदन स्पिरिट में शामिल होना सम्मान की बात है।

एमसीसी और हमारे नए साझेदारों, टेक टाइटन्स के साथ काम करते हुए, इस फेंचाइजी के क्रिकेट भविष्य को आकार देने का अवसर अविश्वसनीय रूप से रोमांचक है। मैं मैदान के अंदर और बाहर कुछ खास बनाने के लिए उत्सुक हूं। लंदन स्पिरिट के अध्यक्ष जूलियन मेथेरेल ने कहा कि आज लंदन स्पिरिट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। मो बोबाट क्रिकेट निदेशक की भूमिका में बेजोड़ विशेषज्ञता और दूरदर्शिता लेकर आते हैं, और हमें उनका स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

साथ ही, लंदन स्पिरिट नाम को बरकरार रखना उस पहचान में हमारे विश्वास को दर्शाता है जो हमने बनाई है - एक ऐसी पहचान जो राजधानी, हमारे प्रशंसकों और हमारे मूल्यों के साथ प्रतिध्वनित होती है। अब हम नई ऊर्जा और स्पष्ट उद्देश्य के साथ एक नए युग की ओर देख रहे हैं।

## लक्सर विधायक ने आधा दर्जन बाढ़ प्रभावित गांवों का किया निरीक्षण

# प्रभावितों के सुख-दुख में खड़ा रहूंगा साथः शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लकसर।** लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने विधानसभा क्षेत्र के आधार दर्जन बाढ़ प्रभावित गांवो का निरीक्षण कर नुकसान की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों से बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद के लिए कोशिश करने का वादा करते हुए प्रभावितों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह सुख-दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं।

गौरतलब है कि पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश से लक्सर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में है वहां के किसानों की फैसले बर्बाद हो गई है तो घरों तक में पानी भर के सामान खराब हो गया है जिसको लेकर लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद भी लगातार आम जनता के बीच पहुंच रहे हैं प्रभावितों के घर पहुंच रहे हैं उनके हुए नुकसान का जायजा ले रहे हैं।

विधायक मोहम्मद शहजाद ने मंगलवार को भी बाढ़ प्रभावित आधा दर्जन गांव का मौके पर जाकर निरीक्षण किया है जिनमें रामपुर राय भटी रणजीतपुर शिवपुरी आदि मे अधिकारियों



व ग्राम वासियों सहित मौके पर जाकर उनके समस्याओं को सुना और अधिकारियों को उनकी समस्या का सामाधन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा बरसात की वजह से किसी भी जगह किसी भी

**❖बाढ़ प्रभावितों के नुकसान का तुरंत आकलन कर क्षतिपूर्ति करें सरकार**

किसान मजदूर को कोई परेशानी नहीं होनी चाहीये क्योंकी किसानो के सामने ईस वक्त रोजी रोटी का संकट गहराया हुआ है और मजदूर को भी अपनी रोजी रोटी के लिए काम नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा लक्सर विधानसभा क्षेत्र के जितने भी गांव हैं उन सभी में अधिकारियों को मौके पर जाकर लोगों की समस्याओं के अनुसार काम करना चाहीये जिससे उन्हें कोई परेशानी ना हो उन्होंने यह भी कहा की अगर कहीं भी किसी को कोई परेशानी हो तो उसकी समस्या के लिए हम हर वक्त हम बैठे हुए हैं अपनी समस्या बता सकते हैं वहां पर जो मुख्य व्यक्ति शामिल रहे उनमें मेघराज ताहिर हसन जगदीश अरविंद टिंकू जसराम हल्द्वारीलाल महेंद्र मेहरसान आदि दर्जनों व्यक्ति शामिल रहे।

## दिनदहाड़े व्यापारी पर जानलेवा हमला

# बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली, सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार दोपहर सनसनीखेज वारदात ने शहर को दहला दिया। गणेशपुर स्थित सेनेट्री की दुकान पर बैठे व्यापारी पर बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े गोलियां बरसा दीं। गोली लगने से व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वारदात को अंजाम देकर हमलावर मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, निखिल शर्मा पुत्र नितिन शर्मा अपनी दुकान पर बैठे थे, तभी दो युवक बाइक से पहुंचे और अचानक निखिल पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। गोलियों की आवाज सुनते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस बीच आरोपी तेजी से भाग निकले। सूचना मिलते ही गंगनहर पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजने के साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिसमें आरोपियों की तस्वीरें कैद होने की बात सामने आई है।

# युवक को गोली मारने के तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए युवकों के सहारनपुर के द्वारा रुड़की निवासी युवक को गोली मारने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है मामले में एक आरोपी फरार है।

बीती चार अगस्त को रामपुर चुंगी स्थित एक बेंकट हॉल में आयोजित शादी समारोह के दौरान भिड़े युवकों के दो गुटों में झगड़ा हो गया था। जिसके बाद रामनगर कोर्ट चौक के समीप स्थित गुरुद्वारे के सामने दोनों पक्ष आमने सामन आए और एक गुट में शामिल एक युवक ने तमंचे से गोली मारकर एक युवक मोहम्मद फैज को घायल कर दिया था। जिसे उपचार के लिए हायर सेंटर रैफर कर दिया गया था। सामने आया था कि दोनों गुटों के बीच सहारनपुर में एक बारात के दौरान विवाद शुरू हुआ था। वहीं रुड़की में हुई घटना के बाद घायल के भाई मोहम्मद अब्दुल्ला पुत्र अब्दुल मालिक निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस टीम द्वारा घटना के अनावरण हेतु एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अथक प्रयास करते हुए गंगनहर क्षेत्र में लगे करीब 22 सीसीटीवी कैमरे का अवलोकन किया, पूछताछ करते हुए आरोपियों के तस्दीकी की गई एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद मुजफ्फर नगर, सहारनपुर, देवबंद, चरथावल, एवं नांगल आदि क्षेत्रों में दबिश दी गई। परिणामस्वरूप पुलिस टीम द्वारा घटना को अंजाम देने वाले सोहेब पुत्र रियाजुल निवासी सापला रोड देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश, गुलशेर पुत्र इमरान निवासी पाडली गुर्जर रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार और जानू उर्फ जान मोहम्मद पुत्र मेहरबान निवासी पार्टी खुर्द थाना चरथावल जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को ल घटना में इस्तेमाल किए गए तमंचा सहित गिरफ्तार किया। जबकि एक युवक फरार है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक, गंगनहर आर के सकलानी, उप निरीक्षक मुनव्वर हुसैन, हेड कांस्टेबल इसरार अली, हेड कांस्टेबल ज्ञानचंद शामिल रहे।

# जेके टायर कंपनी के मजदूर ने जहर खाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** हरिद्वार जिले के लक्सर क्षेत्र में स्थित सी.आई.एल. (जेके टायर) कंपनी के एक कर्मचारी ने कथित तौर पर प्रबंधन के उत्पीड़न से तंग आकर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान आदेश (35 वर्ष), निवासी ओसपुर, थाना लक्सर, के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, 2 अगस्त को आदेश ने जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मरने से पहले आदेश ने एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें उसने कंपनी के एग्रीमेंट को लेकर लगातार हो रही परेशानियों का जिक्र किया और इसी कारण अपनी जान देने की बात कही।जागृति मजदूर संगठन के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कोतवाली लक्सर में दी तहरीर में आरोप लगाया कि आदेश को कंपनी प्रबंधन और स्टाफ से लंबे समय से प्रताड़ना झेलनी पड़ रही थी। संगठन अध्यक्ष के अनुसार, आदेश ने पहले भी यूनियन के सामने अपनी समस्या रखी थी, जिसमें उसने बताया था कि वह कंपनी के एग्रीमेंट और प्रबंधन की कार्यशैली से बेहद परेशान है।अशोक कुमार ने बताया कि मृतक का भाई विकास भी उसी कंपनी में कार्यरत है, जिस पर अब प्रबंधन द्वारा दबाव बनाया जा रहा है कि वह इस मामले में तहरीर न दे, अन्यथा उसकी नौकरी खत्म कर दी जाएगी।यूनियन का आरोप है कि कंपनी में कई अन्य कर्मचारी भी प्रबंधन की दबंगई और मानसिक दबाव से परेशान हैं। तहरीर में मांग की गई है कि आदेश की मौत के लिए जिम्मेदार पूरे कंपनी प्रबंधन के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है और कहा है कि पेंड्राइव में मिले वीडियो एवं अन्य सबूतों की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आज होगी हज आवेदकों की डिजिटल कुरंदाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** हज यात्रा 2026 के लिए जाने वाले आवेदकों की कुर्रान्दाजी बुधवार को होगी। हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई द्वारा रेंडम डिजिटल के जरिए कुर्रान्दाजी की जाएगी। हज समिति के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुंबई ने सर्कुलर जारी कर बताया कि 2026 में हज यात्रा पर जाने वाले हज आवेदकों का चयन डिजीटल रेन्डम सैलेक्सन (कुर्रान्दाजी ) बुधवार को हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई के सना कक्ष में आयोजित की जाएगी। जिसमे रिजर्व कैटेग्री के आवेदकों को छोड़कर जनरल कैटैग्री के हज आवदेकों का चयन कुर्रान्दाजी से किया जाएगा।सीधा प्रसारण किया हज कमेटी की वेबसाइट किया जाएगा।चयनित व प्रतीक्षा सूची के हज आवेदकों का विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध होगा। चयनित हज आवेदकों को 20 अगस्त तक प्रथम किस्त की धनराशि एक लाख बावन हजार तीन सौ रूपये प्रति हज आवेदक हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई के खाते में जमा करानी होगी।

## बीएसएम कॉलेज में नशा मुक्त उत्तराखंड को लेकर सेमिनार का आयोजन

# विश्व युवा दिवस नशे के खतरों से बचाने का एक अवसर : गौतमवीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मंगलवार को बी0एस0एम0 (पीवजीव) कॉलेज में नशा मुक्ति उत्तराखंड अभियान के अंतर्गत विश्व युवा दिवस के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर प्रोफेसर गौतम वीर सिंह ने कहा कि नशा मुक्ति के प्रयास में इस दिन का विशेष महत्व है। यह दिन युवाओं को सशक्त बनाने, उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। विश्व युवा दिवस युवाओं को नशे के खतरों से बचाने और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने का एक अवसर है। मेजर प्रोफेसर गौतम वीर ने छात्र-छात्राओं को संदेश दिया कि हमारे देश का उज्जवल भविष्य युवाओं पर आधारित होता है और अगर देश की युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते में जाने लगे तो निश्चित ही उनका भविष्य अंधकार में चला जाता है। अत: तुम भी जागो, औरों को भी जगाओ और नशे के नुकसान हर एक को बताओ। एंटी ड्रग सेल की नोडल अधिकारी डॉक्टर अलका तोमर ने छात्र-छात्राओं को मोटिवेट किया और बताया कि नशा मुक्ति अभियान का उद्देश्य एक ऐसा



समाज बनाना है जहां नशीली दवाओं का उपयोग ना हो और लोग स्वस्थ तथा खुशहाल जीवन जी सके। एंटी ड्रग सेल समिति के सदस्य डॉक्टर सुनीता कुमारी और डॉक्टर सुरजीत सिंह ने भी छात्र-छात्राओं को इस अभियान को जन आंदोलन बनाने के प्रयास के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक गण डॉक्टर शिखा जैन, डॉक्टर अर्चना त्यागी, डॉक्टर रीमा सिन्हा, डॉक्टर संदीप पोसवाल, डॉक्टर इंदु अरोड़ा, डॉ सीमा गुप्ता एवं श्री अभय कुमार, श्रीमती रितु शर्मा, विकास कुमार आदि मौजूद रहे। सेमिनार को सफल बनाने में पूजा, शादाब अली, आस मोहम्मद, काजल सैनी, नौरीन, खुशी, दिशा, कमरेज ,राही, साहिल, भावना, साक्षी, सरफराज, साहगुल आदि छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

## नगर पंचायत ढंढेरा चेयरमैन की जनता से अपील

# बरसात के दौरान सफाई व्यवस्था में करें सहयोग : नेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ढंढेरा नगर पंचायत के अध्यक्ष ने अपने कस्बे की जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वह बरसात के दौरान सफाई व्यवस्था बनाने में सहयोग करें। ताकि बरसात के दौरानसड़कों पर गंदगी में रहे पानी न भरा रहे और बीमारी सेभी बचे रहें ।

नगर पंचायत चेयरमैन सतीश नेगी अपने क्षेत्र की आवाम से अपील करते हुए अहवान किया कि हमारे नगर पंचायत में सीमित संसाधन है बजट भी कम है इसलिए आप लोगों से अपील है कि आप कस्बे की सफाई व्यवस्था बनाने में सहयोग करें नगर पंचायत में संसाधनों की कमी है बजट भी काम है। इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है कि अपने



कस्बे के गली मोहल्ले की सफाई व्यवस्था करने में सहयोग करें। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि हमने कूड़ा गिराने के लिए जो प्लॉट किराए पर लिया है वहां लगातार बारिश के कारण कूड़े की गाड़ी फंस रही है। अध्यक्ष सतीश नेगी ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के लिए मैंने वार्ड नंबर 10 के सभासद डंगवाल और वार्ड नंबर 7 के सभासद के साथ कैंटोनमेंट बोर्ड से संपर्क किया कि बरसात तक हमें उनके कूड़ा डंप में कूड़ा गिराने की अनुमति दे दें, उन्होंने उनकी बोर्ड मीटिंग में हमारी बात रखने के बाद सहयोग का आश्वासन दिया है । नगर निगम से सहयोग मिल गया है लेकिन नगर निगम का कूड़ा डंप दूर होने के कारण एक दिन में एक ही चक्कर लगने की संभावना बन रही है। अध्यक्ष सतीश नेगी ने कहा कि हमारे पास दो ही गाड़ी कूड़ा उठाने के लिए उपलब्ध हैं । इसलिए बरसात तक कूड़ा उठाने वाली गाड़ी हर एक दिन के बजाय हर दो या तीन,चार दिन बाद भी आ सकती है 'आप सभी को होने वाली असुविधा के लिए खेद है और आपसे सहयोग की अपील की जाती है।

# संयुक्त मजिस्ट्रेट रुड़की का पूहाना व किशनपुर जमालपुर में जलभराव स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूड़की।** संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की ने आज ग्राम पूहाना एवं किसानपुर जमालपुर में बरसात से उत्पन्न जलभराव की समस्या का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का विस्तृत अवलोकन किया गया तथा स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर समस्या के कारण एवं इसके प्रभाव की जानकारी ली गई। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने संबंधित विभागों को जल निकासी व मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि बरसात के मौसम में ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने कहा कि जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए विभागीय समन्वय आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या न हो।

## 24 घंटे में दबोचा दुष्कर्म का आरोपी

**बुग्गावाला।** थाना पुलिस ने नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे में दबोच करआरोपी को गिरफ्तार कर लिया पुलिस की तुरन्त कार्रवाई से आरोपी को गांव छोड़कर भागने का मौका नहीं मिल पाया और वह जेल पहुंच गया। जानकारी केअनुसार वादी निवासी खेड़ी शिकोहपुर थाना भगवानपुर हाल निवासी ग्राम कुड़कावाला थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार द्वारा खुद्द की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के संबंध में अभियुक्त लियाकत पुत्र शफक्कत नि0 बन्दरजूड बुग्गावाला उम्र 50 वर्ष को पकड लिया।

# पुलिस ने पोक्सो के फरार आरोपी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती को 8 दिन पूर्व एक युवक बहला फुसलाकर भाग ले गया था। इसी मामले में वांछित चल रहे पोक्सो के आरोपी युवक को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर चलान करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है। थाना निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाने में तहरीर देकर अपनी पुत्री को बहला फुसला कर भाग ले जाने का आरोप लगाते हुए एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया था। पुलिस द्वारा चार दिन पूर्व युवती को बरामद कर लिया था। युवती को पुलिस द्वारा उसके परिजनों की सुपुर्दगी में दे दी गई थी ।आरोपी युवक भागने में सफल रहा था। पुलिस द्वारा सोमवार रात्रि ग्राम खजुरी से आरोपी युवक अमजद को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह कहीं भागने की फिराक में था।

# बरसात में कृष्णानगर के हालात हुए बद से बदतर, लोगों ने लगाई मदद की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम के वार्ड नंबर 23 कृष्णा नगर की गली नंबर 26, 27, 28 में जलभराव के कारण के जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जहां लोगों का आवागमन मुश्किल हो रहा है तो वहीं घरों में पानी आने के कारण आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। लोगों ने जनप्रतिनिधियों और निगम से मदद की गुहार लगाई है। कृष्णानगर में जलभराव की समस्या नासूर बन चुकी है लेकिन लगातार हो रही बरसात के कारण गलत बद से बदतर हो गए हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि उनके द्वारा कहीं बार इसकी शिकायत लिखित एवं मौखिक रूप से रुड़की नगर निगम मेयर एवं अधिकारी गणों सहित स्थानीय पार्षद व क्षेत्रीय विधायक को की गई है। परंतु इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है उनका कहना है कि क्षेत्र में बरसात के दिनों में घरों में चार-चार फीट पानी भर जाने से घरों में रखे सामान खराब हो जा रहे हैं और आना-जाना भी बहुत ही ज्यादा मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि आसपास के खाली प्लाटों में जल भराव हो जाने से कई बार जानलेवा दुर्घटनाएं चुकी है और पानी में रहने वाले जीव जैसी जहरीले सांप,बिच्छू, एवं अन्य कीड़े भी पनप रहे हैं जिससे कि लोगों को बीमारी के साथ-साथ जान का भी खतरा पैदा हो गया है।

## एआरटीओ ने परिवहन निगम के एजीएम के साथ किया

# उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आरटीओ , देहरादून के निर्देशानुसार, सोमवार व मंगलवार को को रोडवेज बस स्टैण्ड, रुड़की का एआरटीओ रुड़की सुश्री एल्विन रॉक्सी तथा परिवहन निगम के एजीएम कृष्णकांत मल्होत्रा एवं एजीएम श्रीमती अमिता सैनी के साथ उत्तराखंड परिवहन निगम की 25 बसों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पाई गईं, उनके संबंध में निगम के अधिकारियों को अवगत कराया गया।

**❖एआरटीओ एल्विन रॉक्सी व एजीएम कृष्णकांत मल्होत्रा, एजीएम अमिता सैनी भी रही साथ**

मंगलौर बस स्टैंड के पास निरीक्षण के दौरान वाहन संख्या न्ज़07च4483 जो ऋषिकेश से गुड़गांव जा रही थी का भौतिक निरीक्षण करते हुए पाया गया की वाहन में तकनीकी समस्या होने तथा पीछे की ओर एक स्प्रिंग लीफ टूटी हुई है, जिसका तुरंत संज्ञान लेते हुए यात्रियों की सुरक्षा



के दृष्टिगत वाहन को मंगलौर बस स्टैंड पर ही खड़ा कर सभी यात्रियों को अन्य वाहन से गुड़गांव की ओर भेजा गया। उक्त निरीक्षण में संभागीय निरीक्षक श्री अजय कुमार आर्या, प्रधान सहायक श्री यशवीर सिंह बिष्ट एवं कनिष्ठ सहायक श्री अक्षय उपस्थित रहे।

# जेएम व विधायक ममता राकेश ने किया पुहाना गांव के अंडरपास में जल भराव का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** विधायक ममता राकेश के पुत्र अभिषेक राकेश ने नेशनल हाईवे पुहाना गांव स्थित अंडरपास में जल भराव की समस्याओं को लेकर निरीक्षण करते हुए कहा कि अगर तीन दिन में जल भराव की समस्या का समाधान ना हुआ तो फिर भगवानपुर विधायक ममता राकेश धरना पर बैठेंगी।

आफत की बारिश का दौर जारी है पहाड़ों से लेकर मैदान तक हालात खराब है और मौसम विभाग की चेतावनि है कि 15 अगस्त तक भारी बरसात होने की संभावना है भगवानपुर विधानसभा के पोहाना गांव में नेशनल हाईवे के अंदर पास के नीचे जलभराव के कारण बदतर हालात बने हुए है आज भगवानपुर से कांग्रेस विधायक ममता राकेश नेशनल हाईवे के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची थी जहां पर गांव वालो से काफी नोंकझोंक हुई और जब मीडिया ने पानी में उतरकर लोगों से समस्याएं जानी और वही भगवानपुर विधायक से भी बातचीत की विधायक ने सब जिम्मा नेशनल हाईवे के अधिकारियों पर मढ़ते हुए तीन दिन में समस्या का समाधान नहीं होने पर धरना देने की धमकी दे डाली। कांग्रेस युवा नेता अभिषेक राकेश ने कहा कि नेशनल हाईवे के अधिकारियों को नींद से जगाने का काम अब किया जाएगा नहीं तो पानी में बिठाकर धरना दिया जाएगा ।अब सवाल ये है

**❖जल भराव समस्या का तीन दिन मे समाधान नहीं हुआ, तो धरने पर बैठेगी भगवानपुर विधायक: अभिषेक**



कि आखिर क्यों समय रहते नेता और अधिकारी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाते है। वही ग्रामीण भी खासे नाराज दिखे और नेताओं को लेकर उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया दी।

# मुनीर की धमकी

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान ने कोई सबक नहीं सीखा। वह बराबर उकसावे वाली कार्रवाई कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नजरिया जिस तरह पाकिस्तान के प्रति पिछले कुछ दिनों में दिखाई दिया है विशेषकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद से। बहुत संभव है उसने भी पाकिस्तान के दिमागी संतुलन को बिगाड़ने का काम किया हो। इस समय पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर अमेरिकी दौरे पर हैं। यह पिछले दो महीनों में उनका दूसरा अमेरिकी दौरा है। जाहिर है, अमेरिका की इस तरह आवभगत से वह गदगद होंगे ही और होते भी दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने फ्लोरिडा के टाम्पा में पाक प्रवासियों को जिस अंदाज में संबोधित किया, वह उनकी उद्दंडता ही कही जाएगी। मुनीर का कहना था कि अगर पाकिस्तान के अस्तित्व पर किसी तरह की आंच आती है, तो वह उसका मुंहतोड़ जवाब तो देगा ही, साथ ही वह परमाणु हमला करने से भी नहीं हिचकेगा। उन्होंने सीधे तौर से भारत को यह भी कहकर धमकी दी कि अगर भारत ने पाक की ओर जल प्रवाह को बाधित किया तो इस्लामाबाद भारतीय बुनियादी ढांचे को नष्ट कर देगा। अब तो खबर यह भी आ रही है कि पाकिस्तान में भारतीय राजनयिकों को परेशान किया जा रहा है। हद तो यह है कि भारतीय राजनयिकों के घरों में गैस सप्लाई तक बंद कर दी गई है। कहा तो यह भी जा रहा है कि स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को निर्देश दिए गए हैं कि भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें।

हालांकि भारत ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए दिल्ली में तैनात पाक राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयरस्ट्राइक के बाद भी पाक अधिकारियों ने भारतीय राजनयिकों को इसी तरह परेशान किया था। यह सीधे तौर से वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशन्स 1961 का उल्लंघन है। कन्वेंशन का आर्टिकल 25 कहता है कि मेजबान देश को डिप्लोमैटिक मिशन के सुचारू काम के लिए सभी सुविधाएं देनी होती हैं। निश्चित रूप से पाक में आए एकाएक बदलाव से यह संदेह पैदा होता है कि इसके पीछे अमेरिका अपनी चालें चल रहा है। यह कोई मामूली बात नहीं है कि कोई किसी देश की धरती से किसी अन्य देश को ललकारे और मेजबान देश होने के नाते वह कोई आपत्ति दर्ज न करे। आखिर अमेरिका की धरती से कोई भारत जैसे देश को ललकारे यह उसकी सहमति के बिना कैसे संभव हो सकता है। यूं भी अमेरिका का रुख जिस तरह भारत के प्रति टैरिफ वह अन्य आवर्जन जैसे मामलों को लेकर रहा है, उससे भी यही संदेह गहराता है कि पाक को उकसाया जा रहा है और पाकिस्तान अमेरिका की निकटता पाने के चक्कर में वह भारत जैसे बड़े पड़ोसी से टकराव के रास्ते की तरफ जा रहा है। बिना सोचे-समझे यह रास्ता उसके लिए विनाशकारी हो सकता है। निसंदेह यह समय भारत की राजनीति व कूटनीति के लिए बेहद परीक्षा की घड़ी है और ऐसे में बेहद सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

## गाजा में नरसंहार पर भारत सरकार चुप क्यों



इजरायल ने गाजा में 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है, गाजा में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की जानी चाहिए, जिनमें 18,430 बच्चे शामिल हैं, भारत सरकार फलस्तीनी लोगों की पीड़ा पर चुप है, जबकि इजरायल नागरिकों पर तबाही बरपा रहा है, गाजा में सैकड़ों लोगों की मौत भूख से हुई है और लाखों लोग भुखमरी के खतरे में हैं, गाजा में अल जजीरा के पांच पत्रकारों की टारगेट किलिंग भी एक जघन्य अपराध है, ऐसे हालात में चुप्पी के जरिये ऐसे अपराधों को बढ़ावा देना भी अपराध है, भारत सरकार तब भी चुप है, जब इजरायल फलस्तीन के लोगों पर कहर बरपा रहा है।

-प्रियंका गांधी वाड्रा
कांग्रेस महासचिव

# गायब होती नौकाओं व लुप्त होते विमान का कारण है बरमूडा ट्रायंगल



बर्मुडा ट्रायंगल यह नाम सुनते ही दिमाग में रहस्य, गायब होती नौकाएं और विमान, और समुद्र के नीचे छुपे अनजाने खतरों की तस्वीरें उभर आती हैं। राजनैतिक नक्शे पर यह कोई आधिकारिक क्षेत्र नहीं है, पर लोकप्रिय संस्कृति ने अटलांटिक महासागर के उस हिस्से को जो मियामी, बरमूडा और प्यूर्टो रिको के बीच बनता है। एक किस्म की रहस्यमई काली छाया बना दी है। कई दशकों से पथिकों, वैज्ञानिकों, पत्रकारों और कथाकारों ने यहां हुई गुमशुदगियों को जोड़कर एक बड़ी कहानी रची है पर क्या यह कहानी वास्तविक घटनाओं पर आधारित है, या वह केवल अफवाहों, त्रुटिपूर्ण आंकड़ों और मानव कथानक की देन है? इतिहास, साक्ष्य और आधुनिक वैज्ञानिकता की रोशनी में इसे समझने का प्रयास यहां प्रस्तुत है।

बर्मुडा ट्रायंगल का रहस्य मुख्यत: कुछ मशहूर घटनाओं से आबाद हुआ। सबसे चर्चित घटनाओं में 1918 में गायब हुई यूएसएस साइक्लॉप्स और 1945 के फ्लाइट 19 का मामिला आता है। पांच प्रशिक्षण बमवर्षक विमान जो सम्पर्क खोने के बाद कहीं गायब हो गए थे। इन घटनाओं ने समाचार पत्रों और बाद में पुस्तकों व टीवी फिल्मों के लिए विषय बनाया और लोगों में भय व जिज्ञासा को हवा दी। इन मामलों के चारों ओर समय के साथ अनेक किस्से और संभावित स्पष्टीकरण जुड़ते गए। जर्मन उपमर्झ U-boat हमले से लेकर समुद्री विशालकाय जीवों और अलौकिक शक्तियों तक। पर जब ऐतिहासिक अभिलेखों और आधिकारिक जांचों को देखा जाता है तो कई सुराग साधारण और तर्कसंगत कारणों की ओर इंगित करते हैं जैसे खराब मौसम, नेविगेशन त्रुटियां, लोडिंग त्रुटि, या तकनीकी खराबी।

रहस्य को बढ़ाने में असल में सबसे बड़ा योगदान मिला उस मीडिया-युग ने, जिसमें सन 1950-60 के दशक से लेखक और पत्रकारों ने व्यक्तिगत कहानियों और भौ-डरावनी व्याख्याओं को जोर-शोर से पेश किया। 1960 के दशक में प्रकाशित कुछ लेखों और किताबों ने घटनाओं को जोड़कर एक ऐसा ढांचा बनाया, जिसमें अनुशासित आंकड़ों का स्थान कम और रोमांचक दावे अधिक दिखे। इन संस्मरणों और रिपोर्टों ने त्रिकोण को एक मिथकीय स्थान बना दिया। जहां प्राकृतिक घटनाओं को कभी-कभी अतिशयोक्ति के साथ जोड़ा गया। इस प्रक्रिया में छोटे-छोटे हादसों, जिनके पीछे सामान्य कारण होते हैं, को भी असाधारण बताया गया।

वैज्ञानिक और तकनीकी स्तर पर भी कई संभावित व्याख्याएं दी गईं। इनमें से एक चर्चित सिद्धांत है समुद्र के तल से निकलने वाले मेथेन गैस के बुलबुले जो बड़े पैमाने पर पानी की सतह पर आएं तो पानी की घनत्व घटने से जहाज के डूबने जैसी घटना पैदा कर सकते हैं। कुछ शोध उदाहरण के तौर पर आर्कटिक में पाए गए गैस क्रेटर्स को उद्धृत करते हैं कि अचानक निकलने वाले गैस के बुलबुले जलयान के लिए खतरनाक हो सकते हैं पर यह स्पष्टीकरण कुछ सीमाओं के साथ आता है। ऐसी घटनाओं के प्रमाण जहां मेथेन बुलबुले ने बड़े जहाजों को अचानक डुबो दिया हो, अपेक्षाकृत कम दर्ज होते हैं और वे बर्मुडा क्षेत्र से सीधे जुड़े ठोस सबूत नहीं देते। इसी तरह अनुमान लगाए गए हैं कि अचानक बन जाने वाली विशाल लहरें, अरक्टिक और नॉर्थ अटलांटिक में आने वाली शक्तिशाली समुद्री तूफान-प्रवृत्तियां, तथा गलती से हुए नेविगेशन और मानवीय भूलें भी इन गुमशुदगियों के कारण बने होंगे।

सरकारी और विशेषज्ञ संस्थाएं भी इस विषय पर आईं और उनकी टिप्पणियां इस प्रकार रहीं। अमेरिकन नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन तथा यूएस नेवी ने बार-बार कहा है कि बर्मुडा ट्रायंगल में जहाजों और विमानों के गायब होने की सामान्य दर किसी भी अन्य बड़े समुद्री इलाके से अधिक नहीं है। मौसम, समुद्री धाराएं जैसे गल्फ स्ट्रीम, मानवीय भूल और सामान्य समुद्री खतरों को मुख्य कारण माना जाना चाहिए। विशेषज्ञों का तर्क है कि जब भी कोई समुद्री दुर्घटना होती है तो मनुष्य रहस्यमय व्याख्याओं की ओर आकर्षित होता है और यह आकर्षण समय के साथ मिथक का रूप ले लेता है। हालांकि कुछ मैडिकल और भौ-गर्भीय सिद्धांत रोचक हैं, पर उनका प्रमाणिक समर्थन सीमित और परिस्थितिजन्य है।

बीसवीं सदी के मध्य से पहले भी इसी अटलांटिक क्षेत्र में कई जहाज और हवाई-जहाज लापता हुए, पर उस समय सूचना प्रसार सीमित था और रिपोर्टें अक्सर अधूरी थीं। उदाहरण के लिए यूएसएस साइक्लॉप्स एक बड़ा ईंधन-वाहक था जो 1918 में लाखों टन माल लेकर गायब हुआ। उस समय युद्ध के माहौल और सीमित रेडियो सम्पर्क ने खोज-खबर को कठिन बना दिया। फ्लाइट 19 की घटना भी उसी प्रकार की त्रासदियों में गिनी जाती है। समुद्र में उड़ान भरते हुए नेविगेशन गलती, दिन-रात और मौसम का मिश्रण, साथ ही प्रशिक्षण के दौरान अनुभवी पुरोहितों की अनुपस्थिति, यह सब मिलकर एक बड़ा फलक प्रस्तुत करते हैं। ऐसे कई केसों में आज भी कंक्रीट सबूत नहीं मिला, पर मौलिक कारणों का दायरा काफी हद तक साधारण प्राकृतिक और मानवीय कारणों में आ जाता है।

बीमा और आर्थिक दृष्टि से भी इस क्षेत्र का अध्ययन रोचक है। कई लोगों का तर्क है कि अगर बर्मुडा ट्रायंगल सच में विशेष खतरों का केंद्र होता, तो बीमा प्रीमियम अन्य समुद्री मार्गों से भिन्न होते। लॉयस ऑफ लंदन जैसे बीमा बाजारों के वक्तव्यों से यह पता चलता है कि बीमा कंपनियां इस क्षेत्र को सामान्य समुद्री रास्तों के समान ही मानती हैं यानी खास ऊंची प्रीमियमों या अलग तरह के जोखिम मूल्यांकन का समर्थन नहीं मिलता। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि छोटे निजी नौकाओं या विमानों के खोने की रिपोर्टें अक्सर आधिकारिक आंकड़ों में आए बिना ही फैल जाती हैं, जिससे गलत अनुमान लगना आसान हो जाता है।

जहां तक सांख्यिकी की बात है, कई स्वतंत्र विश्लेषणों ने दर्शाया है कि यदि आप समान अवधि और यातायात वाले किसी भी अन्य बड़े समुद्री भाग की तुलना करें तो बर्मुडा ट्रायंगल की घटनाओं की संख्या अप्रत्याशित रूप से अधिक नहीं है। शब्द-निर्माता और पत्रकारों द्वारा चुने गए कुछ मामलों की सूची को जोड़कर एक विशेष पैटर्न दिखाया गया है, पर समग्र आंकड़ों में वह अनिवार्यता नहीं मिलती जो इस स्थान को विशेष खतरनाक घोषित करे। इसके अलावा, समुद्री इतिहास की जांच में अक्सर पता चलता है कि प्रारम्भिक रिपोर्टें अतिरंजित होती हैं, या बाद में पुष्ट होती-नहीं-हुई सूचनाओं पर आधारित होती हैं। साइंस-ड्रिवन स्पष्टीकरणों में से एक और प्रेरक विचार है चुंबकीय विचलन के सिद्धांत का। पुराने जमाने के द्वारा बनाई गई कुछ मानचित्रों और नेविगेशन माध्यमों के आधार पर यह धारणा बनी कि यहां कंपास अनियमित रूप से चलता है और नेविगेशन गलती का कारण बनता है। आधुनिक नेविगेशन टेक्नॉलॉजी जैसे GPS और उन्नत इनर्शियल नेविगेशन ने इस दावे को कमजोर कर दिया है। वास्तविकता यह है कि पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र स्थान-विशेष पर कुछ भिन्न होता है, पर उसके कारण विमान या जहाजों का स्वत: ही लापता होना सिद्ध नहीं होता। सामान्यत: नेविगेशन त्रुटियां मानव निर्णय और उपकरणों की सीमाओं से जुड़ी रहती हैं न कि किसी एक रहस्यमई चुंबकीय जाम से। बर्मुडा ट्रायंगल का प्रभाव सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक भी रहा है। किताबें, डॉक्युमेंट्री, फिल्मों और टीवी शोज ने इस क्षेत्र को रहस्य और रोमांच का पर्याय बना दिया। लोग अज्ञात पर आकर्षित होते हैं और ऐसी कहानियां जिनमें विज्ञान-सीमाएं लांघती हैं, आसानी से व्याप्त हो जाती हैं। साथ ही, रहस्यवाद के चाहने वालों और षड्यंत्र सिद्धांतकारों ने अलौकिक, विदेशी या गुप्त सैन्य तकनीक तक की व्याख्याएं दीं, जो मनोरंजक होने के साथ-साथ अक्सर प्रमाणों से दूर होती हैं। इन कथाओं का समाज पर प्रभाव यह है कि वे वास्तविक समुद्री खतरों और सुरक्षा उपायों पर ध्यान कम कर देती हैं जबकि भय और किवदंती को बढ़ावा देती हैं। विज्ञान और इतिहास की कसौटी पर यदि निष्पक्ष निर्णय लें तो बर्मुडा ट्रायंगल को एक यथार्थवादी अलौकिक काले छेद के रूप में मानने का कोई ठोस कारण नहीं मिलता। साक्ष्य बताते हैं कि अधिकतर दुर्घटनाएं प्राकृतिक कारणों, खराब मौसम, मानवीय भूल, नौवहन में त्रुटियां और कभी-कभी तकनीकी विफलताओं की वजह से हुई हैं।

कुछ घटनाएं आज भी अनसुलझी हैं, पर अनसुलझापन का अर्थ यह नहीं कि किन्हीं अलौकिक तत्वों को बुलाना चाहिए। कई बार साक्ष्य न होने का मतलब सिर्फ इतनी देर तक कमीशन की जांच और रख-रखाव के अभाव की स्थितियां भी हो सकती हैं। विशेषज्ञों द्वारा की गई विस्तृत जांच यह संकेत करते हैं कि बर्मूडा त्रिकोण का रहस्य किसी नए भौतिक नियम या अज्ञात शक्ति का प्रमाण नहीं देता।

# आत्मरक्षा के लिए मौत का स्वांग

**भेड़िया सांप (लाइकोडॉन औलिकस) कोल्यूब्रिडी कुल का सदस्य है। इसका नाम संभवत: इसके दांतों के कारण पड़ा है। यह सांप अपने आसपास खतरा होने पर शरीर को कुंडलित कर लेता है और मरे समान हो जाता है। इस स्थिति में हिलाने-डुलाने पर भी यह कोई विरोध या हरकत नहीं करता।**

जीवों में अपनी सुरक्षा के लिए कई प्रकार के व्यवहार देखे जाते हैं। यह परिस्थिति और खतरे के प्रकार पर निर्भर करता है कि किस प्रकार का व्यवहार अपनाना उन्हें अपने प्रतिद्वंदी से सुरक्षा दे सकता है। कई बार सुरक्षा के लिए नकलपट्टी का सहारा लिया जाता है जिसमें जीव किसी अन्य जीव, पत्ती, पेड़ की छाल या लकड़ी जैसा रूप धर लेते हैं। या कुछ जीवों में यह व्यवहार सुरक्षात्मक आवरण के रूप में हो सकता हैय वे अपने शरीर को एक आवरण या खोल से ढंक लेते हैं, जैसे तितलियां ककून बनाकर।

वहीं, कुछ जीवों द्वारा अपने शरीर से कुछ ऐसे रसायनों का स्राव किया जाता है, जो उनके परिवेश में घुल-मिल जाएं और शिकारी जीवों से उनकी रक्षा हो सके, लेकिन कभी-कभी सुरक्षा से ज्यादा प्रतिद्वंद्वी को चेतावनी देना भी एक कारगर तरीका हो सकता है। इसमें मुख्यत: अपने प्रतिद्वंदी से अपने क्षेत्र की रक्षा करना या अपने आप को अधिक शक्तिशाली दिखाना हो सकता है। मौत का स्वांग करना भी रक्षात्मक व्यवहार का एक रूप है, जिसमें कोई जीव मृत अवस्था की तरह जड़ हो जाता है ताकि शिकारी को चकमा देकर उससे बचा जा सके। मृत्यु का स्वांग की यह रणनीति जंतुओं के विभिन्न समूहों में देखी गई है, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, मछलियां शामिल हैं। खरगोशों, सरीसृप, उभयचर और आर्थोपोड में यह व्यवहार थेनेटोसिस लंबे समय से ज्ञात है। कुछ भारतीय सांपों, जैसे लाइकोडॉन औलिकस, जेनोक्रोफिस पिस्केटर, कोलोग्नाथस रेडियाटस और लाइकोडॉन कैपुसिनस में भी मृत होने का व्यवहार देखा गया है।



खतरा होने पर मरने का स्वांग करना एक अच्छा सुरक्षा उपाय हो सकता है, लेकिन कई मामलों में यह भी देखा गया है कि शिकार होने वाले जीवों के अलावा शिकारी जीव भी इस रणनीति को अपनाते हैं ताकि अपना शिकार आसानी से पकड़ सकें। हाल के वर्षों में कुछ सांपो में यह व्यवहार देखा गया है।

भेड़िया सांप (लाइकोडॉन औलिकस) कोल्यूब्रिडी कुल का सदस्य है। इसका नाम संभवत: इसके दांतों के कारण पड़ा है। यह सांप अपने आसपास खतरा होने पर शरीर को कुंडलित कर लेता है और मरे समान हो जाता है। इस स्थिति में हिलाने-डुलाने पर भी यह कोई विरोध या हरकत नहीं करता।

एक अध्ययन के दौरान जब यह देखने की कोशिश की गई कि मृत समान जड़ स्थिति में यदि इसे अकेला छोड़ दिया जाए तो वह कितने समय तक जड़ बना रहता है। देखा गया कि वह अपने इस व्यवहार में पहले परिवेश को भांपता है। यदि परिस्थिति सामान्य होते दिखती है तो लगभग दो से तीन मिनट बाद वह अपने सिर को मूल स्थिति में वापस ले आता है और जीवित दिखने लगता है। यह सांप शिकारी जीवों या मनुष्यों से सामना होने पर तो यह रणनीति अपनाता ही है, जिसमें शिकारी इसे मरा हुआ समझकर छोड़ देता है, लेकिन कई बार भेड़िया सांप ऐसा करके शिकार को धोखे से पकड़ने का काम भी करता है। मरा जानकर शिकार इसके पास आ सकते हैं, और ऐसे में शिकार को पकड़ने में कम मेहनत और ऊर्जा खर्च होती है।

...मनोहर पवार
(स्रोत फीचर्स)

# जीते जी और मौत के बाद भी जीवन बांटने का संकल्प

**वर्ल्ड ऑर्गन डोनेशन डे पर विशेष**



श्वेता गोयल

अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने, अंगदाताओं और लाभार्थियों को सम्मानित करने तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को अंगदाता के रूप में पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 13 अगस्त को 'विश्व अंगदान दिवस' मनाया जाता है। अंगदान करना किसी को नया जीवन देने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक माना जाता है। यह दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों में अंगदान की आवश्यकता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ लोगों को मृत्यु के बाद अंगदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

विश्व अंगदान दिवस की शुरुआत 1954 में प्रथम सफल अंग प्रत्यारोपण के सम्मान में तथा अंगदान के जीवनरक्षक प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी। माना जाता है कि दुनिया में पहली बार अंगदान वर्ष 1954 में किया गया था। उस समय रोनाल्ड ली हेरिक ने अपने भाई को अपनी एक किडनी दान कर उसे नया जीवनदान दिया था। वहीं, डा. जोसेफ मरे ने पहली बार किडनी ट्रांसप्लांट किया था। इस मानवीय कार्य हेतु वर्ष 1990 में डा. जोसेफ मरे को फिजियोलॉजी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

अंगदान ऐसे व्यक्ति को अंग के रूप में दिया जाने वाला अनमोल जीवनदाई उपहार है, जिसके किसी अंग की बीमारी अंतिम अवस्था में हो और जिसे ट्रांसप्लांट (प्रत्यारोपण) की जरूरत हो। जो व्यक्ति अपना अंगदान करता है, उसे ऑर्गन डोनर कहा जाता है जबकि अंग पाने वाले व्यक्ति को रेसिपिएंट कहा जाता है। अधिकांश मामलों में अंगदान रेसिपिएंट की जान बचाने में अहम भूमिका निभाता है। यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह समुदायों को अंग दाताओं की तत्काल आवश्यकता के बारे में शिक्षित करने के साथ दान प्रक्रिया के बारे में मिथकों और गलत धारणाओं को दूर करता है, जीवन बचाने के लिए अंग दाताओं की महत्वपूर्ण आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है और विश्व में अंगों की कमी के जवाब में अंगदान को एक संस्कृति के रूप में प्रोत्साहित करता है। यह एक ऐसी वैश्विक पहल है, जो जीवन बचाने, समझ को बढ़ावा देने और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए समर्पित है, जहां अंगदान के माध्यम से सार्वभौमिक रूप से जीवन का उपहार अपनाया जाता है। दरअसल मृत्यु उपरांत व्यक्ति के स्वस्थ अंगों से कई लोगों को अभयदान प्राप्त होता है।

अंगदानकर्ता किसी भी उम्र और पृष्ठभूमि के व्यक्ति हो सकते हैं। हालांकि अंगदान करने की पात्रता मृत्यु के समय या कुछ मामलों में किडनी अथवा आंशिक लीवर जैसे विशिष्ट अंगों के लिए जीवित रहते हुए निर्धारित की जाती है। अंग दाता बनने के लिए कोई भी व्यक्ति अपने राज्य अथवा राष्ट्रीय अंग दाता रजिस्ट्री के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करा सकता है, अपने ड्राइविंग लाइसेंस पर अपनी इच्छा दर्शा सकता है या अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने निर्णय पर



चर्चा कर सकता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उसकी इच्छाओं को जानकर उनका सम्मान किया जाए। आंख और टिश्यू की मदद से एक अंग दाता करीब 7 लोगों की जान बचा सकता है। इस प्रक्रिया के लिए अंग दाता को जीते जी अंगदान की साइट पर रजिस्टर करना होता है ताकि मृत्यु के बाद परिवारजन उसके अंगों और ऊतकों को दान करने की सहमति दे सकें। डोनर से रेसिपिएंट में मानव के कई अंगों और ऊतकों का प्रत्यारोपण किया जा सकता है, जिनमें लिवर, किडनी, पैंक्रियाज, दिल, फेफड़ा, आंत, कॉर्निया, बोन मैरो और स्किन, यूट्रस, बोन, मसल्स, नर्व्स और कनेक्टिव टिश्यूज जैसे वैस्कुलराइज्ड कम्पोजिट एलोग्राफ्ट्स आदि शामिल हैं।

वैसे अंगदान को दो महत्वपूर्ण प्रकारों में विभाजित किया गया है, जीवित दाता और शव दाता। शव दानकर्ता गुर्दे, जिगर, फेफड़े, दिल, अग्नाशय, आंत, हाथ और चेहरा दान दे सकते हैं जबकि जीवित दाता अपना एक गुर्दा, एक फेफड़ा, यकृत का एक भाग, अग्नाशय का एक हिस्सा, आंत का एक हिस्सा, कॉर्निया दे सकते हैं। जब कोई जीवित व्यक्ति अपना कोई अंग या अंग का कोई हिस्सा दान करता है तो उसे जीवित दान कहा जाता है। जीवित दान के सबसे आम उदाहरणों में किडनी दान, लिवर दान, रक्त दान आदि शामिल हैं। कोई व्यक्ति अंगदान तभी कर सकता है, जब वह चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ हो और उसका रक्त समूह तथा ऊतक उस व्यक्ति से मेल खाते हों, जिसे प्रत्यारोपण की आवश्यकता है। दूसरी ओर, जब किसी व्यक्ति के अंगों को उसकी मृत्यु के बाद दान किया जाता है तो इसे शव या रोगग्रस्त दान कहा जाता है। ऐसे मामलों में अंगों को जल्द से जल्द निकाल दिया जाना चाहिए।

जो व्यक्ति अपनी मृत्यु के बाद अंगदान करना चाहता है, उसे अंगदान के लिए पंजीकरण कराना होता है। किसी अंग दाता की मृत्यु कैसे होती है, यह भी यह तय करने में एक महत्वपूर्ण कारक है कि उसके कौन से अंगदान किए जा सकते हैं। डॉक्टरों के अनुसार मस्तिष्क मृत्यु की स्थिति में हृदय, फेफड़े, अग्नाशय, गुर्दा, यकृत इत्यादि सभी महत्वपूर्ण अंगों का दान किया जा सकता है। प्राकृतिक मृत्यु की स्थिति में कॉर्निया, अस्थि मज्जा, हृदय वाल्व आदि केवल ऊतक दान ही संभव है क्योंकि मृत्यु के बाद ऑक्सीजन की आपूर्ति की कमी के कारण महत्वपूर्ण अंग मर जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक किसी व्यक्ति के ऊतक दान की शुरुआत उसकी मृत्यु के 24 घंटे के भीतर हो जानी चाहिए। दान किए गए अंगों के विपरीत, दान किए गए ऊतकों को तैयार करके लंबे समय तक रखा जा सकता है। 18 वर्ष से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति अपना अंगदान करके जीवित अंग दाता बन सकता है।

दान किए गए अंग किसी व्यक्ति का जीवन बचा सकते हैं। हालांकि ट्रांसप्लांटेशन तभी संभव है, जब कोई व्यक्ति अपना ऑर्गन किसी को डोनेट करेगा। जब आप अपने शरीर के किसी अंग का दान करते हैं तो उसे पाने वाले को लंबा जीवन जीने में मदद मिलती है। रक्त और प्लेटलेट्स का दान तो कोई भी स्वस्थ व्यक्ति कर सकता है। एक स्वस्थ व्यक्ति प्रति वर्ष अधिकतम 6 बार रक्तदान कर सकता है और साल में 24 बार तक प्लेटलेट्स दान कर सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## मस्क ने दी एप्पल को चेतावनी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी कारोबारी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने दिग्गज टेक कंपनी एप्पल पर बाजार प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। यह मामला एक्सएआई के स्वामित्व वाले चैटबोट ग्रोक से जुड़ा है। एक्स पर उपलब्ध फीचर ग्रोक एक एआई एसिस्टेंट है जो उपयोगकर्ताओं के प्रश्नों के उत्तर दे सकता है, टेक्स्ट तथा तस्वीरें जेनरेट करने में सक्षम है और संवाद भी कर सकता है। मस्क ने एक्स पर पोस्ट की एक सीरीज में ग्रोक की रैंकिंग को लेकर बाजार प्रतिस्पर्धा कानूनों के उल्लंघन के लिए एप्पल की आलोचना की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि एप्पल इस तरह से काम कर रहा है कि ऐप स्टोर पर ओपन एआई के अलावा किसी दूसरी एआई कंपनी का शीर्ष पर पहुंचना असंभव हो जाता है। यह स्पष्ट रूप से बाजार प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन है। उन्होंने चेतावनी दी है कि वह तत्काल कानूनी कार्रवाई करेंगे। मस्क का यह पोस्ट हाल ही में बाजार में पेश जीपीटी-5 के प्रति उनकी असहजता भी दर्शाता है।

# पाक ने भारतीय राजनयिकों के घरों की गैस सप्लाई रोकी

### रिपोर्ट के मुताबिक मिनरल वॉटर और न्यूज पेपर भी बंद किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों के घरों में गैस सप्लाई बंद कर दी है। इसके अलावा स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद ने मिनरल वाटर और न्यूज पेपर की सप्लाई भी रोक दी है। पाकिस्तान ने यह फैसला भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई के तौर पर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा है। इसके तहत पाकिस्तान बदले की छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर रहा है। जवाबी कदम के तौर पर भारत ने भी दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद भी



#### ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई, लोकल वेंडर्स को गैस सिलेंडर न देने के निर्देश

पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय राजनयिकों को इसी तरह परेशान किया था। उस समय, भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसा. रिया, उप उच्चायुक्त जेपी सिंह और नौसेना सलाहकार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को इस तरह के व्यवहार का सामना करना पड़ा था। इन घटनाओं में लगातार पीछा करना,

#### यह कदम पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा: रिपोर्ट

सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ करना और फर्जी फोन कॉल करना जैसी हरकतें शामिल थीं। इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों को परेशान करने की 19 घटनाएं हुईं। राजनयिकों के उत्पीड़न में इस बढ़ोतरी के बाद भारतीय उच्चायोग ने यह मुद्दा पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के सामने उठाया था। गौर करने वाली बात यह है कि 2018 में भी दोनों देशों में ऐसे मामले हुए थे, जिसके बाद दोनों ने 1961 के 'वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस' का पालन करने का वादा किया था। पाकिस्तान के गैस, पानी और अखबार रोकने का फैसला वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस (1961) का उल्लंघन है। कन्वेंशन के आर्टिकल 25 के मुताबिक मेजबान देश को डिप्लोमैटिक मिशन के सुचारू काम के लिए सभी सुविधाएं देनी होती हैं। पाकिस्तान ने जानबूझकर ये बुनियादी सप्लाई रोककर मिशन के काम और राजनयिकों की रोजमर्रा की जिंदगी में रुकावट डाली। कन्वेंशन का मकसद है कि डिप्लोमैट बिना भय और हस्तक्षेप के काम कर सकें। पाकिस्तान की ये हरकतें सीधे तौर पर दबाव का माहौल बनाने की कोशिश है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौता स्थगित कर दिया था।



प्रयागराज। स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के लिए राष्ट्रीय ध्वज खरीदता युवक।

## अमेरिका ने बीएलए को आतंकी संगठन घोषित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसके सहयोगी संगठन मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन (एफएफटीओ) घोषित किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार देर रात इसकी जानकारी दी। मार्को रुबियो ने बयान में लिखा, बीएलए ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथारिटी काम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी। मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की भी जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी

#### कहा: बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान में कई हमलों की जिम्मेदारी ली, मुनीर के यूएस दौरे के बीच ऐलान

नोटिफिकेशन। इसमें बताया गया है कि बीएलए पर कार्रवाई इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट की धारा 219 और एग्जीक्यूटिव आर्डर 13224 के तहत की गई है। अमेरिका की ओर से यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर अमेरिका दौरे पर हैं। पाकिस्तानी अखबार डान की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमेरिका यात्रा है।

## भारत पर टैरिफ रूस के लिए झटका: ट्रम्प

### अमेरिकी राष्ट्रपति इस हफ्ते पुतिन से मिलेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर लगाए गए एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ को मास्को के लिए झटका बताया है। व्हाइट हाउस से बयान देते हुए ट्रम्प ने कहा कि अमे. रिका जब रूस से तेल खरीदने वाले उसके सबसे बड़े (चीन) या दूसरे सबसे बड़े (भारत) तेल खरीदार पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कहता है, तो यह रूस के लिए बड़ा झटका है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिकी टैरिफ ने रूस की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है। ट्रम्प यूक्रेन में सीजफायर के मुद्दे पर इस हफ्ते पुतिन से मुलाकात करने वाले हैं। इस पर उन्होंने कहा हम पुतिन से मुलाकात करेंगे, और बैठक के पहले दो मिनट में ही मुझे पता चल जाएगा कि सौदा हो सकता है या नहीं। पुतिन से मुलाकात से



#### कहा: डील होगी या नहीं 2 मिनट में पता चल जाएगा

पहले जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से बात करेंगे ट्रम्प ने कहा है कि वे पुतिन से मिलने से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, मैं यूरा. पीय नेताओं से बात करूंगा, जेलेंस्की से भी चर्चा होगी। सबकी राय लेकर मैं पुतिन से मुलाकात में पूरी तैयारी के साथ जाऊंगा और देखेंगे क्या होता है।

#### अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने की तैयारी में भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारतीय स्टील, एल्युमिनियम और कई प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत टैरिफ (इम्पोर्ट डयूटी) लगाया है। एक रिपोर्ट के मुता. बिक, अब इसके जवाब में भारत भी चुनिंदा अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। अगर ऐसा होता है, तो यह अमे. रिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ पर भारत का पहला औपचारिक पलटवार होगा। ट्रम्प ने 31 जुलाई को सभी भारतीय प्रोडक्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। इसके बाद फिर 6 अगस्त को रूस से आयल इम्पोर्ट को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत का एक्स्ट्रा टैरिफ लगा दिया था।

## बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित किया जाए: कनाडाई सांसद

**ओटावा।** कनाडाई सांसद फ्रैंक कैपुटो ने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और उनकी लिबरल पार्टी से लारेंस बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की है। कैपुटो ने कहा: यह गैंग समुदायों को डरा रहा है। अब समय है कि सरकार कार्रवाई करे। कैपुटो पब्लिक सेफ्टी मिनिस्टर हैं, उन्होंने अपने सहयोगी मंत्री गैरी आनंदसंगरी को पत्र लिखकर बताया कि बिश्नोई का आपराधिक साम्राज्य हत्याएं, और अवैध गति. विधियां करता है। उन्होंने कहा कि यह गैंग राजनीतिक, धार्मिक और वैचारिक कारणों से हिंसा फैलाता है। कैपुटो ने अपने पत्र में लिखा कि बिश्नोई गैंग की गतिविधियां इसे आतंकी संगठन घोषित करने का आधार देती हैं। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि इसे आतंकी संगठन की सूची में डालें ताकि पुलिस और सरकार को इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए जरूरी संसाधन मिल सकें।

## गाजा में नरसंहार पर भारत सरकार खामोश: प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को गाजा में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की और इजरायल पर 'नरसंहार' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इजरायल ने गाजा में 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है, जिनमें 18430 बच्चे शामिल हैं। उन्होंने भारत सरकार पर आरोप लगाया कि वह फलस्तीनी लोगों की पीड़ा पर चुप है, जबकि इजरायल नागरिकों पर तबाही बरपा रहा है। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने प्रियंका गांधी के सवालों के जवाब में कहा कि यह गलत बयान है। वहां आम

#### कांग्रेस नेता ने कहा: इजरायल ने 60 हजार लोगों को मारा

लोगों के मौत की वजह हमास है। वायनाड सांसद प्रियंका ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि गाजा में सैकड़ों लोगों की मौत भूख से हुई है और लाखों लोग भुखमरी के खतरे में हैं। उन्होंने गाजा में अल जजीरा के 5 पत्रकारों की टारगेट किलिंग को 'जघन्य अपराध' बताया। एक अन्य पोस्ट में प्रियंका ने लिखा कि चुप्पी के जरिए ऐसे अपराधों को बढ़ावा देना भी अपराध है। उन्होंने भारत सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह शर्मनाक है कि वह तब भी चुप है जब इजरायल फलस्तीन के लोगों पर कहर बरपा रहा है।

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




## आसिम मुनीर सूट पहनने वाला लादेन: माइकल रुबिन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को सूट पहनने वाला ओसामा बिन लादेन बताया है।

उन्होंने कहा कि मुनीर के परमाणु धमकी वाले हालिया बयान से पाकिस्तान गुंडा राज्य जैसा व्यवहार कर रहा है। आसिम मुनीर ने पिछले हफ्ते अमेरिका के टेम्पा शहर में अमेरिकी सैन्य अधिकारियों से मुलाकात के दौरान कहा था कि पाकिस्तान एक न्यूक्लियर स्टेट है, पाकिस्तान डूबा तो आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। रुबिन ने इस बयान की तुलना आतंकी संगठन आईएसआईएस और ओसामा बिन लादेन के खतरनाक बयानों से की। रुबिन ने अमेरिकी सरकार से पाकिस्तान से प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी

#### मुनीर के परमाणु धमकी वाले बयान से पाक गुंडा राज्य जैसा व्यवहार कर रहा: पेंटागन के पूर्व अधिकारी

का दर्जा तुरंत छीन लेने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान को आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला देश घोषित करने पर विचार करना चाहिए। नाटो देशों के अलावा जिन देशों के साथ अमेरिका के अमेरिका के रक्षा संबंध हैं। उन्हें वह प्रमुख प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा देता है। रुबिन ने आसिम मुनीर को 'पर्सोना नान ग्राटा' घोषित कर अमे. रिका का वीजा देने पर पाबंदी लगाने की मांग की है। रुबिन ने यह भी कहा कि जब मुनीर ने ये बयान दिया, तो उसी वक्त उन्हें मीटिंग से बाहर निकालकर टेम्पा एयरपोर्ट भेजकर देश से बाहर कर देना चाहिए था।

